राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 77, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली मंगलवार 03 अक्टूबर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

सार्वजनिक परिवहन सुविधाएं होंगी मजबूत, एक जगह से मिलेंगी सभी सेवाएं

.... पेज 03

बाढ़ प्रभावित जिलों में नहीं सोया कोई भूखा, बांटे गये साढ़े चार लाख लंच पैकेट

.... पेज 05

ब्रिटेन में खालिस्तान का विरोध करने वाले सिखों पर हमले, कार पर चलाई गोलियां

.... पेज 07

**भेंट**



माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से सोमवार को जनपद गोरखपुर में भजन गायक अनूप जलोटा जी भेंट करते हुए।

## जातीय गणना के आंकड़े जारी करने वाला बिहार पहला राज्य

### 36 प्रतिशत अत्यंत पिछड़ा वर्ग, ओबीसी 27 प्रतिशत; यादव 14 प्रतिशत, ब्राह्मण-ठाकुर 3-3 प्रतिशत सबसे कम कायस्थ 0.60 प्रतिशत

एजेंसी

पटना। बिहार सरकार ने सोमवार को जातीय गणना के आंकड़े जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही बिहार जातीय गणना के आंकड़े जारी करने वाला पहला राज्य बन गया है। इसमें अत्यंत पिछड़ा वर्ग 36 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) 27 प्रतिशत हैं। सबसे ज्यादा 14.26 प्रतिशत यादव हैं। ब्राह्मण 3.65 प्रतिशत, राजपूत (ठाकुर) 3.45 प्रतिशत हैं। सबसे कम संख्या 0.60 प्रतिशत कायस्थों की है। सीएम नीतीश कुमार ने सोमवार को



जारी की गई जातीय गणना रिपोर्ट का विवरण साझा करने के लिए मंगलवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। उन्होंने राज्य की नौ पार्टियों से इस बैठक में हिस्सा लेने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि सरकार जातीय गणना और सर्वेक्षण की विस्तृत जानकारी देगी। बिहार सरकार के प्रभारी मुख्य सचिव विवेक कुमार सिंह ने जातीय गणना पर एक किताब जारी की है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनसंख्या 13 करोड़ 7 लाख 25 हजार 310 है। इसमें 2 करोड़ 83 लाख 44 हजार 160 परिवार हैं। अनुसूचित जाति 19.65 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति 1.68 प्रतिशत और सामान्य वर्ग 15.52 प्रतिशत है।

बिहार की आबादी में करीब 82 फीसदी हिंदू और 17.7 फीसदी मुसलमान हैं। बिहार में 2011 से 2022 के बीच हिंदुओं की आबादी घटी है। 2011 की जनगणना के अनुसार हिंदू आबादी 82.7 प्रतिशत और मुस्लिम आबादी 16.9 प्रतिशत थी।

बिहार की आबादी में सबसे ज्यादा अत्यंत पिछड़ा वर्ग 36 प्रतिशत है। उन्हें नौकरी में मौजूदा आरक्षण 18 प्रतिशत दिया जा रहा है। 27 प्रतिशत ओबीसी के लिए 12 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। मौजूदा समय में बिहार में ईबीसी और ओबीसी को मिलाकर 30प्रतिशत के रिजर्वेशन का प्रावधान है। इसमें 18 प्रतिशत ईबीसी को और 12 प्रतिशत ओबीसी को आरक्षण मिल रहा है। जबकि जाति आधारित गणना के मुताबिक इनकी संख्या बढ़कर 63 प्रतिशत हो गई है।

# देवरिया में एक हत्या के बाद 5 मर्डर

### 14 हिरासत में : दरवाजा तोड़कर पति, पत्नी, दो बेटियों और बेटे का गला काटा, गोली मारी

देवरिया। देवरिया में दिल दहलाने वाली वारदात हुई है। यहां जमीनी विवाद में पूर्व जिला पंचायत सदस्य की हत्या के बाद एक ही परिवार के 5 लोगों की हत्या कर दी गई। दूसरे परिवार में पति-पत्नी, दो बेटियों और बेटे का गला काटा गया, गोली मारी गई, ईंट से सिर कूंच दिए। हमलावर इतने बेरहम हो चुके थे कि उन्होंने 8 साल के बच्चे तक को नहीं छोड़ा। उस बच्चे पर कई वार किए और उसे मरा समझकर छोड़ गए।

हालांकि, उसकी सांसें चलती रहीं, उसे गंभीर हालत में गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में एडमिट कराया गया है। जिस घर में यह वारदात हुई वहां नरसंहार जैसे हालात दिखाई दिए। हर तरफ खून ही खून और लाशें नजर आ रही थीं। घटना सोमवार सुबह रुद्रपुर तहसील के फतेहपुर गांव की है। इस जघन्य हत्याकांड को पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेम यादव की हत्या के बाद अंजाम दिया गया।

पूरा मामला दो परिवार प्रेम यादव और सत्य प्रकाश दुबे से जुड़ा हुआ है। दो जातियों का होने के चलते गांव और आसपास जबरदस्त तनाव है। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए सीएम





योगी ने लखनऊ से प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और स्पेशल डीजी प्रशांत कुमार को मौके पर भेजा है।

### घटनास्थल पर पहुंचे दोनों अफसर, अफसरों से पूछताछ की

दोनों अफसर मौके पर पहुंच गए हैं। संजय प्रसाद ने कहा है कि इस मामले में अफसरों की लापरवाही की जांच की जा रही है। किसी को भी बक्शा नहीं जाएगा। जो भी जिम्मेदार होगा। उस पर एक्शन लिया जाएगा। वहीं, प्रशांत कुमार ने बताया कि 14 लोग हिरासत में लिए गए हैं। उनसे पूछताछ की जा रही है। सीएम योगी खुद गोरखपुर में हैं। वह पल-पल की रिपोर्ट ले रहे हैं।

### सुबह सत्य प्रकाश दुबे के घर के पास मिला पूर्व पंचायत सदस्य का शव

दरअसल, हुआ यूं कि सोमवार सुबह 6 बजे प्रेम यादव का शव गली में पड़ा मिला। उनकी गला काटकर हत्या की गई थी। हत्या किसने की यह स्पष्ट नहीं था। लेकिन, यादव परिवार का शक सत्य प्रकाश दुबे पर गया। इसकी वजह थी कि प्रेम यादव और सत्य प्रकाश दुबे के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। प्रेम यादव सुबह इसी विवाद के चलते सत्य प्रकाश के घर गए हुए थे। उसके बाद सत्य प्रकाश दुबे के घर से करीब 20 मीटर दूर प्रेम यादव का शव पड़ा मिला।

### सत्य प्रकाश के घर का दरवाजा तोड़कर घर में घुसे हमलावर

प्रेम यादव की लाश मिलने के बाद उनके परिजन-रिश्तेदार आग-बबूला हो गए। 20-25 की संख्या में यादव कुनबे के लोग हाथ में लाठी-बंदूक और गड़ासा लेकर सत्य प्रकाश के घर पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, गुस्साई भीड़ को आता देखकर सत्य प्रकाश ने घर का दरवाजा बंद कर लिया।

बदले की आग में गुस्साए परिजन दरवाजा तोड़कर सत्य प्रकाश के घर में घुस गए। इसके बाद जो सामने आता गया उस पर वार शुरू कर दिए। हमलावर एक-एक की हत्या करते जा रहे थे। सत्य प्रकाश के घर पर जब हमला हुआ उस वक्त 6 लोग थे। हमलावरों ने पूरे परिवार को मार दिया। सिर्फ 8 साल का बच्चा अनमोल जिंदा बचा है। उसकी हालत गंभीर है।

### 6 हत्याओं की इस रंजिश का कारण एक खेत

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, दोनों परिवार के बीच यह विवाद 7 साल से चला आ रहा है। फतेहपुर गांव का रहने वाले प्रेम यादव राजनीति में सक्रिय होने के साथ जमीन खरीद फरोख्त का काम भी करता था। उन्होंने गांव में भी कई लोगों के खेत खरीदे हैं। सत्य प्रकाश दुबे का एक भाई साधु दुबे है।

# दिल्ली में मोस्ट वॉन्टेड आतंकवादी गिरफ्तार

### आईएसआईएस मॉड्यूल से जुड़े होने का शक; नॉर्थ-इंडिया में हमले की प्लानिंग कर रहा था



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने मोस्ट वॉन्टेड आतंकी शाहनवाज उर्फ शफी उज्जामा को गिरफ्तार किया है। उसके साथ दो और आतंकी भी गिरफ्तार किए गए हैं। दिल्ली पुलिस ने सोमवार सुबह इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शाहनवाज के आईएसआईएस मॉड्यूल यानी इस्लामिक स्टेट से जुड़े होने का शक है। वह उत्तर भारत में आतंकी घटनाओं को अंजाम देने की योजना बना रहा था।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने साउथ-ईस्ट दिल्ली से रविवार रात शाहनवाज को गिरफ्तार किया था। उसके पास से केमिकल पदार्थ और आईईडी बनाने में इस्तेमाल होने वाला मटेरियल मिला था। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। शाहनवाज पुणे पुलिस की कस्टडी से फरार हुआ था और दिल्ली में रह रहा था। उसके ऊपर 3 लाख रुपए का इनाम था।

### विदेशी हैंडलर्स से निर्देश लेकर आतंकी हमलों की साजिश रच रहा था

पुलिस ने बताया कि शाहनवाज पेशे से इंजीनियर है। वह दिल्ली का ही रहने वाला है, लेकिन पुणे आईएसआईएस केस में शामिल होने के शक में उसे पुणे पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वहां से फरार होकर वह दिल्ली में छिपकर रह रहा था।

यहां रहकर वह विदेशी हैंडलर्स से निर्देश ले रहा था और नॉर्थ इंडिया में आतंकी हमलों की प्लानिंग कर रहा था।

### क्या है पुणे आईएसआईएस मॉड्यूल केस?

इस साल 18 जुलाई को पुणे में टू-व्हीलर चुराने के मामले में पुणे पुलिस ने शाहनवाज और मध्यप्रदेश के दो लोगों- मोहम्मद इमरान खान और मोहम्मद साकी को गिरफ्तार किया था। जब पुलिस पूछताछ के लिए उन्हें उनके ठिकाने पर ले जा रही थी, तो शाहनवाज पुलिस की गाड़ी से कूदकर फरार हो गया। मोहम्मद इमरान खान और मोहम्मद साकी से पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि दोनों सुफा टेररिस्ट गैंग का हिस्सा हैं। अप्रैल 2022 में राजस्थान में एक कार में विस्फोटक मिलने के मामले में वहां की पुलिस उन्हें ढूंढ रही है। तब पुलिस ने इस मामले को पुणे आईएसआईएस मॉड्यूल केस नाम दिया। इस केस में पुलिस ने तीन और आतंकियों को मोस्ट वॉन्टेड लिस्ट में रखा था। इनके नाम हैं- पुणे का तल्हा लियाकत खान और दिल्ली के रिजवान अब्दुल हाजी अली और अब्दुल्ला फैयाज शेख।

# मध्यप्रदेश को देश के प्रथम तीन शीर्ष राज्यों में लायेंगे : मोदी

ग्वालियर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि स्वच्छता में मध्यप्रदेश नंबर एक है। मध्यप्रदेश को विकास के क्षेत्र में भी टॉप पर लाने की गारंटी से अवगत कराते हुए यह बताना जरूरी है कि मध्यप्रदेश इस समय देश के 10 टॉप राज्यों में शामिल है। इसे प्रथम तीन शीर्ष राज्यों में लाएंगे।

मोदी आज ग्वालियर के मेला ग्राउण्ड में जन सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मध्यप्रदेश को 19 हजार करोड़ लागत के अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक



अधोसंरचना और अच्छी कानून व्यवस्था से प्रत्येक क्षेत्र में विकास आसान हो जाता है। किसान हों या कारोबारी या फिर साधारण नागरिक सभी फलते-फूलते हैं। एक समय था जब मध्यप्रदेश विशेषकर ग्वालियर-चंबल अंचल क्राइम और करप्शन का शिकार था। लेकिन अब यहां जीवन सुगम हो रहा है। समृद्धि का मार्ग आसान हुआ है। सामाजिक क्षेत्र में भी अन्याय और अत्याचार के स्थान पर विकास की ललक देखने को मिल रही है। सरकार ने सामाजिक न्याय के साथ लोगों की समस्याओं को हल करने और उनकी सुनवाई के माध्यम मजबूत बनाए हैं। आज के युवाओं ने दुरावस्था का वह समय नहीं देखा, प्रगतिशील मध्यप्रदेश ही देखा है। ग्वालियर अंचल में अनेक कार्यों के साथ ही प्रदेश के विभिन्न स्थानों को 19 हजार करोड़ की सौगातें मिली हैं।

## मोदी ने ग्वालियर-सुमावली रेलगाड़ी को दिखाई हरी झंडी

ग्वालियर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेला मैदान पर आयोजित हुए भव्य कार्यक्रम से नव स्थापित ग्वालियर-सुमावली रेल मार्ग का वर्चुअल शुभारंभ कर रेलगाड़ी को हरी झण्डी दिखाकर मेमू रेलगाड़ी को ग्वालियर रेलवे स्टेशन से सुमावली के लिये रवाना किया। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर मेमू ट्रेन में बैठे और आम यात्रियों व जनप्रतिनिधियों के साथ सुमावली रेलवे स्टेशन पहुँचे। ग्वालियर सुमावली रेलमार्ग के बीच स्थित बिरला नगर, रायरू, बामोर गाँव व अम्बकेश्वर स्टेशन पर स्थानीय निवासियों ने हर्षोल्लास व उमंग के साथ मेमू ट्रेन का भव्य स्वागत किया।

# गरीबी से तंग आकर तीन बेटियों की हत्या की

### पांच बच्चों के माता-पिता ने मोहल्ले में अफवाह फैला दी कि बच्चियों को अगवा कर लिया गया है

जालंधर (पंजाब) ।पंजाब के जालंधर में गरीबी से तंग माता-पिता ने तीन बच्चियों को दूध में जहरीला पदार्थ खिलाकर हत्या कर दी। घटना जालंधर देहात के थाना मकसूदां के गांव कानपुर की है, जहां रविवार देर रात पांच बच्चों के माता-पिता ने मोहल्ले में अफवाह फैला दी कि बच्चियों को अगवा कर लिया गया है। इसकी उन्होंने थाने में शिकायत भी दी। देर रात तक बच्चियों को ढूंढने के बाद कोई पता नहीं चला। इसके बाद मकान मालिक सुरिंदर सिंह और मोहल्ले के लोगों ने 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचना दी।

रात 11: 30 बजे थाना मकसूदां की



पुलिस पहुंची और जांच के बाद लौट आई। मामले से पर्दा तब उठा जब दंपती ने सुबह बक्से से शव निकालकर गेट के बाहर रखे और कहना शुरू किया कि उनकी बच्चियों को कोई मारकर बक्से में डाल बाहर छोड़ गया है। इसके बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मृतक बच्चियों की पहचान अमृता कुमारी (9), साक्षी (7) और कंचन (4) के रूप में हुई है। पिता सुशील मंडल मूलरूप से बिहार का रहने वाला है।

सूचना पर घटनास्थल पर करीब सात बजे पहुंची पुलिस ने बच्चियों के शव कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल पोस्टमार्टम को भिजवाया और परिजनों को अपने साथ थाने ले गई। पुलिस ने जब सीसीटीवी कैमरे जांचे तो बच्चियां घर से बाहर जाते नहीं दिखी और न ही कोई ट्रंक रखते बाहर नजर आया। इसके बाद दंपती से पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो पता चला कि वह बच्चों का पालन-पोषण नहीं कर पा रहे थे। यही वजह है कि उन्होंने खौफनाक कदम उठाया। उन्होंने तीनों बच्चियों को जहरीला पदार्थ दूध में मिलाकर पिला दिया। बक्से से कीटनाशक की बदबू आ रही थी।

**लापरवाही**

### इसमें 12 नवजात, 7 की हालत गंभीर; ज्यादातर को सांप ने काटा था


# महाराष्ट्र के अस्पताल में एक दिन में 24 लोगो की मौत

मुंबई। महाराष्ट्र के एक सरकारी अस्पताल में पिछले 24 घंटे में 24 मरीजों की मौत हो गई। मरने वालों में 12 नवजात हैं। 7 मरीजों की हालत गंभीर है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये घटना नांदेड़ के शंकरराव चव्हाण सरकारी अस्पताल की है।

अस्पताल के डीन ने इन मौतों का कारण दवाओं और स्टाफ की संख्या में कमी को बताया है। उन्होंने बताया कि ज्यादार नवजात सांप के काटने से मरे हैं।

### 70-80 किमी के दायरे में एक सरकारी अस्पताल

अस्पताल के डीन ने बताया कि पिछले





24 घंटों में 6 लड़के और 6 लड़कियों की मौत हुई है। अस्पताल से लगातार कर्मचारियों का तबादला किया जा रहा है, ऐसे में हमारे पास स्टाफ की कमी है।

उन्होंने बताया कि हम थर्ड लेवल के देखभाल केंद्र हैं और 70 से 80 किलोमीटर के दायरे में एकमात्र सरकारी अस्पताल हैं। इसलिए दूर-दूर से मरीज हमारे पास आते हैं। कुछ दिनों में मरीजों की संख्या बढ़ जाती है और यह बजट के लिए समस्या पैदा कर देती है।

डीन ने बताया कि हमें हाफकिन नाम के एक संस्थान से दवाइयां खरीदनी थीं, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। इसलिए हमने स्थानीय स्तर पर दवाएं खरीदीं और मरीजों को मुहैया कराई।

### दवाओं की कमी से जूझ रहे कई अस्पताल

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, राज्य के कई सरकारी अस्पताल दवाओं की कमी से जूझ रहे हैं। मरीजों को समय पर दवा नहीं मिलने से उनकी जान जा रही है। कुछ रिपोर्ट में ये भी दावा किया जा रहा है कि दवा सप्लाई करने वाली कंपनी हाफकिन इंस्टीट्यूट से कई अस्पतालों ने खरीद बंद कर दी है, जिसके कारण राज्य के कई अस्पताल दवा की कमी से जूझ रहे हैं।

### सुप्रिया सुले ने संबंधित मंत्री का इस्तीफा मांगा

एनसीपी प्रमुख शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले ने इस घटना के लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने एक्स पर लिखा- नांदेड़ के एक सरकारी अस्पताल में हुई मौतें कोई संयोग नहीं है। इनकी जांच की जानी चाहिए। उन्होंने सरकार से सवाल पूछते हुए कहा कि क्या महाराष्ट्र के लोगों की जान इतनी सस्ती हो गई है। यह देरी और लापरवाही का मामला है। इस मामले में सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। राज्य के संबंधित मंत्री का इस्तीफा भी लिया जाना चाहिए।

## देश में जातिगत आंकड़ा जानना जरुरी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि जिसकी जितना आबादी है सत्ता में उसे उतनी हिस्सेदारी मिलनी चाहिए इसलिए देश में जाति आधारित गणना करना जरुरी है। गांधी ने ट्वीट किया बिहार की जातिगत जनगणना से पता चला है कि वहां ओबीसी, एससी, एसटी की आबादी 84 प्रतिशत हैं। केंद्र सरकार के 90 सचिवों में सिर्फ़ 3 ओबीसी हैं, जो भारत का मात्र 05 प्रतिशत बजट संभालते हैं। इसलिए भारत के जातिगत आंकड़े जानना ज़रुरी है। जितनी आबादी, उतना हक़ - ये हमारा प्रण है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बिहार में जाति गणना की जाने का स्वागत किया और कहा बिहार सरकार ने अभी राज्य में कराए गए जाति आधारित सर्वे के नतीजे जारी कर दिए हैं।

# तेज रफ्तार ट्रक से कुचलकर पांच लोगों की हुई मौत





एजेंसी

बुलढाणा। महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में सोमवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में एक ट्रक की चपेट में आने से पांच मजदूरों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गये। समाचार एजेंसी पीटीआई ने एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि यह हादसा उस समय हुआ जब निर्माणाधीन सर्विस रोड के किनारे अस्थायी झोपड़ियों में मजदूर सो रहे थे। इसी दौरान सड़क पर चल रहा ट्रक मजदूरों के ऊपर से गुजर गया।

### हादसे में पांच लोगों की मौत

उन्होंने कहा कि सुबह करीब साढ़े पांच बजे हुए इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य दो ने अस्पताल में ही दम तोड़ दिया। इस हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

वहीं, मजदूरों के ऊपर ट्रक चलाने वाला चालक फरार है। उन्होंने बताया कि पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

गौरवशाली भारत

2

राज्यों से

नई दिल्ली
मंगलवार 03 अक्टूबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## रौतिया समाज को जल्दी ही मिलेगा जनजाति का दर्जा : रेणुका



केंद्रीय जनजातीय मामलों की राज्यमंत्री रेणुका सिंह ने रौतिया समाज के लोगों को जल्दी ही जनजाति का दर्जा दिलाने का भरोसा दिलाया है। सिंह आज जशपुर जिले का कण्डोरा गांव में आयोजित रौतिया समाज का महासम्मेलन में पहुंची थी। इस महासम्मेलन में भाजपा के पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा सहित पड़ोसी राज्य झारखंड और ओड़िसा से भी अनेक जनप्रतिनिधि पहुंचे थे। रेणुका सिंह ने कहा कि रौतिया समाज के लोग लम्बे समय से केंद्र सरकार से रौतिया समाज को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग कर रहे हैं

# शार्ट न्यूज

## बीते अगस्त तक 65 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने माता वैष्णो देवी के दर्शन किये

**जम्मू।** वर्ष 2023 में बीते अगस्त तक 65 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने जम्मू कश्मीर में रियासी जिले की त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित विश्वप्रसिद्ध माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर में माता के दर्शन और पूजा-अर्चना किये जिनमें करीब 6900 हजार विदेशी श्रद्धालु भी शामिल हैं। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक 2022 में इसी अवधि में 60 लाख तीर्थयात्रियों ने गुफा मंदिर के दर्शन किये थे, वहीं इस साल 65,31,142 श्रद्धालुओं ने गुफा मंदिर में माता के दर्शन किये। पिछले वर्ष किसी भी विदेशी तीर्थयात्री ने गुफा मंदिर की यात्रा नहीं की थी जबकि मौजूदा वर्ष में जनवरी से मई तक ऐसे यात्रियों की संख्या कम रही लेकिन जून में 500 , जुलाई में 22 से अधिक और अगस्त के महीने में 4200 से अधिक विदेशी तीर्थयात्रियों ने गुफा मंदिर का दौरा किया। उन्होंने बताया कि 2017 में 81.78 लाख, 2018 में 85.87 लाख, 2019 में 79.40 लाख, 2020 में 17.20 लाख, 2021 में 55.88 लाख, 2022 में 91.25 लाख और 2023 में अगस्त तक 65.31 लाख श्रद्धालुओं ने गुफा मंदिर का दौरा किया।

## डिंग मंडी में पांच लोग कई लाख रुपए की जुआ राशि सहित गिरफ्तार

सिरसा। हरियाणा के सिरसा जिला की डिंग थाना पुलिस ने एक सूचना के आधार पर डिंग मंडी में छापामारी कर सार्वजनिक स्थल पर जुआ खेल रहे पांच लोगों को तीन लाख दो हजार की जुआ राशि व ताश के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों के खिलाफ डिंग थाना में जुआ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज किया गया है । विस्तृत जानकारी देते हुए डिंग थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अशोक कुमार पुत्र प्रताप सिंह निवासी गांव महराणा, राजस्थान, दीपक पुत्र ओमप्रकाश निवासी भिरडाना, जिला फतेहाबाद, वीरेंद्र पुत्र पूनम चंद निवासी मोडा खेड़ा, हिसार ,भूप सिंह पुत्र चंद्रगुप्त निवासी डिंग मंडी तथा विनोद कुमार पुत्र कृपाल सिंह निवासी जवाहर नगर मंडी आदमपुर, जिला हिसार के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि जुआ खेल रहे सभी लोगों को मौका से काबू कर उनके कब्जा से तीन लाख दो हजार रुपए की जुआ राशि व ताश बरामद कर ली गई है।

## सीएम खट्टर के पुतले की शव यात्रा निकाल फूंका

सिरसा। हरियाणा के सिरसा जिला के कस्बा नाथूसरी चोपटा में आशा वर्कर्स यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर के पुतले की पूरे बाजार में शव यात्रा निकाली। तत्पश्चात सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ताऊ देवीलाल चौक पर पुतला फूंका। इस दौरान यूनियन की प्रधान कलावती देवी ने बताया की आशा वर्कर्स यूनियन लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं लेकिन हमारी मांगों का समाधान नहीं किया जा रहा है। इसलिए राज्य की 20 हजार आशा वर्कर्स बीती आठ अगस्त से हड़ताल पर हैं। इसके साथ ही किसान यूनियन ने भी आशा वर्कर्स यूनियन को समर्थन किया है यदि समय रहते सरकार ने हमारी मांगों का समाधान नहीं किया तो हड़ताल व आन्दोलन को ओर तेज किया जाएगा। उन्होंने बताया की 2018 के बाद से आशा वर्कर्स के काम में कई गुणा बढ़ौतरी हो चुकी है परन्तु पिछले पांच साल में कोई मानदेय में बढ़ोतरी नहीं हुई है। उन्होंने मांगों का जिक्र करते हुए बताया कि आशा वर्कर्स के मानदेय में बढ़ौतरी करते हुए 26 हजार रूपए न्यूनतम वेतन दिया जाए। आशा वर्करों को पक्का कर्मचारी माना जाए।

## गाली गलौज को लेकर विवाद, युवक की हत्या

सिरस। हरियाणा में सिरसा जिला के गांव बड़ागुढ़ा में रविवार रात गाली गलौज को लेकर एक युवक की हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलने पर बड़ागुढ़ा थाना व सीआईए पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल सिरसा पहुंचाया। पुलिस ने मृतक गुरविंद्र सिंह के भाई के ब्यानो के आधार पर आरोपी मक्खन सिंह के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। मक्खन सिंह अभी तक पुलिस की पहुंच से बाहर है। पुलिस जांच अधिकारी जगपाल सिंह ने बताया कि बड़ागुढ़ा निवासी 30 वर्षीय गुरविंदर सिंह उर्फ काला ड्राइवर का कार्य करता था। जिसका गांव के युवक मक्खन सिंह के साथ विवाद चल था। जिसका मामला पुलिस तक पहुंच गया था। इसी को लेकर गुरविंदर सिंह नशे का सेवन कर अक्सर गाली-गलौज करता था। जिसके चलते बीती रात को गुरविंदर सिंह अपने घर से हाथ में कस्सी लेकर गाली-गलौज करता हुआ मक्खन सिंह के घर तक पहुंचा। मक्खन सिंह के घर के बाहर पहुंचकर गुरविंदर सिंह ने गाली-गलौज करना शुरू कर दिया।

## नीतीश ने जातीय गणना में शामिल पूरी टीम को दी बधाई, जल्द बुलाएंगे सर्वदलीय बैठक

पटना । बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जाति आधारित गणना में शामिल पूरी टीम को बधाई दी और साथ ही कहा कि वह जल्द ही उन नौ दलों की बैठक बुलाएंगे, जिनकी सहमति से यह सर्वेक्षण कराया गया । कुमार ने सोमवार को ट्वीट कर जाति आधारित गणना में शामिल पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा, जाति आधारित गणना के लिए सर्वसम्मति से विधानमंडल में प्रस्ताव पारित किया गया था। बिहार विधानसभा के सभी नौ दलों की सहमति से निर्णय लिया गया था कि राज्य सरकार अपने संसाधनों से जाति आधारित गणना कराएगी और 02-06-2022 को मंत्रिपरिषद से इसकी स्वीकृति दी गई थी । इसके आधार पर राज्य सरकार ने अपने संसाधनों से जाति आधारित गणना कराई है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि जाति आधारित गणना से न सिर्फ जातियों के बारे में पता चला है, बल्कि सभी की आर्थिक स्थिति की जानकारी भी मिली है। इसी के आधार पर सभी वर्गों के विकास एवं उत्थान के लिए अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी ।

## राष्ट्रीय स्तर पर जाति जनगणना कराने की मांग

पटना। बिहार के उप मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (दल) के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज राज्य में जाति सर्वेक्षण की रिपोर्ट जारी होने के तुरंत बाद केंद्र सरकार से राष्ट्रीय स्तर पर जाति आधारित जनगणना कराने की मांग की। यादव ने सोमवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि प्रतिबद्धता के अनुसार बिहार में महागठबंधन सरकार ने जाति आधारित सर्वेक्षण सफलतापूर्वक कराया और इसकी रिपोर्ट राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के पवित्र दिन जारी की गई। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण वैज्ञानिक तरीके से किया गया और सरकार एकत्र किए गए डेटा का उपयोग उन लोगों के लिए कल्याणकारी योजनाएं शुरू करने के उद्देश्य से करेगी, जो विकास और समृद्धि के रास्ते पर पिछड़ गए हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा, हम केंद्र से जल्द से जल्द राष्ट्रीय स्तर की जाति आधारित जनगणना कराने की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2021 में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की राष्ट्रीय स्तर पर जाति आधारित जनगणना कराये जाने की मांग को खारिज कर दिया था।

## पटेल ने की सिकल सेल टेस्टिंग मोबाइल वैन लोकार्पित

भोपाल। मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने गांधी जयंती के अवसर पर सिकल सेल टेस्टिंग मोबाइल वैन आज राजभवन में लोकार्पित की। मोबाइल टेस्टिंग वैन रेडक्रॉस की राज्य इकाई द्वारा अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान, भोपाल को प्रदान की गई है। राज्यपाल के प्रमुख सचिव डी.पी. आहूजा और उप सचिव स्वरोचिष सोमवंशी, अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान भोपाल के कार्यपालक निदेशक डॉ. अजय सिंह, रेडक्रॉस राज्य इकाई के सचिव प्रदीप त्रिपाठी एवं अन्य अधिकारी, चिकित्सक भी उपस्थित थे। पटेल ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में सिकल सेल नियंत्रण प्रयासों के लिए जनजातीय समुदाय के घर पर विज्ञान को पहुँचाने के दिशा में मोबाइल टेस्टिंग वैन प्रभावी पहल है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि मोबाइल युनिट का संचालन सिकल सेल पीड़ितों के उपचार और वाहक के पुर्नवास प्रयासों को दूरस्थ अंचल में और अधिक प्रभावी बनायेगा। मोबाइल टेस्टिंग वैन में सिकल सेल रोग उपचार और पुनर्वास के लिए आवश्यक सभी जाँचों की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।

# कर्नाटक में ईद-मिलादुन्नबी जुलूस के दौरान पत्थरबाजी

### 5 लोग घायल, शिवमोगा जिले में धारा 144 लागू; 40 गिरफ्तार

बेंगलुरु। कर्नाटक के शिवमोगा जिले में रविवार को ईद-मिलादुन्नबी के जुलूस में पत्थरबाजी की घटना हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रागीगुड्डा के पास शांति नगर इलाके में जुलूस में शामिल कुछ उपद्रवियों ने एक गुट पर पत्थर फेंके। इसके बाद दोनों गुटों के लोग सड़क पर उतर गए।

इस घटना में पांच लोग घायल हो गए। हालात पर कंट्रोल करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया, तो उस पर भी पत्थर फेंके गए। फिलहाल शहर में धारा 144 लागू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि 40 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने सोमवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि फिलहाल जिले में हालात काबू में हैं। एहतियात के तौर पर कानून एवं



व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की एक टुकड़ी को तैनात किया गया है।

### पुलिस की अपील- अफवाहों पर ध्यान न दें

शिवमोगा के एसपी मिथुन कुमार ने बताया कि हमने हालात पर कंट्रोल कर लिया है। स्थानीय लोग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फैल रही अफवाहों पर ध्यान न दें। साथ ही उन्हें बढ़ावा देने से बचें।

### टीपू सुल्तान की होर्डिंग को लेकर भाजपा ने कांग्रेस को घेरा

भाजपा विधायक अश्वथ नारायण ने शिवमोगा शहर में लगे टीपू सुल्तान के होर्डिंग की तस्वीरें अपने एक्स हैंडल पर शेयर करते हुए कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा- यह निंदनीय है कि कांग्रेस सरकार, जो कावेरी समस्या को हल करने को प्राथमिकता नहीं देती, सांप्रदायिक दंगों को बढ़ावा दे रही है। राज्य की कांग्रेस सरकार शिवमोगा में कट्टर टीपू के कटआउट और तलवार मेहराब की स्थापना की अनुमति देकर शांति के सांप्रदायिक उद्यान को समाजवादियों के लिए एक जगह में बदलने का खुलेआम समर्थन कर रही है।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ

कोटा। राजस्थान के कोटा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर 2 अक्टूबर को विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् एवं जिला प्रशासन के तत्वावधान में क्षेत्रीय खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा 5 कि.मी. सद्भावना दौड़ का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन राजकुमार सिंह ने प्रतिभागियों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उम्मेद सिंह स्टेडियम स्थित खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र से आरंभ हुई सद्भावना दौड में 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस सदभावना दौड़ मे प्रथम 3 पुरूष एवं प्रथम 3 महिला विजेता प्रतिभागियों को प्रशासन की ओर से ट्रेक सूट देकर सम्मानित किया। अनिल शिंदेव हेमलता प्रथम, अतुल कुल्हापुरे व आरती द्वितीय, अनंत तथा गरिमा तृतीय रहे। कोटा का जिला स्तरीय कार्यक्रम गांधी उद्यान चंबल गार्डन में आयोजित हुआ जहां राष्ट्रपिता को नमन कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई।

# बंगाल के सात जिलों में बाढ़ का अनुमान



कोलकाता। पश्चिम बंगाल सरकार ने सोमवार को कहा कि पड़ोसी राज्य झारखंड के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में लगातार बारिश के कारण राज्य के सात जिलों में बाढ़ का अनुमान है।

झारखंड में ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में जारी और अनुमानित भारी बारिश के कारण राज्य के सात जिलों - पश्चिम बर्धमान, बांकुरा, बीरभूम, पूर्व बर्धमान, पश्चिम मेदिनीपुर, हुगली और हावड़ा में बाढ़ का प्रबल अनुमान है।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बाढ़ सुरक्षा और प्रबंधन के लिए तत्काल एहतियाती कदम उठाने के लिए संबंधित जिलों के साथ तत्काल वर्चुअल बैठक कर सहमति बनाने का निर्देश दिया।

इसके बाद मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उक्त जिलों के जिलाधिकारियों (डीएम), सीपी/ पुलिस अधीक्षकों (एसपी) के साथ एक वर्चुअल बैठक की गई। बैठक में नबन्ना से प्रमुख सचिव, सिंचाई एवं जलमार्ग विभाग, प्रमुख सचिव, आपदा प्रबंधन विभाग और एडीजी (कानून एवं व्यवस्था) ने भाग लिया।

मुख्य सचिव ने बताया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग ने पांच अक्टूबर तक बारिश जारी रहने की भविष्यवाणी की है और कल भारी बारिश का पूर्वानुमान है।

# विपक्ष का 'विकास विरोधी, जन विरोधी' रुख निंदनीय : नवीन

भुवनेश्वर। बीजू जनता दल (बीजद) सुप्रीमो एवं ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सोमवार को विपक्ष की जनविरोधी और विकास विरोधी रूख की आलोचना की और कहा कि विपक्षी दल ओडिशा की विकास यात्रा से खुश नहीं हैं और गलत जानकारी देकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं।

पटनायक ने आज गांधी जयंती के दिन प्रदेश भर में बीजद पदयात्रा की शुरुआत करते हुए कहा कि गलत जानकारी देकर लोगों को गुमराह करना विपक्ष का एकमात्र काम रह गया है।

उन्होंने जोर दिया कि जब भी कोई चुनाव होता है तो विपक्ष हमेशा ऐसी गतिविधियों में शामिल होता है लेकिन जनता ने हमेशा उन्हें खारिज कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल पुरी में श्रीजगन्नाथ मंदिर और भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर के चल रहे विकास कार्यों को रोकने की कोशिश कर रहे हैं , लेकिन उनकी ऐसी गतिविधियों के लिए राज्य की जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी।

उन्होंने बताया कि बीजद पदयात्रा 11 अक्टूबर तक चलेगी। इस दौरान पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण शिविर, रक्तदान शिविर और वृक्षारोपण अभियान भी चलाया जायेगा। बीजद कार्यकर्ता पदयात्रा के दौरान हर घर जायेंगे और लोगों को उनके हितार्थ बीजद सरकार द्वारा शुरू की गयी विभिन्न विकासात्मक और कल्याणकारी परियोजनाओं के बारे में बतायेंगे।

## कोटा में रंगकर्मियों के लिए नवरोज नाट्यशाला का लोकार्पण

कोटा। राजस्थान के कोटा में एतिहासिक किशोर सागर तालाब के निकट स्थित कला दीर्घा (आर्ट गैलरी) के जीर्णोद्धार कार्य एवं नवरोज नाट्यशाला का लोकार्पण किया गया। सांगोद विधायक भरत सिंह कुन्दनपुर के विधायक कोष की 40 लाख रुपए की राशि से यह कार्य कराए गए हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जाने-माने कवि एवं साहित्यकार बशीर अहमद मयूख ने फीता काटकर नवरोज नाट्यशाला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने गांधी जी के विचारों को समाहित करने वाला मंत्र गायन कर कला के बढ़ावे के लिए किए गए कार्यों के लिए सांगोद विधायक भरत सिंह को साधुवाद दिया।

# एसटीए क्रिप्टो-पोंजी घोटाले में दो आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

भुवनेश्वर। ओडिशा के कटक स्थित ओपीआईडी कोर्ट ने सोलर टेक्नो अलायंस (एसटीए) क्रिप्टो-पोंजी घोटाले के दो शीर्ष आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी है।

ईओडब्ल्यू भुवनेश्वर कार्यालय के सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि अदालत ने क्रमश: 16 और 23 सितंबर को निरोड कुमार दास और रत्नाकर पलाई की जमानत याचिका खारिज कर दी।

ईओडब्ल्यू के सूत्रों ने कहा कि निरोड कुमार दास (एसटीए के ओडिशा प्रमुख) और रत्नाकर पलाई को क्रमश: छह और 15 अगस्त को आईपीसी की धारा 420/467/468/471/120-बी के साथ पीसीएमसीएस (प्रतिबंध



अधिनियम) की धारा 4, 5 और 6 तथा ओपीआईडी अधिनियम की धारा 6 के तहत भुवनेश्वर से गिरफ्तार किया गया था।

मुख्य आरोपी एसटीए के कंट्री हेड गुरतेज सिंह सिंधु अभी भी न्यायिक हिरासत में हैं। जांच के दौरान, यह पता चला कि एसटीए के ओडिशा प्रमुख निरोड कुमार दास ने अपने रेफरल लिंक का उपयोग करके 21000 डाउनलाइन सदस्यों को अपने साथ जोड़ा था और इस प्रक्रिया में भारी मात्रा में संपत्ति अर्जित की थी।

यह पता चला कि संबंधित अवधि में तीन खातों में लगभग 31.23 करोड़ रुपये और 2.10 करोड़ रुपये की नकद जमा राशि का लेनदेन किया गया था। उन्होंने एसटीए चलाने के लिए भद्रक में एक आलीशान कार्यालय भी किराए पर लिया था और निर्दोष व्यक्तियों को अपना डाउन लाइन सदस्य बनाने के लिए प्रेरित करने के लिए नियमित बैठकें कर रहे थे।

रत्नाकर पलाई (45) एसटीए के एक महत्वपूर्ण और अप-लाइन सदस्य हैं और गुरतेज सिंह और निरोड दास के बहुत करीबी हैं।

# असम के मुख्यमंत्री ने गुवाहाटी में बॉटनिकल गार्डन का उद्घाटन किया

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को गुवाहाटी के फैंसी बाजार क्षेत्र के पुराने जेल परिसर में बॉटनिकल गार्डन का उद्घाटन किया, जिसे 58 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि 17 अगस्त, 2021 को मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने इस गार्डन की आधारशिला रखी थी। यह परियोजना गुवाहाटी महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) द्वारा निष्पादित किया गया है और इस परियोजना पर काम 19 जनवरी 2022 को शुरू हुआ था।

असम सरकार ने पार्क की तुलना में वनस्पति उद्यान को ज्यादा महत्व दिया है।

सरमा ने कहा कि यह उद्यान अगले दो



वर्षों में एक सुंदर वनस्पति उद्यान के रूप में जाना जाएगा।

उन्होंने कहा कि इसमें 250 विभिन्न पौधों की किस्में हैं जिनमें झाड़ियां, लताएं, विभिन्न प्रकार के बांस के पौधे, ताड़ के पौधे, जलीय पौधे, ऑर्किड, फर्न, सुगंधित पौधे, हर्बल पौधे और बहुत कुछ शामिल हैं।

गार्डन में बड़ी संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। बगीचे को रंगीन रोशनी से भी सजाया गया है। उन्होंने कहा कि गार्डन में बच्चों के लिए एक विशेष खेल परिसर भी है।

गार्डन पुरानी जेल की 30 बीघा जमीन में फैला हुआ है और पुराने जेल परिसर में दो तालाब और एक योग केंद्र का भी निर्माण किया गया है। आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री अशोक सिंघल और सांसद क्वीन ओजा भी इस अवसर पर शामिल हुए।

## शिल्पग्राम के दर्पण सभागार में 'महाराजा भर्तृहरि' लोकनाट्य का मंचन

उदयपुर। राजस्थान में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर द्वारा आयोजित मासिक नाट्य संध्या 'रंगशाला' में महान धार्मिक एवं ऐतिहासिक लोकनाट्य 'महाराजा भर्तृहरि' ने शिल्पग्राम के दर्पण सभागार में दर्शकों का दिल जीत लिया। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर की निदेशक किरण सोनी गुप्ता ने बताया कि आयोजित मासिक नाट्य संध्या रंगशाला के तहत इस बार कला संगम राजगढ़, अलवर द्वारा मंचित इस लोकनाट्य के संयोजक एवं परिकल्पना किशोर मुखर्जी एवं नाट्य निर्देशक अखिलेश वशिष्ठ द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि रविवार शाम को मंचित इस नाटक में 26 कलाकारों ने भाग लिया।

# हिमाचल के लाहौल में हिमपात, दारचा से आगे वाहनों की अनुमति नही

शिमला। हिमाचल प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। लाहौल की ऊंची चोटियों पर हल्का हिमपात हुआ है। शिमला में बारिश हुई और कुछ स्थानों पर ओले गिरे हैं। लाहौल-स्पीति व कुल्लू में हल्की बर्फबारी और बारिश हुई। मनाली में सुबह बारिश हुई।

मनाली-लेह मार्ग पर वाहन आवाजाही को जिंगजिंगबार से आगे बर्फबारी के चलते रोका गया। बारालाचा दर्रे में बर्फ जमने से दारचा से आगे किसी भी वाहन को जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है।

देर शाम तक सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने बर्फ हटाकर रास्ता खोल दिया, लेकिन यातायात आवाजाही पर प्रशासन फैसला लेगा। दो से तीन दिनों में मानसून प्रदेश से विदा हो जाएगा। छह जिलों कांगड़ा, ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, सोलन और सिरमौर में मानसून सीजन खत्म हो चुका है, जबकि जिला शिमला के निचले भागों से यह आंशिक रूप से जा चुका है।

कुल्लू, किन्नौर, लाहौल-स्पीति, चंबा, मंडी और शिमला के ऊपरी क्षेत्रों से यह दो-तीन दिनों के भीतर विदा हो जाएगा। पिछले वर्ष भी 3 अक्तूबर को मानसून विदा हुआ था। इस साल मानसून सीजन में सामान्य से 20 फीसदी अधिक बारिश हुई है। 24 जून को मानसून ने प्रदेश में प्रवेश किया। राज्य में पश्चिमी विक्षोभ अभी सक्रिय है। दो अक्तूबर को कुछ क्षेत्रों में बारिश और तीन अक्तूबर के बाद सप्ताह भर के लिए राज्य में मौसम के साफ रहने का पूर्वानुमान है।

# पंजाब सरकार का कोचों के वेतनों में दो से ढाई गुणा बढ़ोतरी

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने राज्य में काम कर रहे आउट सोर्सिंग कोचों के वेतनों में दो से ढाई गुणा बढ़ोतरी करने का फ़ैसला किया गया है। खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने सोमवार को कहा कि खेल विभाग और पंजाब स्टेट स्पोर्टस कौंसिल के अधीन राज्य के समूह जिलों में तैनात ऐगज़ीक्यूटव कोच-2 के मासिक वेतन 17,733 रुपए से बढ़ा कर 35000 रुपए, इग्ज़ीक्यूटिव कोच-1 का वेतन 16,893 रुपए से बढ़ा कर 30,000 रुपए प्रति महीना और इग्जीक्यूटिव कोच का वेतन 11,917 रुपए से बढ़ा कर 25,000 रुपए प्रति महीना करने का फ़ैसला किया गया है। इसके इलावा सभी कोचों के वेतन में सालाना तीन प्रतिशत बढ़ोतरी भी की जायेगी।

खेल मंत्री ने कहा कि राज्य में आउट सोर्सिंग पर तैनात कोचों की तरफ से लम्बे समय से अपना वेतन बढ़ाने की माँग की जा रही थी। मुख्यमंत्री के ध्यान में यह मामला आने के बाद उन्होंने तुरंत माँग मंज़ूर करने का फ़ैसला किया। इस फ़ैसले के अंतर्गत आउट सोर्सिंग पर काम कर रहे कोचों का वेतन प्रति महीना दो से ढाई गुणा बढ़ा दिया गया है।

# केजरीवाल, मान ने माता कौशल्या अस्पताल लोगों को किया समर्पित

पटियाला। पंजाब में स्वास्थ्य क्रांति के नये दौर की शुरुआत करते हुए राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने सोमवार को पटियाला में सरकारी क्षेत्र का अपनी किस्म का पहला माता कौशल्या अस्पताल लोगों को समर्पित किया।

अत्याधुनिक सहूलियतों से लैस यह अस्पताल ऐतिहासिक शहर पटियाला और इसके आसपास के लगभग 20 लाख लोगों को स्वास्थ्य सहूलियतें देगा। इस अस्पताल में 300 बेड हैं और अब इस प्रतिष्ठित स्वास्थ्य संस्था में 66 बेड का विस्तार किया जा रहा है। अस्पताल को 13.80 करोड़ रुपए की लागत के साथ अपग्रेड किया गया है



और आई सी यू, एन आई सी यू और अन्य सुविधाओं से लैस किया गया है। मान ने कहा कि पंजाब ने स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में एक नयी क्रांति की शुरुआत की है। उन्होंने एलान किया कि लोगों की कीमती जानें बचाने के लिए एक साल के अंदर राज्य भर के सभी अस्पतालों में एमरजेंसी सेवाये चालू कर दीं जाएंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों के गंभीर मरीजों के लिए अति उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए इलेक्ट्रानिक इंटेंसिव केयर यूनिट (ई आई सी यू) व्यवस्था शुरू करने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी क्लीनिक राज्य में स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को सुधारने के लिए मील के पत्थर के तौर पर काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन क्लीनिकों में अब तक 59 लाख से अधिक मरीज़ लाभ उठा चुके हैं।

मान ने कहा कि आम आदमी क्लीनिक और सी. एम दी योगशाला के संकल्प को लोगों के बड़े हित में पूरे भारत में लागू किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि लोगों की भलाई के लिए 550 करोड़ रुपए का स्वस्थ मिशन पंजाब शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि पंजाब को शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि स्वस्थ मिशन पंजाब के अंतर्गत राज्य भर के सभी सरकारी अस्पतालों को नया रूप मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि स्वस्थ पंजाब एप भी लांच की गई है , जिससे मोबाइल फोन पर क्लिक करने पर लोग पास के आम आदमी क्लीनिकों का पता लगा सकेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि आम आदमी क्लीनिकों की तरह लोगों को मुफ़्त दवाएँ मुहैया करवाने के लिए सभी सरकारी अस्पतालों में आयुष फार्मेसी शुरू की जाये।

# आपदा राहत कोष में 200 करोड़ रुपये से अधिक का अंशदान : सुक्खू

शिमला। हिमाचल के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेशवासियों ने सहानुभूति का असाधारण प्रदर्शन करते हुए आपदा राहत कोष-2023 में 200 करोड़ रुपये से अधिक का अंशदान देकर आपदा के इस समय में एकजुटता का अदभूत परिचय दिया है। इस कोष का उद्देश्य बरसात के दौरान राज्य में हुई मूसलाधार बारिश और भू-स्खलन से भारी नुकसान झेलने वाले परिवारों की राहत एवं पुनर्वास कार्यों द्वारा सहायता



करना है। हिमाचल प्रदेश के पुनरुत्थान के लिए यह उदार सहायता राज्य के इतिहास में एक अभूतपूर्व मिसाल है। कोविड-19 महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बीच भी हिमाचल प्रदेश में अंशदान के रूप में 145 करोड़ रुपये की राशि एकत्र हुई थी जबकि आपदा राहत कोष-2023 के लिए परोपकारी सहायता की राशि आशा से अधिक रही है। इस कोष के लिए लोगों द्वारा दी जा रही उदार सहायता आज भी जारी है, जिससे इस कोष में 300 करोड़ रुपये से अधिक की राशि एकत्र होने की उम्मीद है। बच्चों द्वारा दिया गया मुख्यमंत्री का स्नेहपूर्ण उपनाम 'सुक्खू सर' और युवाओं का 'सुक्खू भाई' आज आशा तथा करुणा का पर्याय बन चुके हैं। मुख्यमंत्री ने स्वयं पहल करते हुए अपनी जीवन भर की जमापूंजी इस कोष में दान की है। आवश्यकता के इस समय में आपदा से पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए उन्होंने अपनी व्यक्तिगत बचत से इस कोष में 51 लाख रुपये दान दिए। इस नेक कार्य के लिए श्री सुक्खू को उन छोटे बच्चों से प्रेरणा मिली जिन्होंने नि:स्वार्थ भाव से अपने गुल्लक दान कर दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि "अगर बच्चे अपनी बचत दान कर सकते हैं, तो मैं क्यों नहीं ?

# राजस्थान में हुए अभूतपूर्व विकास कार्यों की पूरे देश में चर्चा : गहलोत

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश के विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही हैं और प्रदेश में हुए अभूतपूर्व विकास कार्यों की पूरे देश में चर्चा हो रही है।

गहलोत सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर खेतड़ी से आए प्रतिनिधिमण्डल को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रखी गई है। खेतड़ी सहित पूरे प्रदेश में विकास के अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। राज्य में हुए विकास कार्यों की पूरे देश में चर्चा हो रही है।

प्रदेश में मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के माध्यम से प्रदेशवासियों को 25 लाख का बीमा कवर दिया जा रहा है, जो देश में अन्यत्र कहीं नहीं है।

## शार्ट न्यूज

### 16 अक्टूबर को होगा नोएडा में दंगल

नोएडा । हर बार की इस साल भी ऋषि पाल मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से ऋषि पाल गोल्ड कप का आयोजन किया जाएगा। ये आयोजन 16 अक्टूबर को ऋषि पाल पाल क्रीड़ा स्थल पर होगा। जिसमें एक लाख रुपए या इससे ज्यादा तक की इनामी कुश्ती भी लड़ी जाएगी। इसका फैसला आगामी दिनों में ट्रस्ट की ओर से लिया जाएगा। इस बार भी 150 से ज्यादा पहलवान अखाड़े में दमख़म दिखाते नजर आएंगे। इससे पहले ट्रस्ट की ओर से सेक्टर-15 में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इसमें बाल , महिला और पुरुष तीन वर्ग में कुश्ती का आयोजन होगा। प्रतियोगिता का निर्णय के लिए एक पूरी टीम बनाई गई है। बता दें कि यह दंगल किसान नेता दिवंगत ऋषि पाल की याद में हर वर्ष नया बांस में किया जाता है। 16 अक्टूबर 1994 को किसान नेता ऋषि पाल की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। इसके बाद से दंगल और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे है। अतर सिंह चौधरी ने बताया कि इस बार दंगल के साथ आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को शिक्षित करने के लिए फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ व अकाउंट विषयों के शिक्षक रखकर बच्चों की कोचिंग की जाएगी। साथ ही बच्चों के लिए एक लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी। इसमें बच्चों को उनके विषयों और प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तक उपलब्ध कराई जाएंगी।

### 'जय माता दी' स्टीकर लगे वाहन के चालान पर बवाल

गाजियाबाद। गाजियाबाद में जय माता दी का स्टीकर लगे वाहन का चालान काटने पर बवाल हो गया। हिन्दू रक्षा दल कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर हंगामा खड़ा कर दिया। चालान काटने वाले ट्रैफिक पुलिसकर्मी से अभद्रता की और उसे सरेराह धमकाया। मोबाइल छीनने का प्रयास किया। वे इस कार्रवाई के विरोध में धरने पर बैठ गए। काफी देर तक हंगामा चलता रहा। ये पूरा मामला रविवार शाम राजनगर एक्सटेंशन इलाके का है। बताया जा रहा है कि कैंटर के शीशे पर जय माता दी का स्टीकर लगा हुआ था। ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने उसका चालान काट दिया। कैंटर ड्राइवर की सूचना पर हिन्दू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी उर्फ पिंकी भैया अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंच गए। वे ट्रैफिक पुलिसकर्मी से भिड़ गए। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में पिंकी भैया कह रहे हैं, ओ भाई, एसपी ट्रैफिक से बात कर। अच्छा-अच्छा कर रहा है। फोन कर...फोन कर। तू इंस्पेक्टर को बुला, किसी को भी बुला। तू सुन, तैने जय माता दी पर कैसे कर दिया। इस पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी कहता है- ये माननीय योगीजी का...। पुलिसकर्मी को रोकते हुए पिंकी चौधरी ने ये भी कह डाला- अरे योगी को बुला।

### नोएडा बन रहा नकली प्रोडक्ट बेचने का हब

नोएडा। हाइटेक शहर नोएडा में तमाम बड़े शो-रूमों से इतर कई स्थानों पर नकली प्रोडक्ट बेचे जा रहे हैं। ब्रांडेड कंपनियों के पाऊच, पैकेट के अंदर नकली नमक से लेकर जूते, कपड़े व खाद्य सामग्री बेची जा रही है। इस वर्ष इस तरह के 20 से अधिक ऐसे मामले सामने आए हैं। वहीं कई शिकायतें लगातार मिल रही हैं। नोएडा में हर तरह के सामान बनाने की फैक्ट्रियां व कंपनियां हैं। वहीं औद्योगिक सेक्टरों कुछ ऐसी दुकान, प्रतिष्ठान भी हैं। जहां असली दिखाकर नकली सामान बेचे जा रहे हैं। यहां जूते, कपड़ों पर ब्रांडेड कंपनियों के लेवल धड़ल्ले से लगाए जा रहे हैं। संबंधित ब्रांडेड कंपनी के अधिकारियों की निगरानी में ही इसका खुलासा हो पाता है। तब पुलिस इनके खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत कार्रवाई करती हैं। नोएडा में जनवरी से सितंबर तक इस तरह के 20 से अधिक मामलों में कार्रवाई हो चुकी हैं। नकली प्रोडेक्ट्स को बेचे जाने के सबसे अधिक ऐसे मामले कोतवाली फेज वन, सेक्टर-58, फेज टू, सेक्टर-63 इलाके में सामने आए हैं।

### पटाखा फैक्टरी पर छापा, दो भाई गिरफ्तार

लोनी। अशोक विहार कॉलोनी में पटाखा फैक्टरी में छापेमारी के मामले में पुलिस ने दो भाइयों को गिरफ्तार किया है। दोनों भाई अपने पिता के साथ फैक्टरी चलाते हैं। फैक्टरी में दिल्ली से पटाखा बनाने के ऑर्डर मिल रहा था। एसीपी रजनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि अशोक विहार कॉलोनी में पटाखा फैक्टरी में छापेमारी के मामले में पुलिस ने दो भाइयों शाहिद और शोहेब को पकड़ा लिया है। इस फैक्टरी को चलाने वाला मुख्य आरोपी नईम अभी फरार है। पूछताछ में पता चला कि नईम अपने दोनों बेटों के साथ इस फैक्टरी में काम करते हैं। दिल्ली से पटाखा बनाने का ऑर्डर मिलता था। अपने घर से दूर नईम एक खाली मकान में पटाखा बनाता था। किसी को जानकारी ना लगे इसके लिए वह फैक्टरी को बाहर से बंद रखता था। पुलिस को मौके से भारी मात्रा में पटाखा, उपकरण, कच्चा पटाखा समेत अन्य सामग्री मिली हैं। एसीपी ने बताया कि पुलिस अभियान चला रही है।

### ई-रिक्शा में सवार दंपती के गले से महिला के गिरोह ने काटी सोने की चेन

इंदिरापुरम। अभयखंड चौकी क्षेत्र में ई-रिक्शा में सवार महिला और किशोरियों के गिरोह ने दंपती का ध्यान भटकाकर गले से सोने की चेन काट ली। आरोप है कि 15 साल की किशोरी ने पागल होने का नाटक कर घटना को अंजाम दिया। ज्ञानखंड-एक में समाज कल्याण विभाग से सेवानिवृत अनिल कुमार ने बताया कि वह पत्नी सुधा रानी के साथ अभयखंड चौकी क्षेत्र के सृजन विहार में डेंटिस्ट के पास गए थे। वहां से दोनों दोपहर ढाई बजे ई-रिक्शा में बैठकर घर जा रहे थे। आदित्य मॉल के पास 40 साल की महिला 15 साल और 11 साल की बेटी के साथ बैठ गई। कुछ दूर जाकर 11 साल की किशोरी ने पागल होने का नाटक शुरू किया। इस बीच तीनों ने उनके पैरों के जोर से दबा दिया। वह लगातार महिला से पैर छोड़ने की बात कहती रही। आरोप है कि तीनों ने घेरा बनाकर उन दोनों के गले से सोने की चेन काट ली। दोनों चेन की कीमत दो लाख रुपये से ज्यादा की है। दंपती विधायक कालोनी के पास घर जाने के लिए उतर गए। घर पहुंचकर काफी देर बाद दोनों को चेन चोरी होने का पता चला।

### किसान को शराब पिलाकर 14 लाख रुपये किए चोरी

मोदीनगर। भोजपुर के चुड़ियाला गांव में दोस्तों ने किसान जोगेंद्र सिंह को शराब पिलाकर 14 लाख रुपये चोरी कर लिए। किसान ने अपनी जमीन का एग्रीमेंट किया था। बैंक बंद होने के कारण किसान रकम लेकर ट्यूबवेल पर सो रहा था। किसान ने थाने में घटना की तहरीर दी है। जोगेंद्र ने बताया कि उनकी पत्नी की काफी समय पहले मौत हो चुकी है। वह अपने 13 और 10 वर्षीय बच्चे के साथ रहते है। उन्होंने 26 सितंबर को अपनी जमीन का एग्रीमेंट किया था। खरीदार ने एग्रीमेंट के समय उन्हें चेक और लगभग 15 लाख रुपये नकद दिए थे। जोगेंद्र ने बताया कि एग्रीमेंट के अगले दिन सरकारी छुट्टी के कारण वह रकम बैंक में जमा नहीं करा सके। घर में निमार्ण कार्य चल रहा है। इसके कारण वह रकम लेकर ट्यूबवैल पर सोने चले गए। इसी दौरान जमीन का सौदा कराने वाला दलाल शराब लेकर उनके पास पहुंचा। कुछ ही देर में उसके तीन अन्य साथी भी वहां पहुंच गए। जोगेंद्र का आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें शराब में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया।

### आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों ने किया प्रदर्शन

गुरुग्राम। राज्य रजिस्ट्रार कार्यालय और जिला रजिस्ट्रार कार्यालयों में आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों को राजनैतिक दखल अंदाजी के कारण होने वाली परेशानियों को लेकर विभिन्न सोसाइटियों के प्रतिनिधियों ने उपायुक्त आवास के समक्ष प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने रजिस्ट्रार कार्यालयों में राजनैतिक दखलअंदाजी और भ्रष्टाचार के खिलाफ नारे लगाए। उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम लिखा ज्ञापन उपायुक्त के आवास पर सौंपा। इसमें उन्होंने हरियाणा सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एंड रेगुलेशन एक्ट 2012 में परिवर्तन की मांग की है। इसमें उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ से लेकर गुरुग्राम तक रजिस्ट्रार कार्यालयों में लोगों की शिकायतें लंबे समय तक लंबित रहती हैं। उन्हें केवल तारीख दर तारीख दौड़ाया जाता है। जिला रजिस्ट्रार कार्यालय बिचौलियों का अड्डा बन गया है। पिछले साल 29 अप्रैल 2022 को गुरुग्राम में आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों के अधिकारों को स्पष्ट करने के लिए सेवोकॉन का आयोजन किया गया।

# सार्वजनिक परिवहन सुविधाएं होंगी मजबूत, एक जगह से मिलेंगी सभी सेवाएं



नई दिल्ली। दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन की सुविधा को बेहतर बनाने के लिए उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने व्यापक परियोजना प्रबंधन इकाई (पीएमयू) को गठित करने का निर्देश दिया है। यह इकाई मेट्रो स्टेशनों पर मल्टी मॉडल इंटीग्रेशन (एमएमआई) योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में काम करेगी। एमएमआई के तहत मेट्रो, बस सहित अन्य सार्वजनिक परिवहन सेवाओं के साथ लास्ट माइल कनेक्टिविटी की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। परिवहन आयुक्त की अध्यक्षता वाले पीएमयू में पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, डीएमआरसी, डीडीए और ट्रैफिक पुलिस के प्रतिनिधि भी शामिल रहेंगे। यह इकाई सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक एजेंसी व विभाग बिना किसी गड़बड़ी के अपनी भूमिका निभाएं। पीएमयू यह सुनिश्चित करेगा कि एमएमआई योजनाएं प्रभावी हों और लक्ष्य को हासिल करें। बता दें कि एक जगह से दिल्ली मेट्रो, बस, कैब सहित अन्य सार्वजनिक परिवहन की सुविधा उपलब्ध करवाने की दिशा में काम किया जा रहा है। इसके तहत मेट्रो स्टेशनों पर मल्टी मॉडल इंटीग्रेशन (एमएमआई) योजना विकसित की जाएगी। परिवहन आयुक्त इसे लेकर काम करेंगे। एलजी ने समन्वय और सहयोग की कमी पर गहरी चिंता व्यक्त की और इसे दूर करने के लिए वरिष्ठ अधिकारी के तहत पीएमयू का गठन करने का निर्देश दिया।

#### मेट्रो स्टेशनों के साथ अन्य जगहों पर होंगी सेवाएं

दिल्ली मेट्रो स्टेशनों के साथ सार्वजनिक परिवहन के अन्य परिसरों पर बेहतर सुविधा देने के लिए आयुक्त परिवहन को योजना बनाने का काम सौंपा गया है। आयुक्त मेट्रो स्टेशनों के साथ अन्य जगहों पर भी बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने की दिशा में काम करेंगे, जिससे सार्वजनिक परिवहन की सुविधा बेहतर हो।

#### एलजी ने जताई नाराजगी

सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने के लिए यूटीटीआईपीईसी की हालिया बैठक में यह बात सामने आई कि मेट्रो स्टेशनों के लिए शोध के बाद तैयार योजनाओं को सही से लागू करने की दिशा में काम किया जा रहा है, लेकिन मेट्रो के अलावा अन्य हितधारक एजेंसियां सही से काम नहीं कर रहीं। उनकी प्रभावशीलता सीमित होने के कारण सेवाएं प्रभावी नहीं बन पा रहीं। इस पर एलजी ने नाराजगी जाहिर की। बैठक में तीस हजारी, रिठाला और सीलमपुर मेट्रो स्टेशनों के लिए एमएमआई योजनाओं पर चर्चा के बाद इन्हें मंजूरी दी गई। वहीं इस साल मार्च में हुई बैठक में यूटीटीआईपीईसी ने शादीपुर, मयूर विहार और पीरागढ़ी मेट्रो स्टेशनों के लिए एमएमआई योजनाओं को मंजूरी दी।

#### मिलेगी बेहतर सुविधाएं

दिल्ली के विभिन्न इलाकों में प्रमुख सार्वजनिक परिवहन केंद्र के रूप में विकसित होने वाले विभिन्न मेट्रो स्टेशनों के मल्टी मॉडल इंटीग्रेशन योजनाओं में इंटरकनेक्टेड स्ट्रीट नेटवर्क, स्ट्रीट डिजाइन, सिग्नलयुक्त और ग्रेड से अलग सड़क क्रॉसिंग, मॉडल इंटरचेंज और पार्किंग की सुविधा विकसित हो रही है। लास्ट माइल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए साइकिल, बस, ऑटो रिक्शा और कैब व अन्य की सुविधा भी विकसित की जा रही है। इसके अलावा सड़क पर पार्किंग, सार्वजनिक शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, हॉकर जोन, साइनेज और सड़क मानचित्र और सार्वजनिक परिवहन को भी बेहतर बनाया जा रहा है।

# महिला सिपाही ने फांसी लगाकर दी जान

## बेटे की तबीयत ठीक नहीं होने से तनाव में रहती थी

दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के महरौली इलाके में सोमवार तड़के एक महिला सिपाही ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका की शिनाख्त लालथन माविल (26) के रूप में हुई है। पुलिस को मृतका के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। शुरुआती जांच के बाद पुलिस को पता चला है कि लालथन डिप्रेशन का शिकार थी। इसकी वजह से वह काफी तनाव में थी। सोमवार तड़के इसकी सहेली ने इसे फंदे से लटके देखा तो मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया गया। इसके परिवार को सूचित कर दिया गया। उनके दिल्ली आने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त चंदन चौधरी ने बताया कि मूलरूप से उत्तर-पूर्व के मिजोरम की रहने वाली लालथन अपनी सहेली के साथ वार्ड नंबर- दो महरौली में किराए के फ्लैट में रहती थी। इसके परिवार में पति के अलावा एक तीन साल का बच्चा है। परिवार गांव में ही रहता है। फिलहाल लालथन की तैनाती किशनगढ़ में थी। हालांकि किशनगढ़ थाने के अधिकारियों का कहना है कि तीन माह पूर्व ही उसका तबादला बटालियन में हो गया था। रविवार को ड्यूटी से आने के बाद वह अपने कमरे में सोने चली गई। इस बीच तड़के करीब 3.45 बजे उसकी सहेली ने उसे फंदे से लटका देखा। फौरन मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची महरौली थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेजा। जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि लालथन की अपने पति से अनबन रहती थी। उसका बच्चा अपने नाना-नानी के साथ रहता था।


बच्चे को कोई गंभीर बीमारी भी थी। इसकी वजह से वह काफी परेशान थी। माना जा रहा है कि इसी वजह से उसने मौत को गले लगाया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि परिजनों के दिल्ली आने के बाद ही लालथन की मौत की वजहों का पता चल पाएगा।

### बाइक सवार युवक को मारी गोली

मोदीनगर। मोदीनगर की भूपेन्द्रपुरी कॉलोनी में रविवार रात दस बजे के आसपास फोन करके बुलाकर बाइक सवार युवक को गोली मार दी। गोली लगने के बाद युवक बाइक पर सवार होकर कस्बा पुलिस चौकी पर पहुंचकर बेहोश हो गया। गंभीर हालात में युवक को गाजियाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस कई पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। मुरादनगर थानाक्षेत्र के गांव मकरैड़ा निवासी आर्यन कुमार परिवार सहित रहते हैं। आर्यन कुमार दूध बेचने का काम करते हैं। उनका अपने चाचा से काफी समय से संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा है। रविवार रात को आर्यन कुमार को फोन करके मोदीनगर की भूपेन्द्रपुरी कॉलोनी में बुलाया गया था। बताया जा रहा है कि जब वह भूपेन्द्रपुरी कॉलोनी में पहुंचे तो अचानक उनकों को गोली मार दी। गोली उनके कंधे में जा लगी। गोली लगने के बाद आर्यन कुमार अपनी बाइक लेकर दिल्ली मेरठ मार्ग स्थित कस्बा पुलिस चौकी पर पहुंच गए।

# प्रख्यात उद्यमी, समाज सेवी रवि शंकर राय को पितृ शोक

**श्री अभय नारायण राय जी ने 1 अक्टूबर को रात्रि 9: 45 बजे नोएडा सेक्टर 62 स्थित फोर्टिस हॉस्पिटल में अंतिम साँस ली**



शंकर राय के पिता अभय नारायण राय

**नई दिल्ली।** दूरसंचार, आतिथ्य-सत्कार, डिजिटल मार्केटिंग और ढांचागत विकास के क्षेत्र में सक्रिय सावित्री समूह के सीएमडी देश के प्रख्यात उद्यमी और समाज सेवी रवि शंकर राय के पिता अभय नारायण राय का 1 अक्टूबर को निधन हो गया। वे पिछले कुछ महीने से अस्वस्थ चल रहे थे।

श्री राय अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़कर गोलोकवासी हुए हैं। उन्होंने 1 अक्टूबर को रात्रि 9: 45 बजे नोएडा सेक्टर 62 स्थित फोर्टिस हॉस्पिटल में अंतिम साँस ली। उनके निधन की सूचना के उपरांत परिजनों, सगे संबंधियों एवं मित्र गणों में शोक की लहर फैल गई। उनके अंतिम दर्शन करने और उन्हें श्रद्धांजलि का तांता लग गया।

श्री राय के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए समाज के गणमान्य लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। उनका अंतिम संस्कार 2 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे, मणिकर्णिका घाट वाराणसी में किया गया।

गौरवशाली भारत परिवार की ओर से श्री राय को विनम्र श्रद्धांजलि। अत्यन्त शोक के इस समय में गौरवशाली भारत परिवार शोकाकुल राय परिवार के साथ है।

# दिव्यांगों के उत्थान के लिए मानवीय दृष्टिकोण अपनाकर काम करना होगा : धर्मेंद्र प्रधान



नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा, कौशल एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि दिव्यांगों के उत्थान के लिए मानवीय दृष्टिकोण अपनाकर काम करना होगा। जिसकी नजीर लोक सेवक मंडल ने पेश की है। मैं एनसीईआरटी (राष्ट्रीय शैक्षिक एवं अनुसंधान परिषद) से कहूंगा कि कोई भी शैक्षिक योजना बनाने से पहले अब लोक सेवक मंडल, अनाम स्नेह परिवार जैसी तमाम उन संस्थाओं से सुझाव जरूर ले जो विकलांगों के बीच निस्वार्थ भाव से काम कर रही हैं।

वह सोमवार को लोक सेवक मंडल और अनाम स्नेह परिवार के तत्वावधान में लाजपत भवन के सभागार में आयोजित दिव्यांग स्वाभिमान सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि यह ईश्वर प्रदत्त है कि अगर कोई किसी व्यक्ति के शरीर के किसी अंग में कोई कमी आती है तो उसे पांच अन्य विधाएं अधिक मिल जाती है। जरूरत है उन पांच विधाओं पर फोकस किया जाएं न कि उसके शरीर के किसी अंग विशेष की अक्षमता पर। इसका उदाहरण यहां लोक सेवक मंडल द्वारा संचालित बलवंत राय मेहता अंगूरी देवी विद्या निकेतन की मूक बधिर बच्चियों को राजस्थानी लोक नृत्य रहा। ईश्वर ने इन्हें अतिरिक्त विधा प्रदान की है। उन्हीं पांच अतिरिक्त विधाओं को देखते हुए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने विकलांगों को दिव्यांग की संज्ञा दी।

उड़ीसा के नेत्रहीन आदिवासी कवि भीमा ने सैकड़ों साल पहले वसुधैव कुटुंबकम को परिभाषित करते हुए लिखा कि पूरी दुनिया हमारा परिवार है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जिस प्रकार से प्रयागराज में ये दोनों संस्थाएं विकलांगों के लिए काम कर रही हैं उससे सभी को सीख लेनी चाहिए। वहां कोई दिव्यांग अगर भीख मांगता दिख जाता है इन संस्थाओं के कार्यकर्ता उसे लेकर जाते हैं और उसे काम करने को कहते हैं। शायद इसी का नतीजा है कि प्रयागराज में कोई भी दिव्यांग भीख मांगता नहीं दिखता।

इसके पूर्व मुख्य अतिथि का स्वागत लोक सेवक मंडल के सचिव डॉ. प्रवास आचार्य ने किया। प्रोफेसर अवनीस मिश्र ने कार्यक्रम के उद्देश्य बताए। पूर्व आईएएस एवं दिव्यांगों के लिए कार्य करने वाले दिल्ली एनसीटी के पूर्व आयुक्त टीडी धारियाल ने विस्तार से दिव्यांगों की समस्याओं और उनके समाधान भी सुझाए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लोक सेवक मंडल के अध्यक्ष राजकुमार चोपड़ा ने गांधी जी अंत्योदय की सोच का उल्लेख करते हुए कहा कि गांधी कहते थे कि समाज के अंतिम व्यक्ति जो सबसे गरीब है उसका भी विकास हो।

मेरा मानना है कि सबसे गरीब दिव्यांग है उनको भी मुख्य धारा में जोड़ना होगा। समारोह में दिव्यांगों के उत्थान के लिए काम करने वाली 22 विभूतियों को मुख्य अतिथि ने अंगवस्त्रम् और प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया।

### बदमाशों ने तमंचे के बल पर युवक से की लूट

मोदीनगर। मोदीनगर के निवाड़ी थाना क्षेत्र में उजैड़ा पूठरी मार्ग पर गन्ना क्रेशर के पास दो बाइक पर सवार चार बदमाशों ने तमंचे के बल पर एक युवक से बाइक व नकदी लूट ली। लूट का विरोध करने पर बदमाशों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव उजैड़ा निवासी रेनू पुत्र धर्मवीर सिंह परिवार सहित रहते है। देर रात को रेनू अपने दोस्त अंकित के साथ पूठरी उजैड़ा मार्ग पर जा रहे थे। जब वह मार्ग पर गन्ना क्रेशर से आगे पहुंचे, तो दो बाइक पर सवार चार युवकों ने ओवरटेक कर रेनू की बाइक रोक ली। बाइक रोकते ही एक युवक ने उनकी कनपटी पर तमंचा लगा दिया। इसके बाद बदमाशों ने तमंचे के बल पर दो हजार रुपए नकदी, मोबाइल व बाइक लूट ली। लूट का विरोध करने पर बदमाशों ने युवकों को मारपीट कर घायल कर फरार हो गए। पीड़ित युवक किसी तरह अपने घर पहुंचकर परिजनों को आपबीती बताया। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर बदमाशों की तलाश में काबिंग शुरू की। लेकिन बदमाश फरार हो गए।

# पत्रकारों की स्मृति में बने स्मारक का लोकार्पण

## त्रिकोणीय स्तंभ में बने स्मारक में देश के 497 पत्रकारों के नाम दर्ज




नोएडा। कोविड महामारी के दौरान अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए शहीद हुए देश भर के पत्रकारों की याद में एक शहीद स्मारक नोएडा शहर के सेक्टर 72 में स्थापित किया गया है। इसका आज लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर यज्ञ का भी आयोजन किया गया।

जिसमें बड़ी संख्या में पत्रकार, राजनेता और सामाजिक कार्यकर्ता इकट्ठा हुए और शहीद पत्रकारों को पुष्प चढ़कर चढ़ा कर श्रद्धांजलि दी।

महामारी के दौरान देश के 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 497 पत्रकारों की मृत्यु हो गई थी। यह स्मारक दुनिया भर में अपनी तरह का एकमात्र स्मारक है। स्मारक पर सभी 497 पत्रकारों के नाम उत्कीर्ण हैं। इनमें सबसे ज्यादा आंध्र प्रदेश के 138 पत्रकार शामिल हैं। इसके बाद उत्तर प्रदेश के 96 पत्रकारों के नाम दर्ज किए गए है।

एनएमसी के अध्यक्ष पंकज पाराशर ने बताया, यह स्मारक त्रिकोणीय आकार का है, जिसके गोलाकार आधार पर तीन मुख हैं। इसकी ऊंचाई 6 मीटर है। त्रिकोणीय मीडिया की तीन धाराओं प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल को संदर्भित करती है। पूरा स्मारक काले संगमरमर से बना है, जो दिवंगत साथियों को हार्दिक श्रद्धांजलि का प्रतीक है।

यह स्मारक कर्तव्य के प्रति समर्पण की भावना, भारतीय लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने की इच्छा और पहले समाचार की भावना को दर्शाता है।

# गाजियाबाद में सगी नाबालिग दो बेटियों से किया दुष्कर्म

मोदीनगर। मोदीनगर के मुरादनगर की एक कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति अपनी 17 व 14 साल की पुत्रियों के साथ चार साल से दुष्कर्म कर रहा था। शिक्षिका ने डीसीपी ग्रामीण को फोन करके पूरी बात बताई।

नगर की एक कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति अपनी पत्नी व 17 व 14 साल की दो पुत्रियों के साथ रहता है। दंपति मजदूरी करके परिवार का लालन पालन करता है। काफी समय से उक्त व्यक्ति पर काम पर नहीं जा रहा था, उनकी पत्नी ही मजदूरी करने के लिए जाती थी। दोनों बहन नगर की एक कॉलोनी स्थित सरकारी स्कूल में कक्षा सात की छात्रा है।

#### शिक्षिका को बताने पर खुला दुष्कर्म करने का राज

बताया जा रहा है कि दोनों बहन जब स्कूल में जाती थी तो वहां पर गुमशुम सी रहती थी। पिछले दिनों हुए टेस्ट में दोनों बहनों के सभी विषय में काफी कम अंक आए। यह देखकर शिक्षिका ने दोनों बहनों से गुमशुम रहने व कम अंक आने का कारण पूछा। इसके बाद दोनों बहनों ने शिक्षिका को आपबीती सुनाई। सगी बहनों की आपबीती सुनकर शिक्षिका दंग रह गई। उन्होंने डीसीपी ग्रामीण को फोन पर अवगत कराया। इसके बाद डीसीपी ग्रामीण ने इसकी जांच एक महिला दरोगा को दी।

#### चार साल से कर रहा था पुत्रियों के साथ दरिंदगी

दोनों बहनों ने बताया कि पापा चार साल से लगातार हमारे से गलत काम करते आ रहे है। मां सुबह काम पर चली जाती है । मां के काम पर जाते ही वह गलत काम करना शुरू कर देते थे। विरोध करने पर बेहरमी से पिटाई की जाती थी। मां के कई बार मना करने के बाद भी वह अपनी हरकत से बाज नहीं आए।

गाजियाबाद डीसीपी विवेक चंद्र यादव ने कहा कि शिकायत मिली तो इसकी जांच महिला दरोगा को दी गई। महिला दरोगा की जांच में मामला सही पाया गया। बड़ी पुत्री की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### सीबीएसई छात्रों व शिक्षकों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति करेगा जागरूक

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने छात्रों व शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य की ओर कदम बढ़ाया है। दस अक्तूबर को विश्व मानसिक दिवस के उपलक्ष्य में बोर्ड ने स्कूलों में मेंटल हेल्थ वीक (मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह मनाने को कहा है। इसके तहत विभिन्न तरह की गतिविधियां सुझाई गई हैं, जिसके माध्यम से शिक्षक व छात्रों को जागरूक किया जाएगा। बोर्ड ने गतिविधियों में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए वीक के संबंध में जानकारी साझा करने को कहा है। सीबीएसई की ओर मेंटल हेल्थ वीक के संबंध में स्कूल प्रमुखों को जानकारी जारी की गई है। इसमें उन्हें उन गतिविधियों के विषय में भी बताया गया है, जिन्हें वह इस वीक के दौरान करा सकते हैं। बोर्ड के अनुसार स्कूल नोटिस बोर्ड पर सकारात्मक नोट्स व मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े संसाधनों के विषय में जानकारी साझा की जाए।

# पूर्व मंत्री स्वाती सिंह को केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पद्मश्री कन्नू भाई प्रशस्ति पत्र सौंपा

नई दिल्ली। सर्वेंट आफ द पिपुल सोसाइटी की तरफ से लाजपत नगर में सेमिनार और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश की पूर्व मंत्री और समाजसेवी स्वाती सिंह ने पद्मश्री कन्नू भाई टेलर का सम्मान केंद्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान प्राप्त किया। पद्मश्री ने अपना सम्मान स्वाती सिंह को देने के लिए पहले से नामित किया था।

स्वाती सिंह ने कहा कि गरीब, महिला और युवा वर्ग के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दिल हमेशा धड़कता है। उन्हीं से प्रेरित होकर हमने महिला कल्याण और दिव्यांगजन पर काम करने के लिए सोचा और पूरे सरोजनी नगर में हमने महिलाओं को सशक्त बनाने का काम किया। दिव्यांगजन के लिए भी हर वक्त काम करती रहती हूं। उन्होंने कहा कि हमने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से ही प्रभावित होकर एक पुस्तिका भी लिखी है, जो जल्द ही आने वाली है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से दोनों हाथ गवां चुके और दिव्यांगजन के लिए जीवन



समर्पित करने वाले श्रीनारायण यादव थे। काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

इस कार्यक्रम को प्रयागराज की संस्था लोक सेवक मंडल ने आयोजित किया था। लाजपत भवन सभागार में आयोजित दिव्यांग स्वाभिमान सम्मान समारोह में इसके पूर्व मुख्य अतिथि का स्वागत लोक सेवक मंडल के सचिव डॉ. प्रवास आचार्य ने किया। प्रोफेसर अवनीस मिश्र ने कार्यक्रम के उद्देश्य बताए। पूर्व आईएएस एवं दिव्यांगों के लिए कार्य करने वाले दिल्ली एनसीटी के पूर्व आयुक्त टीडी धारियाल ने विस्तार से दिव्यांगों की समस्याओं और उनके समाधान भी सुझाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लोक सेवक मंडल के अध्यक्ष राजकुमार चोपड़ा ने गांधी अंत्योदय की सोच का उल्लेख करते हुए कहा कि गांधी कहते थे कि समाज के अंतिम व्यक्ति जो सबसे गरीब है उसका भी विकास हो। मेरा मानना है कि सबसे गरीब दिव्यांग है उनको भी मुख्य धारा में जोड़ना होगा। समारोह में दिव्यांगों के उत्थान के लिए काम करने वाली 22 विभूतियों को मुख्य अतिथि ने अंगवस्त्रम् और प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया।

# संपादकीय

## आंदोलन का तरीका और जनता को मुसीबत

पंजाब और हरियाणा के किसान बाढ़ और बारिश की वजह से फसलों को हुए नुकसान के माकूल मुआवजे, न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने और कर्ज माफी की मांग लेकर आंदोलन पर उतरे थे।

शनिवार, 30 सितंबर, 2023 को पटियाला में अपने विरोध प्रदर्शन के दौरान रेलवे ट्रैक को अवरुद्ध करते भटेरी कलां भारतीय किसान यूनियन (एकता) के कार्यकर्ता। (पीटीआई फोटो)

अपने हक के लिए आवाज उठाना हर नागरिक का लोकतांत्रिक अधिकार है। मगर इसका तरीका भी लोकतांत्रिक होना चाहिए। अपने हक की आवाज उठाने से अगर किसी की निजता में खलल पड़ता है, तो उस पर अंगुली उठना स्वाभाविक है। पंजाब में किसान आंदोलन की वजह से जिस तरह रेल सेवाएं बाधित हुईं और मुसाफिरों को नाहक परेशानी उठानी पड़ी, उससे एक बार फिर आंदोलन के तरीके को लेकर सवाल उठे हैं।

पंजाब और हरियाणा के किसान बाढ़ और बारिश की वजह से फसलों को हुए नुकसान के माकूल मुआवजे, न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने और कर्ज माफी की मांग लेकर आंदोलन पर उतरे थे। हालांकि उन्होंने इसकी घोषणा पहले ही कर दी थी कि अगर सरकारें उनकी मांगें नहीं मानेंगी, तो वे तीन दिन का रेल रोको आंदोलन करेंगे।

मगर शायद रेलवे ने उनकी इस चेतावनी को गंभीरता से नहीं लिया और जब किसान रेल की पटरियों पर बैठ गए, तब गाड़ियों का रास्ता बदला गया, कई गाड़ियां रद्द कर दी गईं। इससे हजारों लोगों को तीन दिन तक परेशानियों का सामना करना पड़ा। सबसे अधिक दिक्कतें लोगों को कटरा और जम्मू में पेश आईं। किस तरह लोगों ने रेलवे स्टेशनों पर बैठ कर रातें गुजारीं, किस तरह बहुत सारे लोगों को अपने कई जरूरी काम छोड़ने पड़े, उसके ब्योरे सामने आ रहे हैं।

यह पहली बार नहीं है, जब किसान बर्बाद हुई फसलों के मुआवजे, फसलों की वाजिब कीमत और कर्जमाफी वगैरह को लेकर आंदोलन पर उतरे और इस तरह यातायात बाधित किया। चंडीगढ़ से दिल्ली को जोड़ने वाले राजमार्ग को कई बार बाधित किया जा चुका है, इस बार भी लोगों को घंटों सड़कों पर रुके रहना पड़ा। किसानों की मांगों को अनुचित नहीं कहा जा सकता, हालांकि सरकारों के लिए उन्हें पूरा करने में कई तरह की अड़चनें पेश आ सकती हैं।

मगर इसका मतलब यह नहीं कि उनकी बात सुनी ही न जाए। अगर सरकार उनसे बातचीत करके बीच का कोई रास्ता निकालने का प्रयास करती, तो शायद बार-बार इस तरह किसानों को कठोर कदम न उठाने पड़ते। पंजाब और हरियाणा में किसानों के संगठन ताकतवर और सक्रिय हैं, इसलिए वे सरकारों पर दबाव बनाने की स्थिति में आ जाते हैं।

फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने का कानून बनाने पर उसी समय सहमति बन गई थी, जब तीन कृषि कानूनों को समाप्त करने की घोषणा हुई थी। मगर अभी तक उस दिशा में कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया जा सका है, इसलिए किसान हर नई मांग के साथ उस मांग को नत्थी कर देते हैं।

दरअसल, तीन कृषि कानूनों के खिलाफ खड़ा हुआ आंदोलन इस घोषणा के साथ समाप्त हुआ था कि अगर न्यूनतम समर्थन मूल्य का कानून नहीं बनता है, तो किसान फिर से आंदोलन पर लौट आएंगे। इस तरह रेल रोको आंदोलन के जरिए किसानों ने यह भी संदेश देने की कोशिश की कि सरकार को जल्दी इस दिशा में गंभीरता दिखानी चाहिए।

## अपराधियों को सजा दिलाने में कानूनी अड़चनें

समाज में प्रचलित मान्यताओं या कायदों के समांतर कानूनी कसौटियों को लेकर अक्सर बहस होती रही है। कई बार यह किसी जोखिम वाले सामाजिक तबके के हक में बने कानूनों और जमीनी स्थितियों के बीच खींचतान के रूप में भी विवाद का विषय बनता है।

विधि आयोग द्वारा पिछले सप्ताह सरकार को सौंपी गई रपट में यौन संबंधों के लिए सहमति उम्र के मसले पर आए सुझावों की व्यावहारिक अहमियत इस रूप में है कि आमतौर पर इसे तकनीकी प्रश्न के रूप में देखा जाता है, लेकिन संदर्भों के लिहाज से कई बार वह एक संवेदनशील स्थिति होती है। इसी तरह, आयोग ने चरणबद्ध तरीके से ई-एफआइआर का पंजीकरण शुरू करने की भी सिफारिश की है, जिसकी शुरुआत तीन साल की जेल की सजा वाले अपराधों से होगी। जहां तक पाक्सो अधिनियम का सवाल है, तो इसे बच्चों को यौन अपराधों से बचाने के लिहाज से एक प्रगतिशील कदम के तौर पर देखा जाता है। इससे पहले बच्चों से होने वाले यौन दुर्व्यवहार के मामले में कानूनी जटिलताओं की वजह से कई बार अपराधियों को वाजिब सजा दिलाने में अड़चनें सामने आती थीं। लेकिन इस कानून के लागू होने के बाद यौन हिंसा संबंधी अपराधों से बच्चों को संरक्षण और दोषियों को सजा दिलाने के मामले में काफी प्रभावी नतीजे देखे गए हैं।


हालांकि भारत में सामाजिक स्तर पर कई बार ऐसी स्थितियां देखी जाती रही हैं, जिनमें सोलह से अठारह वर्ष के किशोरों के बीच मौन स्वीकृति से बने यौन संबंधों को पाक्सो कानून के तहत अपराध के दायरे में देखा जाता है। इसलिए सहमति से यौन संबंधों की उम्र को अठारह वर्ष से कम करने की मांग भी उठती रही है। अब विधि आयोग ने सरकार को पाक्सो कानून के तहत सहमति की मौजूदा उम्र में कोई बदलाव न करने का सुझाव दिया है।

साथ ही आयोग ने सोलह से अठारह वर्ष के बीच के किशोरों की परस्पर सहमति से बने संबंधों से जुड़े मामलों में सजा सुनाने के संदर्भ में निर्देशित न्यायिक विवेक का उपयोग करने की सलाह दी है। भारत में कानूनी स्तर पर तय उम्र से पहले यानी नाबालिगों के विवाह या सामाजिक जीवन से जुड़ी अन्य स्थितियों के मद्देनजर कई बार सहमति से बने यौन संबंधों को अपराध के वर्ग में रखने को लेकर सवाल उठाया जाता है। मगर इस पर विधि आयोग की चिंता वाजिब है कि अगर इस मामले में उम्र में छूट दी गई तो न केवल बाल दुर्व्यवहार और बाल विवाहों, बल्कि बाल तस्करी के खिलाफ भी लड़ाई पर इसका नकारात्मक असर पड़ेगा। गौरतलब है कि बाल तस्करी के मामलों में सजा की दर पहले ही काफी कम रही है।

समाज में प्रचलित मान्यताओं या कायदों के समांतर कानूनी कसौटियों को लेकर अक्सर बहस होती रही है। कई बार यह किसी जोखिम वाले सामाजिक तबके के हक में बने कानूनों और जमीनी स्थितियों के बीच खींचतान के रूप में भी विवाद का विषय बनता है। ऐसे में जोखिम वाले तबके के रूप में बच्चों और किशोरों को चिह्नित करके उनके संरक्षण या हित में बने कानून को उसके वास्तविक संदर्भों में ही देखा जाना चाहिए। इसके अलावा, किसी वारदात के बाद पीड़ित की ओर से पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने में देरी और उसमें टालमटोल के मामले छिपे नहीं रहे हैं।

इसकी वजह से कई बार अपराधियों को उचित सजा नहीं मिल पाती है। इसके मद्देनजर विधि आयोग ने चरणबद्ध तरीके से ई-एफआइआर का पंजीकरण करने की सिफारिश की है, ताकि नागरिक वास्तविक समय में अपराध की सूचना पुलिस महकमे को दे सकें। जाहिर है, विधि आयोग के ताजा सुझाव वास्तविक स्थितियों के आकलन और कानून की कसौटियों को उनकी व्यावहारिकता में देखने की जरूरत दर्शाते हैं।

# बलूचिस्तान बन गया पाकिस्तान के लिए नासूर



अभिनय आकाश

विलय संधि की स्याही अभी पूरी तरह सूखी भी नहीं थी कि विरोध शुरू हो गया। उस वर्ष जुलाई में, खान के भाई, प्रिंस अब्दुल करीम ने परिग्रहण समझौते के खिलाफ विद्रोह कर दिया।

पाकिस्तान के बलूचिस्तान में अक्सर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन होता रहता है। माना जाता है कि बलूचिस्तान कभी भी पाकिस्तान का दूसरा बांग्लादेश बन सकता है। बांग्लादेश के पाकिस्तान से अलग होने की कहानी तो आपको पता ही होगी। वैसे ही आने वाले वक्त में बलूचिस्तान भी पाकिस्तान से अलग हो जाए। ये माना जाता है कि पाकिस्तान ने बलूचिस्तान को जबरदस्ती कब्जे में किया था। इन सब के बावजूद पाकिस्तान का ये प्रांत पिछले कई दशकों से अस्थिर रहा है। ताजा मामला फिर से एक बार सामने आया है। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत के मस्तुंग जिले में 29 सितंबर को एक आत्मघाती हमले में कम से कम 53 लोगों की मौत हो गई और 70 से अधिक अन्य घायल हो गए। हालांकि अभी तक किसी संगठन ने ब्लास्ट की जिम्मेदारी नहीं ली है। तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी) ने तुरंत इससे दूरी बना ली है। यह 2018 के बाद से पाकिस्तान में सबसे घातक आतंकवादी हमला है, जब उसी जिले में एक आत्मघाती बम विस्फोट में 149 लोग मारे गए थे। एक बयान में कार्यवाहक आंतरिक मंत्री सरफराज बुगती ने बम विस्फोटों की निंदा की और इसे जघन्य कृत्य बताया। राष्ट्रपति अल्वी और कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल-हक-काकर ने अलग-अलग संदेशों में एकता का आह्वान किया है और लोगों से पैगंबर की शिक्षाओं का पालन करने के लिए कहा है।

सबसे बड़ा पाकिस्तानी प्रांत बलूचिस्तान देश के बाकी हिस्सों की तुलना में कम आबादी वाला और गरीब भाग है। वहीं, इसकी अवस्थिति और प्राकृतिक संसाधनों विशेषकर तेल की प्रचुरता इसे पाकिस्तान के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बनाती है। यह प्रांत 1948 से खूनी विद्रोहों, क्रूर राज्य दमन और एक स्थायी बलूच राष्ट्रवादी आंदोलन की एक श्रृंखला का स्थल रहा है।

### जबरन धोखे से कब्जा

स्वतंत्रता के समय इस क्षेत्र में मकरान, लास बेला, खारन और कलात शामिल थे, जिनके आदिवासी प्रमुखों ने अंग्रेजों के प्रति निष्ठा की शपथ ली थी। कलात का मुखिया सबसे शक्तिशाली था, बाकी लोग उसके प्रति सामंती निष्ठा रखते थे। जैसे ही उपमहाद्वीप से ब्रिटिश वापसी करीब आई, कलात के अंतिम प्रमुख अहमद यार खान ने खुले तौर पर एक स्वतंत्र बलूच राज्य की वकालत करना शुरू कर दिया। उन्हें उम्मीद थी कि मुहम्मद अली जिन्ना के साथ उनकी व्यक्तिगत दोस्ती उन्हें पाकिस्तान में शामिल होने के बजाय अपना राज्य सुरक्षित करने में मदद करेगी। और 11 अगस्त, 1947 को उनकी दृष्टि तब फलीभूत होती दिखी जब पाकिस्तान ने उन्हें शामिल होने के लिए मजबूर करने के बजाय उनके साथ मित्रता की संधि पर हस्ताक्षर किए। हालाँकि, ब्रिटिश क्षेत्र में रूसी विस्तारवाद से सावधान थे, इसके सख्त खिलाफ थे। इसके बजाय कलात का पाकिस्तान में विलय चाहते थे। इससे भी अधिक जटिल मामला यह था कि कलात के तीन सामंत पाकिस्तान में शामिल होना चाहते थे। इस प्रकार, अक्टूबर 1947 तक, पाकिस्तान ने अपना सुर बदल लिया और विलय के लिए दबाव डालना शुरू कर दिया। आखिरकार हालात तब बिगड़ गए जब 17 मार्च, 1948 को पाकिस्तान सरकार ने कलात के तीन सामंती राज्यों के विलय को स्वीकार करने का फैसला किया, जिससे कलात चारों ओर से ज़मीन से घिरा रह गया और उसके पास आधे से भी कम भूभाग रह गया। इसके अलावा, ऑल इंडिया रेडियो पर अफवाह फैल गई कि खान वास्तव में भारत में शामिल होना चाहते हैं। इसने 26 मार्च, 1948 को पाकिस्तानी सेना को बलूचिस्तान में जाने के लिए प्रेरित किया। प्रमुख ने एक दिन बाद विलय की संधि पर हस्ताक्षर किए।




विलय संधि की स्याही अभी पूरी तरह सूखी भी नहीं थी कि विरोध शुरू हो गया। उस वर्ष जुलाई में, खान के भाई, प्रिंस अब्दुल करीम ने परिग्रहण समझौते के खिलाफ विद्रोह कर दिया। 1948, 1958-59, 1962-63 और 1973-1977 में लड़े गए, और वर्तमान में 2003 से जारी हैं। इन विद्रोहियों से पाकिस्तानी बलों द्वारा क्रूरता से निपटा गया है, जिन पर कई अत्याचार करने का आरोप लगाया गया है। बलों पर अपहरण, यातना, मनमाने ढंग से गिरफ़्तारी और फाँसी देने की रिपोर्टें आई हैं। 2011 की एमनेस्टी इंटरनेशनल रिपोर्ट में पाकिस्तानी बलों की मार डालो और फेंक दो की रणनीतियों के बारे में बात की गई थी, जिसमें कर्मी अक्सर वर्दी में कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, पत्रकारों और वकीलों को उठाते हैं, जानकारी के लिए उन्हें प्रताड़ित करते हैं, फिर उन्हें गोली मार देते हैं और उनके शवों को फेंक देते हैं। हालांकि बलूच राष्ट्रवादियों और निर्दोष नागरिकों के हताहत होने की सटीक संख्या बताना मुश्किल है, यहां तक ??कि रूढ़िवादी अनुमान भी 1948 के बाद से इसे हजारों में बताते हैं। एनजीओ वॉयस फॉर बलूच मिसिंग पर्सन्स के अनुसार, लगभग 5,228 बलूच लोग लापता हो गए हैं। 2001 और 2017 के बीच की अवधि। हालाँकि, बलूच राष्ट्रवादी समूहों और विद्रोहियों पर स्वयं मानवाधिकार उल्लंघन का आरोप लगाया गया है, जिसमें क्षेत्र में रहने वाले गैर-बलूच लोगों की जातीय सफाई का प्रयास भी शामिल है। हाल के वर्षों में बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट और बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी जैसे बलूच राष्ट्रवादी संगठन टीटीपी और इस्लामिक स्टेट सहित इस्लामी संगठनों के करीब बढ़ गए हैं।

इस्लामाबाद स्थित गैर सरकारी संगठन, पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर पीस स्टडीज की %पाकिस्तान सुरक्षा रिपोर्ट 2022% के अनुसार, अकेले 2022 में विद्रोहियों और उनके इस्लामी सहयोगियों ने बलूचिस्तान के अंदर और बाहर 71 हमले किए हैं, जिनमें मुख्य रूप से सुरक्षा और सैन्य कर्मियों को निशाना बनाया गया है। ऐसे में बड़ा सवाल कि आखिर ये संघर्ष इतने लंबे समय तक क्यों बना रहा? एक मूलभूत कारण जातीय भिन्नता है। बलूचिस्तान के लोगों का साझा इतिहास, भाषा और अन्य सांस्कृतिक समानताएं पंजाबियों या सिंधियों से बहुत अलग हैं। पाकिस्तान का निर्माण धर्म के आधार पर हुआ था. हालाँकि, विभिन्न मुस्लिम जातियों के बीच विषम शक्ति संबंध लगभग तुरंत ही दिखाई देने लगे थे। पंजाबी जमींदारों की पाकिस्तान की नौकरशाही पर लगभग निर्विवाद पकड़ थी। जातीय मतभेद 1971 में पूर्वी पाकिस्तान के टूटने का कारण थे और बलूच राष्ट्रवाद के पीछे प्रेरक शक्ति भी हैं। बलूच लोगों की गहरी आर्थिक और राजनीतिक शिकायतें जातीय मतभेदों को बढ़ा रही हैं। सबसे हालिया संघर्ष वास्तव में लगभग पूरी तरह से आर्थिक अलगाव की भावना से प्रेरित था। बलूच राष्ट्रवादियों का तर्क है कि बलूच लोग स्वयं बलूचिस्तान के प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों का लाभ नहीं उठाते हैं। चीन समर्थित ग्वादर बंदरगाह का निर्माण कुछ मायनों में बलूच आबादी के सामने आने वाले आर्थिक अन्याय का प्रतीक है। शिक्षित बलूच आबादी के बीच बेरोजगारी के अत्यधिक उच्च स्तर के बावजूद, इस परियोजना के लिए पंजाबी और सिंधी इंजीनियरों और तकनीकी विशेषज्ञों को सामूहिक रूप से काम पर रखा गया था। हाल के वर्षों में, बलूच उग्रवादियों ने परियोजना में शामिल चीनी अधिकारियों को नियमित रूप से निशाना बनाया है। पाकिस्तानी सरकार ने खुद ही देश को अस्थिर करने के लिए भारत और ईरान समेत विदेशी तत्वों पर क्षेत्र में समस्या पैदा करने का आरोप लगाया है। 2016 में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने स्वतंत्रता दिवस के भाषण में पाकिस्तान के अत्याचारों और बलूच लोगों के दमन का उल्लेख किया तो पाकिस्तान में हंगामा मच गया।

# भारत ग्लोबल साउथ की सशक्त आर्थिक आवाज

भारत स्वतंत्रता की प्राप्ति के बाद अथक प्रयास करने के पश्चात आधुनिक भारत के स्वप्न दृष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी कार्यप्रणाली इसी सोच के साथ आगे बढ़ाई थी कि भारत अब एक समृद्ध, शक्तिशाली एवं आर्थिक रूप से संपन्न राष्ट्र के रूप में वैश्विक स्तर पर उभर कर आया है। इसी तारतम्य में 1952 से प्रारंभ की गई पंचवर्षीय योजनाओं के तहत कृषि, उद्योग, विज्ञान और स्वास्थ्य में वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा सोच को मूर्त रूप दिया गया था।

समय समय मैं सरकारें बदलती रहे और भारत विकास की ओर धीरे-धीरे बढता रहा। आज वर्तमान में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में आर्थिक स्थिति में जबरदस्त विकास किया है, भारत विश्व में पांचवी आर्थिक स्थिति बन चुका है दूसरी तरफ विज्ञान तथा टेक्नोलॉजी में भी अहम स्थान रखता है। सामरिक तौर पर भी भारत की सेना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना विशेष स्थान रखती है ।अब पाकिस्तान या चीन की इतनी हिम्मत नहीं है कि वह सीधा भारत पर आक्रमण कर सकें। भारत ने विकास कर यह साबित कर दिया है भारत अब पुराना भारत नहीं रहा है और अब किसी भी विषम परिस्थिति मैं भारत सीना तान कर खड़ा हुआ हैद्य

मैं किसी पार्टी विशेष का पक्षधर नहीं हूं जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी ,अटल बिहारी वाजपेई, डॉ मनमोहन सिंह और अब नरेंद्र मोदी जी ने भारत को वैश्विक पटल पर एक सम्मानजनक इस स्थिति में ला खड़ा किया हैद्य अटल बिहारी जी के नेतृत्व में हम परमाणु शक्ति संपन्न देश बने थे और इंदिरा गांधी जी के नेतृत्व में हमने 1971 में पाकिस्तान को बुरी तरह हराकर कर उसका विभाजन कर बांग्लादेश नामक नए देश का जन्म करवाया थाद्य

पर मैं यहां बात विकास के वास्तविक धरातल और देश में गरीबी तथा बेरोजगारी उन्मूलन की करना चाह रहा हूं. हमारा देश अभी भी गरीबी ,बेरोजगारी ,भुखमरी, असमानता, अंधविश्वास, आडंबर और धार्मिक कट्टरपंथ का सामना करते हुए उस गति से विकास नहीं कर पा रहा है जिसके लिए वह अत्यंत समर्थ हैद्य आज भारत की धमक अमेरिका से लेकर जापान तथा अफ्रीकी देशों में भी है भारत के प्रधानमंत्री मोदी जी का स्वागत अमेरिका फ्रांस ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड ब्राजील इजरायल और सऊदी अरेबिया देश के अनेक राज्यों के राष्ट्रीय प्रमुख हुक्मरानों ने दिल खोलकर किया है, नरेंद्र मोदी की वैश्विक हैसियत इसी बात से पता चलती है कि बाहुबली अमेरिका के राष्ट्रपति ने उनका ऑटोग्राफ लेने की गुजारिश की है और पापुआ न्यू गिनी के राष्ट्र प्रमुख ने उनके चरण छूकर उनका अभिवादन किया ,यह संभवत चमत्कारिक प्रभाव भारत के शक्तिशाली होने एवं वैश्विक शांति के प्रति देश की प्रतिबद्धता के कारण ही हुआ हैद्य

पर दूसरी तरफ भारत की अंदरूनी स्थिति में भारत 140 करोड़ की जनसंख्या वाला देश हो गया हैद्य विकास की कल्पना में भारत आर्थिक तौर पर एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित हो, इस स्थान पर गरीबी बेरोजगारी असमानता का उन्मूलन हो चुका हो। इसी तरह भारत कच्चे तेल के संकट से मुक्त होकर उर्जा संपन्न देश बने और भारतीय मुद्रा का चलन वैश्विक स्तर मैं सम्मान पूर्वक हो सके।




# क्या भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने जा रही है?



अशोक मधुप

क्या भाजपा पश्चिम उत्तर प्रदेश के गढ़ को फतह करने के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने जा रही है? बीजेपी सांसद और केंद्र सरकार में राज्यमंत्री संजीव बालियान ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश को यूपी से अलग प्रदेश बनाने जाने की मांग कर इस आंशका को बढ़ा दिया है। बीजेपी से जुड़े जाट नेताओं की मेरठ में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद में संजीव बालियान ने कहा कि पश्चिम उत्तर प्रदेश अलग राज्य बने। इसके बाद यह देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य होगा।केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान भी इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश एक अलग राज्य बने और मेरठ उस राज्य की राजधानी हो। इसकी मांग लंबे समय से हो रही है लेकिन अभी तक ऐसा नहीं हो सका। बाद में पत्रकारों से रूबरू केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने इस मुद्दे को विस्तार देकर बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश केवल नौ करोड़ की आबादी वाला इलाका है। यूपी में सबसे ज्यादा राजस्व देने वाला इलाका है और यह इलाका शिक्षा, कृषि, उद्योग से समृद्ध भी है। अगर पश्चिमी उत्तर प्रदेश अलग राज्य बनता है तो यह देश का सबसे बेहतरीन राज्य होगा। यहां विकास की अपार संभावनाएं होंगी। उन्होंने यह भी बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजधानी मेरठ बने। सब जानते हैं कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सियासी राजधानी भी मेरठ को कहा जाता है।

बेहतर कानून-व्यवस्था, अयोध्या में श्रीराममंदिर और जन कल्याणकारी योजनाओं को देने के बावजूद 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तरप्रदेश में बीजेपी की राह आसान नहीं दिखती। घोसी के विधानसभा उपचुनाव में हार के बाद अब बीजेपी को इंडिया गठबंधन लोकसभा की राह का रोड़ा प्रतीत हो रहा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की विजय तो उससे पहले ही दूर थी। अब और ज्यादा दुरूह लग रही है।भाजपा इसी इंडिया गठबंधन की काट निकालने की कोशिश कर रही है।पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलग-अलग समाज के लोगों से विचार कर मंथन कर रही है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लोकसभा की चुनावी वैतरणी से कैसे पार लगा जाए । केंद्रीय सेवाओं में जाट आरक्षण



बहाली को लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट आंदोलन का मूड बनाए बैठे हैं। इस आंदोलन की काट ढूंढने के लिए का रविवार को मेरठ में आयोजन किया। इस आयोजन में हर एक राजनीतिक दल के नेता आमंत्रित किए गए थे।

पश्चिमी यूपी को हरित प्रदेश बनाकर अलग राज्य का दर्जा देने की मांग करीब तीन दशक पुरानी है। इस क्षेत्र में समाज के हर वर्ग के लोग अलग राज्य की मांग के लिए आंदोलन करते रहे हैं। ऐसा नहीं है कि यह इलाका है या यहां उद्योग धंधे नहीं हैं। यहां के लोगों की मुख्य शिकायत प्रमुख प्रशासनिक केंद्रों का विकेंद्रीकरण न होना है। अधिकतर सभी प्रमुख संस्थान लखनऊ और उसके पास ही केंद्रिंत हैं है।पश्चिमी उत्तर प्रदेशवासियों को यहां जाने में काफी परेशानी उठानी पडती है।इलाहाबाद हाईकोर्ट की पश्चिम में अलग बैंच बनाने की मांग तो 1956 से चली आ रही है।पश्चिम उत्तर प्रदेश के वादकारियों और अधिवक्ताओं की मांग रही है कि लाहोर से ज्यादा दूर उन्हें इलाहाबाद पड़ता है। पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बैंच बने इस मांग को लेकर 1980 में तीर्व आंदोलन हुआ था। इसे पूरा न होते देख सुझाव आया कि हाईकोर्ट की बैंच की मांग छोडकर अलग प्रदेश की मांग करो। अलग प्रदेश बनेगा तो बैंच नहीं प्रदेशा का अपना ही हाईकोर्ट होगा।

पश्चिमी यूपी का इलाका हर दृष्टि से प्रदेश के अन्य हिस्सों से आगे है। यहां के निवासियों का आरोप रहा है कि हमारे द्वारा दिया गया राज्य पूर्वी उत्तर प्रदेश के विकास में लग रहा है। प्रदेश में लगभग छह साल से भाजपा की सरकार है।इस दौरान भी कुछ नही हुआ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बारे में शिकायत रही है कि उनका ध्यान पूर्वी उत्तर प्रदेश और गोरखपुर के विकास पर ज्यादा है।पश्चिमी उत्तर प्रदेश की उपेक्षा के कारण कभी पश्चिमी उत्तर प्रदेश और कभी हरित प्रदेश के नाम से लोगों ने संघर्ष किया है, पर आज तक मांग नहीं सुनी गई। उत्तराखंड को अलग किए जाने के बाद यह मांग और ज्यादा मुखर हुई थी ।मायावती अगर अलग राज्य बनाने का प्रस्ताव ला चुकी हैं। वह पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने के बारे में प्रधानमंत्री कोभी अपने मुख्यमंत्री काल में पत्र लिख चुकी हैं।

बिजनौर के स्वामी ओमवेश ने 1989 में इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने बिजनौर, मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, गाजियाबाद, नोएडा, बुलंदशहर, अलीगढ़, मुरादाबाद, अमरोहा, बंदायू, आगरा, बरेली व शाहजहांपुर समेत 17 जिलों को मिलाकर गंगा प्रदेश बनाने की मांग की थी।

इस मांग को लेकर उन्होंने दिल्ली के जंतर मंतर पर इसके लिए प्रदर्शन भी किया था। स्वामी ओमवेश के साथ इस आंदोलन में पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक, वीरेंद्र वर्मा, सोहनवीर सिंह समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के तमाम नेता शामिल हुए थे। इस मुद्दे पर ये तमाम नेता एकजुट हो गए थे।स्वामी ओमवेश ने 1996 तक गंगा प्रदेश को अलग राज्य बनाने का आंदोलन चलाया था। बाद में ये मुद्दा दब गया। रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अजित सिंह ने हरित प्रदेश बनाने की मांग करते हुए 1992 में इस मुद्दे को फिर हवा दी। उन्होंने जोर शोर से अलग प्रदेश बनाने का यह मुद्दा उठाया था।

लगभग दो साल पहले बिजनौर से बसपा सांसद मलूक नागर ने संसद में पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने का मुद्दा उठाकर इसे फिर से हवा दे दी है। उन्होंने छोटे राज्य के फायदे भी बताए। सांसद ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलग राज्य बनने से राजस्थान सरकार ने पिछड़ों के साथ जो अन्याय किया है, उसकी भरपाई की जा सकती है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने की पहले भी मांग उठती रही है।

लोकसभा चुनाव से साल में भाजपा के राज्य मंत्री की इस मांग से ऐसा लगता है कि भाजपा के उच्च नेतृत्व में कुछ चल रहा है। मंथन हो रहा है। हो सकता है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में विपक्ष को चित्त करने के लिए लंबे समय से चली आ रही पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने की मांग पूरी कर दे।

नई दिल्ली
मंगलवार 03 अक्टूबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### विवाहिता को पिलाई खटमल मारने की दवा

मेरठ। मेरठ के लोहियानगर थाना क्षेत्र में जाकिर कालोनी निवासी विवाहिता को उसके ससुराल वालों ने बेड पर रस्सी से बांधकर जबरन खटमल मारने की दवा पिला दी। जिसके बाद विवाहिता की हालत बिगड़ गई। मामले की जानकारी मिलने पर विवाहिता के मायके पक्ष के लोगों ने विवाहिता को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। जाकिर कालोनी निवासी समा पुत्री रहमतउल्ला की शादी करीब 8 वर्ष पूर्व नौचंदी थाना क्षेत्र के जैदी फार्म निवासी शाहरुख के साथ हुई थी। विवाहिता के तीन बच्चे हैं। विवाहिता का आरोप है कि उसका पति शाहरुख सब्जी लेने चला गया। इसी दौरान सास नगीना, ससुर महराज, ननद निशा, देवर सारिक ने मिलकर महिला को बेड पर रस्सी से बांध दिया। यातनाएं देने के बाद खटमल मारने वाली दवा पिला दी। जिसके बाद विवाहिता की हालत बिगड़ गई। आसपास के लोगों द्वारा सूचना मिलने पर विवाहिता के मायके पक्ष के लोग घटनास्थल पर पहुंचकर समां को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं पीड़िता महिला के मायके पक्ष का आरोप है कि मकान के बंटवारे को लेकर समां और उसके पति शाहरुख से उसके ससुराल वालों की कहासुनी हो गई थी। इसी के चलते ससुराल पक्ष के लोगों ने समां से रंजिश रखने लगे। आरोप है कि समां को जान से मारने की नीयत से जहरीला पदार्थ पिला दिया।

### संजय गांधी अस्पताल में धरना जारी

अमेठी जिला। संजय गांधी अस्साल के निलंबित लाइसेंस की बहाली की मांग को लेकर कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन लगातार जारी है। गांधी जयंती के मौके पर अस्साल के कर्मचारियों के धरना प्रदर्शन में कांग्रेस के पूर्व एमएलसी दीपक सिंह शामिल हुए। इस दौरान दीपक ने कर्मचारियों की लड़ाई में उनके साथ खड़े रहने का भरोसा दिया। दरअसल आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर गांधीवादी तरीके से संजय गांधी अस्पताल मुंशीगंज में कर्मचारियों के साथ अनसन सत्याग्रह में कांग्रेस के पूर्व एमएलसी दीपक सिंह शामिल हुए। इस दौरान अस्पताल में काम कर रही नर्सों ने दीपक सिंह की कलाई में राखी बांध अपनी आवाज उठाए जाने के लिए आभार व्यक्त किया। दीपक सिंह ने कहा की संजय गांधी अस्पताल की बहनों की सुरक्षा और रक्षा के लिए आपका भाई प्रतिबद्ध है।अमेठी का हर भाई अपनी बहनों की रक्षा के लिए आगे आएगा। मरीज जब परेशान होता है तो बड़ी उम्मीद भरी नजरों से मदद के लिए अस्पताल के महिला स्टाप को सिस्टर कहकर बुलाता है। इस दौरान दीपक ने केंद्रीय मंत्री और सांसद स्मृति ईरानी पर तंज कसते हुए कहा कि बुआ ने इलाज में सहायक सिस्टर की नौकरी ले ली।सिस्टर का घर कैसे चलेगा, बच्चे कैसे पढ़ेंगे इसका ख्याल ही नहीं आया। देश के सभी डॉक्टरों को मौत के घाट उतारने वाला बता दिया। हम इस लड़ाई से पीछे नहीं हटेंगे।

### पानी के गड्ढे में डूबकर मासूम की मौत

बदायूं। बदायूं में पानी भरे गड्ढे में डूबकर सोमवार को तीन साल के मासूम की मौत हो गई। परिजनों को हादसे की जानकारी घटना के तकरीबन चार घंटे बाद मिली। मासूम का शव पानी में उतराता हुआ मिला। मामले की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। हादसा थाना मूसाझाग इलाके के गांव भगवतीपुर में हुआ। यहां प्रधानमंत्री स्वच्छ पेयजल योजना के तहत ओवरहेड टैंक का निर्माण चल रहा है। निर्माण कार्य के लिए ठेकेदार ने पानी एकत्र करने को वहां लेबर से एक गड्ढा खुदवा लिया है। इसी गांव में रहने वाले डालचंद्र का बेटा अनुज (3) सोमवार को घर से खेलने निकला और गड्ढे में डूब गया। डालचंद्र खेत पर काम करने गया था। परिवार वालों को लगा कि अनुज उसके साथ गया है। दोपहर को जब डालचंद्र लौटा तो परिजनों ने अनुज के बारे में पूछा। जानकारी हुई कि वह डालचंद्र के साथ नहीं था तो पूरे परिवार ने उसकी तलाश शुरू कर दी। इधर, अनुज का शव गड्ढे में उतराता हुआ मिला तो गांव वालों ने डालचंद्र के परिजनों को मामले की जानकारी दी। कुछ देर बाद परिजन रोते-बिलखते मौके पर जा पहुंचे। शव को निकाला गया। जबकि बाद में पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

### कुशीनगर में 14 साल की छात्रा से रेप

कुशीनगर। कुशीनगर में 14 साल की छात्रा के साथ रेप का मामला सामने आया है। पीड़िता अपने भाई और बहन के साथ मार्केट से लौट रही थी तभी रास्ते में गांव के ही 3 युवक मिले। एक युवक ने छात्रा को जबरन पकड़ लिया। पुल के नीचे ले जाकर गन प्वाइंट पर दरिंदगी की। जबकि 2 दोस्त छात्रा की बहन और भाई को पीटते रहे। इसके बाद आरोपी छात्रा का अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने रोते हुए आपबीती अपनी मां को बताई, जिसका वीडियो भी सामने आया है। पूरा मामला पटहेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव का है। पटहेरवा पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश में जुट गई है। पीड़िता की मां ने बताया, मेरी 14 साल की बेटी गांव के पास स्कूल में कक्षा छह में पढ़ती है। 29 सितंबर को बेटी स्कूल से लौटकर घर आई। हमारे घर अगले दिन मेहमान आने वाले थे, इसलिए मैंने उसे मार्केट से मिठाई लाने को कहा। बेटी अपने मुंह बोले भाई और बहन के साथ शाम करीब 6 बजे घर से थोड़ी दूर मार्केट से मिठाई लेने गई थी। पीड़िता ने रोते हुए बताया, जब हम लोग मिठाई लेकर लौट रहे थे तो रास्ते में पठारवा थाना क्षेत्र के बभनौली गांव के रहने वाले तीन अरुण, विकास औरर सदावृक्ष नाम के 3 युवक मिल गए। उन लोगों ने मेरे भाई से बातचीत करनी शुरू कर दी तो मैं वहीं रुक गई।

### थाने में सेंध लगाकर चोरों ने उड़ाया माल

उन्नाव। उन्नाव में सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा यूपी पुलिस का यह स्लोगन कितना कारगर है इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्नाव में आम पब्लिक के घर, दुकान, मकान छोड़ दीजिए। पुलिस थाने तक सुरक्षित नहीं है। हसनगंज थाना परिसर के पुराने थाने में दीवार में सेंध लगाकर चोरों ने हजारों रुपए का माल पार कर दिया है। मामला जब सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, पुलिस अपनी फजीहत को छुपाने के लिए आनन-फानन में दीवार को बनवा कर उस पर रंग रोगन भी कर दिया है। जिम्मेदार थाना प्रभारी ऐसी घटना से इनकार कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार हसनगंज तहसील परिसर में पुराना थाना भवन है। जिसमें अज्ञात चोरों द्वारा थाने की दीवार काटकर सामान चोरों द्वारा पार कर दिया गया। नवीन कोतवाली से महज 50 मीटर की दूरी पर पुराना थाना है। जिसके भवन में पुलिस ने मुकदमों का माल समेत अन्य कीमती सामान रखा हुआ था। इसी में एक दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी भी रहते हैं। अज्ञात चोरों ने थाने की पीछे से दो जगह से दीवार काटकर सामान चोरी कर ले गए हैं। माल चोरी होने से पुलिस महकमे में सुगबुगाहट चलती रही। एक पुलिसकर्मी ने दबी जुबान से बताया कि अंदर रख बैटरी इन्वर्टर चोरी हुए हैं। लेकिन कार्रवाई के डर से कोई बोलने को तैयार नहीं है।

### चाकुओं से गोदकर चौकीदार की हत्या

रायबरेली। रायबरेली में भट्ठे पर तैनात चौकीदार की चाकू से गोदकर निर्मम हत्या कर दी गई। चौकीदार की मौत की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जैसे ही इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक आलोक प्रदेश को लगी मौके पर निरीक्षण करने पहुंचे। क्षेत्रीय अधिकारी महिपाल पाठक को गंभीरता से जांच कर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पूरा मामला खीरो थाना क्षेत्र के दुकनहा स्थित BBF भट्ठे का है। जहां पर छागालाल नाम का युवक चौकीदारी का काम करता था। देर रात को घर से खाना खाने के बाद अपनी ड्यूटी करने के लिए आ गया था। जब सुबह हुई तो देखा गया कि धारदार हथियार से गोदकर मौत के घाट उतार दिया गया। सुबह मृत अवस्था में जब आसपास के मजदूरों ने देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। भट्ठा मालिक को फोन करके जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि जैसे ही घटना की जानकारी मिली तत्काल मौके पर पहुंच गए थे। हर तथ्य पर जांच पड़ताल की जा रही है। आसपास के मजदूरों व परिजनों से पूछताछ की जा रही है। जो भी तथ्य निकाल कर सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बाढ़ प्रभावित जिलों में नहीं सोया कोई भूखा, बांटे गये साढ़े चार लाख लंच पैकेट

## प्रदेश में मानसून के सक्रिय होने से पहले सीएम योगी की समीक्षा बैठक का दिखा असर

लखनऊ। योगी सरकार प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों में जनहानि को रोकने में काफी हद तक कामयाब रही है। इसकी वजह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के बाढ़ प्रभावित जनपदों का लगातार हवाई सर्वे के साथ स्थलीय निरीक्षण रहा है। इतना ही नहीं उन्होंने बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंचकर वहां के लोगों से संवाद के साथ उनके लिए की गई व्यवस्था का बारीकी से मुआयना किया। ऐसे में अत्याधिक बाढ़ प्रभावित 20 जनपदों की 84 तहसीलों में 1310 बाढ़ चौकियों की स्थापना की गयी। साथ ही 2647 मेडिकल टीम का गठन किया गया। वहीं 69,726 खाद्यान्न सामग्री पैकेट और 4,65,048




लंच पैकेट वितरित किये गये।

### प्रदेश के 37 जिलों में हुई सामान्य से अधिक बारिश

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार उत्तर प्रदेश के 13 जनपदों में 1 जून से 15 सितंबर तक अतिवृष्टि यानी 120 प्रतिशत से अधिक बारिश रिकार्ड की गयी है।

इनमें ज्यादातर इलाके पश्चिमी यूपी के हैं। इसी तरह प्रदेश के 24 जिलों में सामान्य से अधिक यानी 120 से 80 प्रतिशत बारिश दर्ज की गयी है। इनमें ज्यादात्तर इलाके पश्चिमी, मध्य और बुंदलेखंड के जिले शामिल हैं। वहीं 31 जिलों में सामान्य यानी 80 से 40 प्रतिशत बारिश हुई है।

उधर, प्रदेश के 7 जिलों में सामान्य से कम यानी 40 प्रतिशत से कम वर्षा हुई है। राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में मानसून के सक्रिय होने से पहले ही बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की थी।

बैठक में उन्होंने प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों में जनमानस और मवेशियों को हर संभव मदद देने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिये थे। इसके लिए पहले से पूरी पुख्ता तैयारियों रखने के आदेश दिया था ताकि जन हानि को शून्य किया जा सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी सोच का असर भी देखने को मिला। प्रदेश में बाढ़ से प्रभावित 37 जनपदों में राहत कार्यों के चलते जन हानि काफी कम रही।

राहत आयुक्त नवीन कुमार ने बताया कि प्रदेश के 37 जिलों में सामान्य से अधिक बारिश हुई। इनमें से 34 जिले बाढ़ से प्रभावित रहे। वहीं प्रदेश के 20 जिले अत्याधिक बाढ़ प्रभावित रहे, जहां पर युद्धस्तर पर राहत कार्य किए गए।

# केंद्र में बनेगी इंडिया गठबंधन की सरकार : विनीत कुशवाहा

जौनपुर। समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर विनीत कुशवाहा ने दावा किया कि 2024 के चुनाव में नौजवानों की बड़ी भूमिका होगी और केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी।

समाजवादी छात्र सभा राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर विनीत कुशवाहा सोमवार को संगठन विस्तार हेतु जौनपुर में समाजवादी पार्टी कार्यालय पर निवर्तमान जिलाअध्यक्ष डॉ अवधनाथ पाल के नेतृत्व में नौजवान साथियों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। वहीं पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर बैठक को संम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केन्द्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी, तो देश राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर और डॉ राममनोहर लोहिया और नेताजी के सिद्धांतो और उनके बताए रास्ते पर चलेगा, लेकिन अगर पीछे रह गए तो भाजपा संविधान बदलकर न जाने किस रास्ते पर ले जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछड़े और दलितों ने ताकत देकर केन्द्र में एनडीए की सरकार बनायी थी। भाजपा सरकारों ने इन्हीं वर्गों का शोषण किया। पिछड़े और दलित छोड़ देंगे तो एनडीए कहीं नहीं बचेगी। उन्होंने कहा कि पिछड़ी, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं के कोटा के बिना महिला आरक्षण कानून अधूरा है।

अध्यक्षता करते हुए डॉ पाल ने कहा कि आज हर समाज और दल के लोग जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं। सभी चाहते हैं कि जातीय जनगणना हो, जिस जाति की जो आबादी हो उसके हिसाब से हक मिले। आज पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक खास कर मुस्लिम भाई, नौकरी, रोजगार या संस्थानों में हर जगह पीछे हैं।

# पूर्वोत्तर रेलवे : चार एक्सप्रेस ट्रेनों के शुरू होंगे स्टॉपेज

फर्रुखाबाद। पूर्वोत्तर रेलवे इंज्जतनगर मंडल के फर्रुखाबाद -कानपुर अनवरगंज रेलखंड में गुरसहायगंज स्टेशन पर दो तथा जसोदा स्टेशन पर दो समेत चार एक्सप्रेस ट्रेन के 4 अक्टूबर से 10 अक्टूबर के मध्य नये स्टापेज शुरू होंगे। यह जानकारी आज सोमवार को पूर्वोत्तर रेलवे इंज्जतनगर मंडल रेल प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि रेल यात्रियों की बढ़ती हुई मांग पर रेल प्रशासन ने उदयपुरसिटी-कामाख्या के मध्य चलने वाली 19615 साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन आगामी10अक्टूबर 2023 से जो गुरसहायगंज स्टेशन पर 8.56 बजे पहुंचेगी और यहां 2 मिनट रुकने के बाद 8-58 बजे कानपुर अनवरगंज की ओर रवाना हो जाएगी। इसी क्रम में कामाख्या से उदयपुर सिटी को जाने वाली साप्ताहिक 19616 आगामी 10 अक्टूबर 2023से गुरसहायगंज स्टेशन 5: 39 बजे पहुंचेगी और 2 मिनट रुकने के बाद 5: 41 बजे फर्रुखाबाद की ओर रवाना हो जाएगी। रेल प्रवक्ता ने आगे बताया कि भिवानी से दिल्ली वाया फर्रुखाबाद,कानपुर होकर प्रयागराज तक चलने वाली कालिंद्री एक्सप्रेस 14724 आगामी चार अक्टूबर 2023से जसोदा स्टेशन पर 7:12 बजे पहुंच कर 2 मिनट रुकने के बाद 7:14 बजे कानपुर होकर प्रयागराज के लिए रवाना होगी।

### रायबरेली : बुजुर्ग का शव बरामद

रायबरेली। उत्तर प्रदेश में रायबरेली के खींरो इलाके में सोमवार को एक बुर्जुग का शव बरामद हुआ, जिसके सिर पर चोट के निशान थे। मृतक की हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि खींरो इलाके के अजितपुर गांव के पास एक बुजुर्ग का शव बरामद हुआ है जिसके सिर पर चोट के निशान थे। आशंका जताई जा रही है कि मृतक की हत्या की गई होगी। बताया गया कि अजीतपुर गांव में आशु सिंह का ईंटो का भठ्ठा है जिसमे मृतक चौकीदारी का काम करता था। मृतक का शव लोगो ने तड़के सुबह लोगों ने देखा , जिससे हड़कंप मच गया। आनन फानन पुलिस को सूचित किया गया। सूचना पर पुलिस दल व फोरेंसिक की टीम मौके पर पहुंच गई।

# महोबा : ट्रक और ट्रॉला की आमने -सामने भिड़ंत, एक की मौत व तीन अन्य गंभीर

**महोबा।** उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के कबरई क्षेत्र में आज एक ट्रक और ट्राला की आमने.सामने हुई जोरदार भिड़ंत में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस उप अधीक्षक आर पी राय ने बताया कि कानपुर.सागर राष्ट्रीय राजमार्ग में बरबई तिराहा के पास हुई दुर्घटना के समय ट्रक यहां कबरई स्थित स्टोन क्रेसर से ग्रिट लोड करके कानपुर की ओर जा रहा था। तभी सामने से बेहद रफ्तार में आ रहा अनियंत्रित ट्राला सीधे ट्रक से जा भिड़ा। यह टक्कर इतनी जोरदार रही कि ट्रॉला का अगला हिस्सा ट्रक में घुस गया। जिससे ट्रक




चालक बुरी तरह से कुचल कर मौके पर ही मौत का शिकार बन गया जबकि ट्राला का चालक और दोनों वाहनों के खलासी बुरी तरह से घायल हो गए।

पुलिस उप अधीक्षक ने बताया कि ट्रक चालक रवि प्रताप के शव को क्षत-विक्षत हालत में मुश्किल से बाहर निकाला जा सका। पुलिस ने उसके शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। महोबा के जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराये गए ट्रॉला चालक रोहित पांडेय की हालत भी गंभीर बनी हुई है। दोनों गाड़ियों के खलासियों ओमप्रकाश व दिनेश को सघन चिकित्सा कक्ष में रखकर इलाज किया जा रहा है।

पुलिस उप अधीक्षक ने बताया कि दुर्घटना के चलते वाहनों का आवागमन रुक जाने से करीब दो घण्टे तक कानपुर-सागर राजमार्ग में जाम लगा रहा। पुलिस द्वारा क्रेन मशीन मंगाकर दोनों गाड़ियों को सड़क से हटाए जाने के बाद राजमार्ग में वाहनों की आवाजाही शुरू हो सकी।

# बुलंदशहर की महिला दरोगा की दिल्ली में हत्या

## 2 साल बाद मिला कंकाल, कांस्टेबल समेत 3 गिरफ्तार





बुलंदशहर। दिल्ली पुलिस की पूर्व कांस्टेबल और यूपी पुलिस में सब इंस्पेक्टर चुनी गईं एक लड़की की हत्या के आरोप में 3 लोगों को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। मृतक दारोगा बुलंदशहर की रहने वाली थी। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने 2 साल बाद बुराड़ी के पुस्ता इलाके से लड़की का कंकाल बरामद किया है। डीएनए प्रोफाइलिंग के जरिए आगे की पुष्टि के लिए इसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। इनकी पहचान अलीपुर निवासी कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह (42), झज्जर निवासी रविन (26) और राजपाल (33) के तौर पर हुई।

स्पेशल सीपी रविंद्र यादव ने बताया कि पीएस मुखर्जी नगर में 20 अक्टूबर 2021 को 28 साल की एक लड़की की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। वह 8 सितंबर से लापता थी। लड़की के परिजन को गुमराह करने के लिए रविन ने अरविंद बनकर कई फोन किए। एक कॉल फर्जी दस्तावेजों पर जारी सिम से की गई। जो राजपाल ने रविन के कहने पर जारी हुआ था। रविन ने पूछताछ में बताया कि वह कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह का बहनोई है। सुरेंद्र ने पूछताछ होने पर लड़की की हत्या में अपनी संलिप्तता कबूल कर ली।

### ड्यूटी के दौरान दोस्ती, गला घोंटकर नाले में डुबाया

सुरेंद्र और मोनिका 2018 में पीसीआर यूनिट में तैनात थे। ड्यूटी के दौरान उनकी अच्छी दोस्ती हो गई। 2020 में लड़की ने सिविल सेवा की तैयारी के लिए इस्तीफा दिया और मुखर्जी नगर में पीजी में रहने लगी। वह उसकी मांगों से सहमत नहीं थी। 8 सितंबर 2021 को उनकी लड़ाई हुई। वह उसे बुराड़ी ले गया। वहां उसका गला घोंटा व पुश्ते के पास नाले में डुबो दिया।

### लखीमपुर खीरी में डूबने से एक की मौत

लखीमपुर-खीरी। लखीमपुर खीरी के ईसानगर क्षेत्र के पोखरा अचरौरा गांव के समीप घाघरा नदी किनारे शौच को गए 65 वर्षीय बुजुर्ग का पैर फिसल गया। इसके बाद वो नदी की तेज धारा में बह गया। डूबने से बुजुर्ग की मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घाघरा नदी के किनारे जा पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद बुजुर्ग का शव बरामद किया गया। हादसे की सूचना परिजनों ने हल्का लेखपाल व पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुचीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। ईसानगर क्षेत्र के पोखरा अचरौरा गांव निवासी नागेश्वर (65) पुत्र रामऔतार सोमवार को सुबह गांव के पूरब स्थित घाघरा नदी के किनारे शौच के लिए गया था। इसी दौरान हादसा हो गया। इधर नागेश्वर की मौत के बाद उसके गांव-घर में मातम पसरा हुआ है।

# नहर में डूबी बालिका का शव मिला पेड़ की डाल पर

भदोही। उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में दो दिन पहले नहर में डूबी छह साल की बच्ची का शव सोमवार को एक पेड़ की डाल पर मिला। पुलिस ने बताया कि शनिवार को शहर कोतवाली क्षेत्र के लोहराना गली (कटरा बाजार) निवासी जयप्रकाश अपनी पत्नी व छह साल की बेटी के साथ बाइक से विंध्यवासिनी धाम मीरजापुर से दर्शन कर लौट रहे थे। जहां से लौटते समय तेज रफ्तार बाइक भदोही जिले के औराई थाना क्षेत्र के गिरिया भाला स्थित ज्ञानपुर नहर प्रखंड की शाखा में असंतुलित होकर पलट गई। बताया जाता है कि नहर की पटरी के आसपास कुछ चरवाहे पशुओं को चरा रहे थे। इन चरवाहों ने तीनों को नहर में गिरते देख लिया। चरवाहों ने जान की बाजी लगाकर नहर के तेज बहाव पानी में कूद कर पति-पत्नी को तो बचा लिया। जबकि पूरवी (06) का कहीं अता पता नहीं लग सका। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। स्थानीय लोगों के भारी भरकम प्रयास के बावजूद पूरवी का कहीं अता-पता नहीं लग सका। बच्ची का पता लगाने के लिए एनडीआरफ व एसडीआरएफ की टीम को लगाया गया। कई घंटे की मशक्कत के बाद भी नहर में डूबी पुरवी को नहीं खोजा जा सका। सोमवार की सुबह घटना स्थल से लगभग ढाई-तीन किलोमीटर पूरब की ओर नहर में स्थित एक पेड़ की डाल में शव लटकता देखा गया। शव मिलने की सूचना पर मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। मृतक पुरवी के माता-पिता ने भी मौके पर पहुंचकर शव की पहचान की। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### झांसी में थाने में लाश रखकर किया हंगामा

झांसी। झांसी में लोडिंग गाड़ी ड्राइवर की मौत के मामले में सोमवार को परिजन लाश लेकर चिरगांव थाने पहुंच गए। थाने के सामने लाश रखकर एक घंटे तक प्रदर्शन किया। मृतक की पत्नी का कहना है कि पति का मर्डर हुआ है और पुलिस एक्सीडेंट का केस बना रही है। हंगामा की सूचना पर एसपी ग्रामीण गोपीनाथ सोनी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने दोषियों के खिलाफ जांच करके कार्रवाई का भरोसा दिया। तब परिजनों ने लाश उठाई। मृतक का परिवार पड़ोसी महिला पर हत्या कर लाश को हाईवे किनारे फेंकने का आरोप लगा रहे है। पुलिस महिला से पूछताछ कर रही है। अफसर अली (40) चिरगांव के अवंतीबाई नगर का रहने वाला था। वह लोडिंग गाड़ी चलाता था। शुक्रवार को गाड़ी चलाने के लिए नहीं गया। पत्नी अफसाना ने बताया कि अफसर अली को पड़ोस की एक महिला काफी समय से ब्लैकमेल कर रही थी। शुक्रवार शाम को उस महिला ने अफसर अली को बुलाया था। वह शाम करीब 6 बजे घर से पैदल निकले थे। जब 7.30 बजे फोन लगाया तो उन्होंने 15 मिनट में घर आने के लिए कहा। लेकिन वह घर नहीं आए। रात करीब 9 बजे अफसर अली का काल आया और बोले कि पड़ोसी महिला ने मेरे साथ बहुत गलत किया है। उसे जेल करा देना। सुबह तक सारे सबूत मिल जाएंगे। इसके बाद उनका नंबर बंद हो गया। रात को अफसर अली के घर नहीं आने पर परिजनों ने तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। शनिवार सुबह पुलिस को चिरगांव हाईवे किनारे अफसर अली की लाश मिली। तब पुलिस ने घरवालों को जानकारी दी।

# भाजपा पार्षद ने 15 रुपए के लिए दुकानदार को पीटा

कानपुर में एक भाजपा पार्षद की गुंडई का वीडियो सामने आया है। जिसमें चकेरी वार्ड-62 के भाजपा पार्षद भवानी शंकर राय एक दुकानदार को थप्पड़ मारते दिख रहे हैं। विवाद केवल 15 रुपए के लिए हुआ। दरअसल, दुकानदार ने सिगरेट का पैसा मांगा तो पार्षद भड़क गए। इसके बाद पार्षद ने धमकाया कि गांजा बेचने का आरोप लगाकर तुम्हें जेल भेजवा दूंगा। फिर दुकानदार और उसके बेटे को पीटने लगे। पार्षद के साथ मौजूद एक शख्स भी दुकानदार और उसके बेटे को थप्पड़ मारता है। विवाद के दौरान जब दुकानदार की पत्नी वीडियो बनाने लगी तो उसके हाथ से मोबाइल छीन लिया गया। महिला से भी अभद्रता का आरोप है। दबंग पार्षद के डर से पीड़ित ने थाने में शिकायत नहीं की है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### 30 की सिगरेट के 15 रुपए देकर जाने लगे, तब हुआ विवाद

चकेरी के सनिगवां तिरंगा चौराहा पर अजय गुप्ता की परचून की दुकान है। अजय ने बताया कि उनके दुकान पर रविवार सुबह करीब 4 बजे बीजेपी पार्षद भवानी शंकर राय नशे में धुत दोस्तों के साथ सिगरेट खरीदने पहुंचे। आरोप है कि पहले तो जबरन दुकान खुलवाकर सिगरेट ली। फिर 30 रुपए की सिगरेट के सिर्फ 15 रुपए देकर जाने लगे। दुकानदार ने इसका विरोध किया तो पार्षद ने गाली-गलौज की। पार्षद ने उसे पीट दिया। इस दौरान दुकानदार बार-बार माफी मांगता रहा। लेकिन पार्षद और दबंगों ने एक नहीं सुनी। बीजेपी पार्षद भवानी शंकर राय के साथ उनके भाई भीमा शंकर भी मौजूद थे। जबकि मामले की सूचना पर चकेरी थाने की पुलिस भी पहुंची। लेकिन बगैर कोई कार्रवाई किए मौके से लौट गई।

### 'मैंने किसी के साथ मारपीट नहीं की'

घटना पर बीजेपी पार्षद भवानी शंकर राय का कहना है कि दुकानदार पूरी रात दुकान खोलकर मादक पदार्थ की बिक्री करता है। दुकानदार ने कस्टम के एक अधिकारी के साथ मारपीट की थी। जिनकी जानकारी होने पर वह समझौता कराने के लिए गए थे। उन्होंने किसी के साथ मारपीट नहीं की है। चुनावी रंजिश के कारण उन्हें बेवजह बदनाम किया जा रही है।

### महाना गुट के पार्षद हैं भवानी शंकर

चकेरी के भाजपा पार्षद भवानी शंकर राय सतीश महाना गुट के हैं। यशोदा नगर के पार्षद पति अंकित शुक्ला के बाद अब महाना खेमे के ही दूसरे पार्षद की गुंडागर्दी का वीडियो सामने आया है। भवानी शंकर राय की दबंगई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# उन्नाव में जंगल में मिली छात्रा की लाश

उन्नाव। उन्नाव में माखी थानाक्षेत्र के पवई गांव के जंगल में एक युवती का शव पड़ा मिला। शव देख आसपास के लोगों में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंचे सीओ सफीपुर व फोरेंसिक टीम ने मौके पर जांच की। युवती के मुंह से झाग निकल रहा था। आंख व कान के पास चोट के निशान थे। शव के पास मिले आधार कार्ड के पते से परिजनों को सूचना दी गई। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया



है। चर्चा है कि मौके से एक फटा हुआ पत्र भी मिला है। फिलहाल, पुलिस ने पत्र को गोपनीय रखा है। जानकारी के अनुसार, शव माखी थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली लड़की का है, जो दसवीं की छात्रा है। सोमवार को उसका शव पवई गांव से दो किमी. दूर मखारा जाने वाले कच्चे मार्ग पर स्थित जंगल में मिला। जंगल में युवती का शव देख चरवाहों में हड़कम्प मच गया। चरवाहों ने ग्राम प्रधान को सूचना दी। पवई गांव के प्रधान रामजीवन ने पुलिस को सूचना दी।

### प्रयागराज में दिव्यांग पुजारी की हत्या

प्रयागराज। प्रयागराज में एक दिव्यांग पुजारी की हत्या कर दी गई। कातिल ने मारने से पहले उनके हाथ-पैर बांध दिए। आशंका है कि गला घोंट कर पुजारी को मारा गया है। सोमवार सुबह 7 बजे अनापुर पुलिस चौकी के पास राम जानकी मंदिर में उनका शव मिला। सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। मौके पर फोरेंसिक और डॉग स्क्वायड ने भी पड़ताल की।

### सेक्सटॉर्शन में फंसा रिफाइनरी कर्मचारी

मथुरा। मथुरा में सेक्सटॉर्शन का मामला सामने आया। मथुरा रिफायनरी में तैनात एक कर्मचारी को महिला ने सेक्सटॉर्शन में फंसाकर 93 हजार रुपए ठग लिए। डेढ़ लाख रुपए और देने की धमकी दी। ऐसा नहीं करने पर अश्लील वीडियो को वायरल करने का डर दिखाया गया। पुलिस ने इस मामले की पड़ताल की। इस गैंग के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जिसमें 2 महिलाएं भी शामिल हैं। मथुरा रिफाइनरी में तैनात एक कर्मचारी ने बताया कि उसके पास 29 सितंबर को अनजान नंबर से एक कॉल आई। रिफाइनरी कर्मी ने कॉल रिसीव नहीं की। इसके बाद जब वह घर पहुंचा तो उसके वॉट्सऐप पर वीडियो कॉल आई। कॉल रिसीव करते ही उस पर एक महिला थी। उसने बातचीत शुरू की। वीडियो कॉल पर बात करने वाली महिला ने युवक को मिलने के लिए गोकुल बैराज रोड पर स्थित बीआर गेस्ट हाउस बुलाया। गेस्ट हाउस कर्मचारी को दो लड़के अजीत और सनी मिले। उन्होंने युवक को बंधक बना लिया।

## शार्ट न्यूज

### 10.56 अरब पहुंचे यूपीआई ट्रांजैक्शन

मुंबई। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई ने सितंबर 2023 में 10.56 अरब ट्रांजैक्शन दर्ज किए गए। यह अगस्त में दर्ज 10.58 अरब ट्रांजेक्शन से थोड़ा कम है। हालांकि, एक साल पहले दर्ज किए गए 6.78 अरब ट्रांजेक्शन से 55 प्रतिशत ज्यादा है। यह लगातार दूसरा महीना है जब यूपीआई ट्रांजैक्शन ने 10 अरब के आंकड़े को पार किया है। नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया यानी NPCI ने एक्स पर पेमेंट सिस्टम के ये आंकड़े शेयर किए हैं। NPCI ने ये भी बताया कि सितंबर 2023 में ट्रांजेक्शन की ओवरऑल वैल्यू 15.80 लाख करोड़ रुपए रही। अगस्त में ये 15.76 लाख करोड़ थी। वहीं एक साल पहले सितंबर 2022 में यह 11.16 लाख करोड़ थी। यूपीआई सर्विस के लिए आपको एक वर्चुअल पेमेंट एड्रेस तैयार करना होता है। इसके बाद इसे बैंक अकाउंट से लिंक करना होगा। इसके बाद आपका बैंक अकाउंट नंबर, बैंक का नाम या ढ्ढस्नस्ष्ट कोड आदि याद रखने की जरूरत नहीं होती। पेमेंट करने वाला बस आपके मोबाइल नंबर के हिसाब से पेमेंट रिक्वेस्ट प्रोसेस करता है। अगर, आपके पास उसका यूपीआई आईडी (ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर या आधार नंबर) है तो आप अपने स्मार्टफोन के जरिए आसानी से पैसा भेज सकते हैं। न सिर्फ पैसा बल्कि यूटिलिटी बिल पेमेंट, ऑनलाइन शॉपिंग, खरीदारी आदि के लिए नेट बैंकिंग, क्रेडिट या डेबिट कार्ड भी जरूरत नहीं होगी।

### भारतीय अरबपति समेत 6 की प्लेन क्रैश में मौत

नई दिल्ली। भारतीय अरबपति हरपाल रंधावा की जिम्बाब्वे में मिड एयर प्लेन क्रैश में मौत हो गई। वो 60 साल के थे। प्लेन में उनके बेटे आमेर (22) समेत कुल 6 लोग सवार थे। सभी की इस दुर्घटना में मौत हो गई। सिंगल इंजन वाला सेसना 206 एयरक्राफ्ट हरारे से मुरोवा जा रहा था। क्रैश की वजह टेक्निकल फॉल्ट को बताया जा रहा है। हरपाल रंधावा माइनिंग कंपनी रियोजिम के मालिक थे। यह कंपनी सोना, कोयला, निकल और तांबे का उत्पादन करती है। रंधावा के परिवार ने 4 अक्टूबर 2023 को उनके और उनके बेटे आमेर के लिए मेमोरियल सर्विस का आयोजन किया है। इसमें उनके सभी दोस्तों और अन्य लोगों को इनवाइट किया है। ये प्रोग्राम हारारे के रेनट्री में होगा। हेराल्ड न्यूज पेपर में पुलिस के हवाले से कहा गया है कि प्लेन में चार विदेशी नागरिक थे और अन्य दो जिम्बाब्वे के थे। पुलिस ने कहा कि 29 सितंबर को सुबह 7.30 से 8 बजे के बीच ये दुर्घटना हुई है। रियोजिम का यह एयरक्राफ्ट सुबह 6 बजे हरारे से माइन के लिए रवाना हुआ था और माशावा से लगभग 6 किमी दूर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### फ्लिपकार्ट के ऐड को लेकर मुश्किल में अमिताभ

नई दिल्ली। मेगा स्टार अमिताभ बच्चन फ्लिपकार्ट के लेटेस्ट ऐड को लेकर मुश्किल में पड़ गए हैं। इस ऐड में अमिताभ फ्लिप्कार्ट की बिग बिलियन डेज सेल का प्रमोशन करते नजर आ रहे हैं। ऐड में बिग बी कहते हैं कि इस सेल में ऐसे ऑफर्स मिलेंगे, जो रिटेल स्टोर्स पर अवेलेबल नहीं हैं। स्मार्टफोन रिटेलर्स ने आरोप लगाया है कि यह ऐड खरीदारों को गुमराह कर रहा है। ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन ने इस मुद्दे पर स्मार्टफोन ब्रांड्स को एक लेटर लिखा है।AIMRA 1,50,000 मोबाइल रिटेलर्स को रिप्रजेंट करता है। AIMRA ने लेटर में लिखा, आपको एड्रेस करने का हमारा उद्देश्य हाल ही में कई ऑनलाइन प्लेटफार्मों, सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया पर फैल रहे गुमराह करने वाले विज्ञापनों की लहर के बारे में अपनी गहरी चिंता और निराशा व्यक्त करना है। AIMRA ने लिखा, ये विज्ञापन झूठे और भ्रामक बयानों से कस्टमर्स के बाइंग बिहेवियर को प्रभावित कर रहे हैं, जैसे कि मेगा स्टार अमिताभ बच्चन के एंडोर्समेंट के साथ फ्लिपकार्ट का एक प्रमोशनल ऐड है। इसमें वे कह रहे हैं- ये डील्स और ऑफर्स दुकान पर नहीं मिलने वाले।

### भारत में बेरोजगारी दर में गिरावट, ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे ज्यादा सुधार

भारत की बेरोजगारी दर सितंबर में एक साल के निचले स्तर पर आ गई क्योंकि कमजोर मानसूनी बारिश के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी कम हो गई। प्राइवेट रिसर्च फर्म सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी के आंकड़ों से पता चलता है कि कुल बेरोजगारी दर सितंबर महीने में घटकर 7.09 प्रतिशत हो गई, जो अगस्त में 8.10 प्रतिशत थी। पिछले साल सितंबर के बाद से यह सबसे कम रीडिंग है। ग्रामीण बेरोजगारी अगस्त में 7.11 प्रतिशत से घटकर 6.20 प्रतिशत हो गई, जबकि इसी अवधि में शहरी बेरोजगारी दर 10.09 प्रतिशत से गिरकर 8.94 प्रतिशत हो गई। भारत में पांच साल में सबसे कमजोर मॉनसून बारिश दर्ज की गई, जून-सितंबर में बारिश लॉन्ग टर्म ऐवरेज से लगभग 6 प्रतिशत कम थी। फिर भी, देश में कृषि गतिविधियों पर इसका कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा। भारत में प्रमुख त्यौहारी सीज़न से पहले शहरी बेरोज़गारी में भी गिरावट देखी गई। कंपनियां आम तौर पर नवंबर में दिवाली से पहले विशेष रूप से गिग और कॉन्ट्रैक्ट रोजगार सेगमेंट में - भर्ती करने के लिए तैयार रहते हैं। अगली गर्मियों में होने वाले राष्ट्रीय चुनावों से पहले भारत के 1.4 अरब लोगों के लिए पर्याप्त नौकरियां पैदा करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के लिए एक सबसे जरूरी काम है।

### साड़ी बेचने वाली कंपनी का आ रहा आईपीओ,जानिए पूरी डिटेल

महाराष्ट्र की साड़ी बनाने वाली कंपनी सरस्वती साड़ी डिपो अपना इनिशियल पब्लिक ऑफरिंगलेकर आ रही है। इसके लिए कंपनी ने मार्केट रेगुलेटर सेबी को अपना ड्राफ्ट पेपर दाखिल कर दिया है। आईपीओ के साइज की बात करें तो इसमें 72.45 लाख इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू और प्रमोटर ग्रुप द्वारा 35.55 लाख शेयरों का ऑफर फोर सेल शामिल है। प्रमोटर ग्रुप में तेजस दुल्हानी, अमर दुल्हानी, शेवकराम दुल्हानी, सुजानदास दुल्हानी, तुषार दुल्हानी और निखिल दुल्हानी इसका हिस्सा हैं, जो ओएफएस में शेयर बेच रहे हैं। यूनिस्टोन कैपिटल को इश्यू का मर्चेंट बैंकर नियुक्त किया गया है, जबकि बिगशेयर सर्विसेज रजिस्ट्रार है। कंपनी साड़ियों के अलावा, कुर्तियां, ड्रेस मटीरियल, ब्लाउज के पीस, लहंगा और बॉटम्स सहित महिलाओं के अन्य कपड़ों का होलसेल बिजनेस भी करती है। हालांकि कंपनी का 90 फीसदी से अधिक कारोबार साड़ियों की बिक्री से ही चलता है। मार्च स्न्रङ्ग23 को समाप्त वर्ष में कंपनी ने 15,000 से अधिक यूनिक कस्टमर को सर्विस दी। वहीं इसकी प्रोडक्ट कैटलॉग में 3,00,000 से अधिक अगल-अलग SKU (स्टॉक कीपिंग यूनिट्स) शामिल हैं।

### गांधीवादी आदर्शों के साथ मुनाफे पर भी रहेगा खादी आयोग का ध्यान

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के साथ देशभर में खादी महोत्सव की शुरुआत हो गई। खादी अपनी परांपरागत पहचना के साथ मुनाफे की पटरी पर भी दौड़ने की तैयारी में है। आयोग अब अपने बुनकरों, कारीगारों के हितों की बात करने के साथ-साथ कारोबारी मुनाफे की भी खुलकर बात करता है। केवीआईसी का लाभ वर्ष 2014 के करीब 800 करोड़ रुपये से बढ़कर 34,000 करोड़ रुपये पर पहुंच चुका है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री नारायण राणे ने सोमवार को कहा कि खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) को गांधीवादी आदर्शों को आगे बढ़ाने के साथ मुनाफा कमाने पर ध्यान देना चाहिए। राणे ने महात्मा गांधी की 154वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि खादी और ग्रामोद्योग का उत्पादन वित्त वर्ष 2014-15 में 27,569.37 करोड़ की तुलना मे वित्तीय वर्ष 2022 -23 में तीन गुना से अधिक बढ़कर 95,956.67 करोड़ रुपये (248.05 फीसदी की वृद्धि) हुआ है। इसी तरह, खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री वित्त वर्ष 2022-23 में 1,34,629.91 करोड़ रही जो कि वित्तीय वर्ष 2014-15 में 33,135.90 करोड़ रुपये चार गुना बढ़कर 306.2 फीसदी से अधिक हो गई है। राणे ने कहा कि केवीआईसी के उत्पादों एवं शिल्पकारों को गांधीवादी आदर्शों के लिए प्रतिबद्ध होने के साथ लाभ सुनिश्चित करने के लिए खूब प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। केवीआईसी को ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देना चाहिए। खादी ग्रामोद्योग को ग्रामीण इलाकों में प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने के लिए प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि केवीआईसी का मुख्यालय उस मुंबई शहर में स्थित है जो राष्ट्रीय कोष में 34 प्रतिशत का योगदान करता है।

# आरबीआई एमपीसी की बैठक चार अक्तूबर से, रेपो रेट पर होगी चर्चा



नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक इस हफ्ते होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में प्रमुख नीतिगत दर यानी रेपो रेट को 6.5त्न पर स्थिर रख सकता है। अगर ऐसा होता है तो खुदरा और कॉरपोरेट कर्जदारों के लिए ब्याज दरें स्थिर रह सकती हैं। बता दें कि रूस यूक्रेन युद्ध के बीच रिजर्व बैंक ने मई 2002 में नीतिगत दर बढ़ाना शुरू किया था। इस साल फरवरी में इसे बढ़ाकर 6.5त्न कर दिया गया था। पिछली तीन बैठकों में रेपो रेट को स्थिर रखा गया था। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक चार से शुरू होकर छह अक्तूबर तक चलेगी। बैठक के नतीजों का एलान छह अक्तूबर को किया जाएगा।

### क्या होगा इस बार एमपीसी की बैठक में

जानकारों का मानना है कि इस बार की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में मौजूदा दर संरचना के साथ रेपो रेट को बरकरार रखा जा सकता है। खुदरा मुद्रा स्फीति फिलहाल 6.8त्न के उच्च स्तर पर है और सितंबर और अक्तूबर महीनों के आंकड़ों में कमी आने की संभावना है। हालांकि खरीफ उत्पादन के बारे में अभी चीजें स्पष्ट नहीं है। यदि इसमें उतार-चढाव होता है तो कीमतों में इजाफा हो भी सकता है।

### एमपीसी की आगामी बैठक में रेपो रेट स्थिर रहने की उम्मीद: रेवांकर

श्रीराम फाइनेंस के कार्यकारी उपाध्यक्ष और फाइनेंस इंडस्ट्री डेवलपमेंट काउंसिसल (एफआईडीसी) के अध्यक्ष उमेश रेवांकर ने अमर उजाला से बातचीत में बताया कि पिछली एमपीसी बैठकों में अमेरिका की तुलना में भारत में नीतिगत ब्याज दरों में बहुत अधिक इजाफा नहीं हुआ है। रेवांकर ने कहा, हमें उम्मीद है कि इस बार के एमपीसी बैठक में भी ब्याज दरों को स्थिर रखा जा सकता है।

### खरीफ उत्पादन पर रहेगी बाजार की नजर

रेवांकर ने कहा, पिछली दो तिमाही में महंगाई में वृद्धि हुई है। ऐसा खासकर फूड इन्फ्लेशन बढ़ने से हुआ है। फूड इन्फ्लेशन एमपीसी के पहले नियंत्रण दिख रहा है ऐसे आरबीआई रेपो रेट को स्थिर बनाए रख सकता है। इसके अलावे खरीफ आउटपुट पर भी नजर बनी रहेगी। रेवांकर के अनुसार एक ओर जहां अमेरिका में ब्याज दरों में जल्दी-जल्दी इजाफा किया गया। वहां ब्याज दरें पांच प्रतिशत तक बढ़ गईं। दूसरी ओर भारत में महज 250 बेसिस प्वाइंट तक का ही इजाफा हुआ। रेवांकर के अनुसार खरीफ उत्पादन पर बाजार की नजर बनी हुई है। अगर खरीफ उत्पादन पिछले साल की तरह रहता है तो घबराने की कोई बात नहीं है। पिछले पांच सालों में खरीफ उत्पादन में वृद्धि देखी गई है।

### आरबीआई से बैंकों और एनबीएफसी को मिल रहा बहुमूल्य सपोर्ट

रेवांकर के अनुसार देश के केंद्रीय बैंक यानी आरबीआई ने अपना काम बहुत बेहतर ढंग से किया है। इससे बैंकों और एनबीएफसी को काफी मदद मिली है। आरबीआई हमेशा एक सपोर्टिंग रेगुलेटर की भूमिका निभाता रहा है। एनबीएफसी क्राइसिस और कोविड के दौर में आरबीआई ने बैंकों और एनबीएफसी की काफी मदद की है। 15 बड़े एनबीएफसी है जिनकी मदद आरबीआई बैंकों की तरह ही कर रहा है। इससे निवेशकों का विश्वास बढ़ा है। इससे ऋणदाताओं का विश्वास बढ़ा है। रेवांकर के अनुसार भारत में अमेरिका की तुलना में कम बैंक हैं और आरबीआई की ओर से बहुत बेहतर तरीके से सुपरवाइज्ड हैं।

# आईआईटी दिल्ली में खादी इंडिया के बिक्री केंद्र का उद्घाटन



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर सोमवार को यहां भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), दिल्ली के परिसर में नए रूप से पुनर्निर्मित खादी इंडिया बिक्री केंद्र का शुभारंभ किया गया।

खादी ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) की एक विज्ञप्ति के अनुसार आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार ने इस केंद्र का उद्घाटन किया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि खादी को युवाओं से जोड़ने के प्रयास के तहत आईआईटी परिसर में इस केंद्र को खेला गया है।

आयोग ने कहा है कि - खादी फॉर नेशन, खादी फॉर फैशन और खादी फॉर ट्रान्स्फॉरमेशन के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान की प्रेरणा से दिल्ली में इस नए खादी बिक्री केंद्र की शुरुआत की गयी है।यह केंद्र का शुभारंभ, युवा छात्रों के लिए युवा डिजाइनों को सुलभग्राही बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर खादी परिधान के नए संग्रह का भी अनावरण किया गया, जिसे खादी संस्थानों के सहयोग से खादी उत्कृष्टता केंद्र (सीओईके) द्वारा डिजाइन किया गया है।

एमएसएमई मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय फैशन टेक्नोलॉजी संस्थान (निफ्ट) के सहयोग से खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) को समर्थन देने के लिए सीओईकेकी कल्पना की गई है। इसका उद्देश्य युवाओं और वैश्विक बाजार तक अपनी पहुंच बनाना था। यह केंद्र एक हब (केंद्र) और स्पोक्स (तीली) मॉडल के रूप में स्थापित है। इसमें दिल्ली 'हब' के रूप में और बेंगलुरु, गांधीनगर, कोलकाता और शिलांग को स्पोक के रूप में रखा गया है।

# इंडिगो का दिल्ली-ईटानगर मार्ग पर परिचालन शुरू

कोलकाता। इंडिगो ने सोमवार से दिल्ली-ईटानगर मार्ग पर सीधी उड़ानें शुरू कीं।

एयरलाइन ने कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि यह अरुणाचल प्रदेश के लिए सीधे विमान संपर्क विकसित करने की इंडिगो के प्रयासों की दिशा में में एक महत्वपूर्ण प्रगति है।

इससे उस क्षेत्र में न केवल यात्रा और पर्यटन को बढ़ावा देता है बल्कि व्यापार को भी बढ़ावा देता है, जिससे समग्र आर्थिक विकास होता है।

इंडिगो के वैश्विक बिक्री प्रमुख विनय मल्होत्रा ने कहा, पूर्वोत्तर के लिए सम्पर्क सुविधाएं बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता के आधार पर, हम दिल्ली और ईटानगर के बीच सीधी उड़ान शुरू करके खुश हैं। यह रणनीतिक विस्तार न केवल यात्रियों को विस्तारित यात्रा विकल्प प्रदान करता है, बल्कि अरुणाचल प्रदेश के मनमोहक परिदृश्यों को देखने के इच्छुक लोगों के लिए रोमांचक अवसर भी खोलता है।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि नयी दिल्ली-ईटानगर उड़ान की शुरुआत के साथ, तवांग जैसे पहले कम पहुंच वाले स्थान अनुसूचित वाणिज्यिक उड़ानों के माध्यम से पर्यटकों के आगमन में वृद्धि का अनुभव करने के लिए तैयार हैं, जो ईटानगर शहर और अरुणाचल प्रदेश की आर्थिक वृद्धि में योगदान देगा।

# अदाणी समूह ने मुंबई क्षेत्र में चालू की 400 केवी की समन्वित बिजली पारेषण लाइन

अहमदाबाद। अदाणी समूह की कंपनी विद्युत पारेषण कंपनी अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि उसने नवी मुंबई और मुंबई के बीच 400 केवी की समन्वित विद्युत ग्रिड लाइन चालू कर दी है।

कंपनी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि खारघर विख्रोली ट्रांसमिशन लिमिटेड (केवीटीएल) द्वारा शुरू की गयी यह पोरेषण लाइन मुंबई में अतिरिक्त बिजली लाने में सक्षम होने के साथ-साथ शहर के तेजी से बढ़ती और भविष्य की मांग को पूरा करने में भी सक्षम होगी। विज्ञप्ति में कहा गया कि





यह किसी दबाव की परिस्थिति के समाधान के रूप में मुंबई शहर में अतिरिक्त 1,000 मेगावाट शुद्ध बिजली पहुंचाना सुनिश्चित करेंगी। केवीटीएल प्रोजेक्ट नवी मुंबई के खारघर क्षेत्र में शुरू होती है फिर शहरी स्थानों से होकर गुजरती है और मुंबई शहर के विख्रोली में समाप्त होती है। केवीटीएल में 400 केवी और 220 केवी ट्रांसमिशन लाइनों के लगभग 74 सर्किट किमी शामिल हैं। इसे साथ विख्रोली में 9,500 वर्ग मीटर क्षेत्र में स्थित 1,500 एमवीए 400 केवी गैस इंसुलेटेड सबस्टेशन (जीआईएस) है इस परियोजना में 1500 एमवीए क्षमता वाला 400 केवी/220 केवी जीआईएस विख्रोली सबस्टेशन, खारघर में एयर इंसुलेटेड सिस्टम स्विचयार्ड, 400 केवी डबल/मल्टी-सर्किट खारघर-विख्रोली लाइन , विख्रोली में तालेगांव-कलवा लाइन पर 400 केवी 'लूप इन, लूप आउट', विख्रोली में ट्रॉम्बे-साल्सेट लाइन पर 220 केवी एलआईएलओ जैसी सुविधा शामिल है।

# देश में गेहूं पैदावार का मिला नया लक्ष्य, अब 114 मिलियन टन की ओर बढ़े कदम

करनाल । देश के वैज्ञानिक एक बार फिर नए लक्ष्य के साथ गेहूं की पैदावार बढ़ाने में जुट गए हैं। पिछले साल का लक्ष्य 112 मिलियन टन हासिल करने के बाद अब केंद्र सरकार ने वर्ष 2024 के लिए देश की गेहूं पैदावार का नया लक्ष्य (114 मिलियन टन) निर्धारित किया है। इसका खुलासा करते भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक एवं सचिव डेयर ड़ॉ. हिमांशु पाठक ने कहा कि हमें नई तकनीक, नई किस्मों के बीज, किसानों तक पहुंचाकर और उन्हें जागरूक कर नए लक्ष्य को पाना है।

भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान (आईआईडब्ल्यूबीआर) में



करनाल स्थित सभी अनुसंधान संस्थानों के निदेशकों, वैज्ञानिकों और देश के कृषि अनुसंधान संस्थानों के वैज्ञानिकों ने बीते रोज मंथन किया। इसमें आईआईडब्ल्यूबीआर के निदेशक डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारत के किसानों, वैज्ञानिकों ने गेहूं की पैदावार में बड़ा काम किया है। इस साल भी 16 नई किस्में रिलीज की गई हैं, जो जलवायु सहनशील हैं, लेकिन अभी नई किस्मों पर अनुसंधान लगातार चल रहा है।

आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक ने 112 मिलियन टन गेहूं के लक्ष्य को पाने पर आईआईडब्ल्यूबीआर के निदेशक सहित सभी वैज्ञानिकों और देश के किसानों की सराहना करते हुए कहा कि अब भारत सरकार ने 114 मिलियन टन गेहूं की पैदावार का नया लक्ष्य दिया है। हमें इसे चुनौती के रूप में लेना है और इसे हासिल करने के लिए गंभीरता से काम करना है। इसके लिए अधिक पैदावार वाली नई किस्मों, उच्च गुणवत्तापूर्ण बीज, नई तकनीक को समाहित करते हुए किसानों के खेतों तक पहुंचाना है, किसानों को जागरूक करना है।

# पायलट और क्रू मेंबर्स के लिए परफ्यूम के इस्तेमाल पर होगी सख्ती

नई दिल्ली। भारतीय नागरिक उड्डयन नियामक(डीजीसीए) ने एक मसौदा तैयार किया है। इस प्रस्तावित मसौदे में पायलट और क्रू मेम्बर्स को ब्रेथ एनालाइजर परीक्षण के दौरान इत्र के प्रयोग से बचने की बात कही गई है।

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय(डीजीसीए) के इस मसौदे के पीछे का कारण परफ्यूम में आमतौर पर मौजूद एल्कोहल की मात्रा का अधिक होना है। ब्रेथ एनालाइजर परीक्षण जिसके कारण प्रभावित हो सकता है।

डीजीसीए के नए मसौदे के अनुसार, कोई भी क्रू मेम्बर्स किसी भी दवा या फॉर्मूलेशन का सेवन नहीं करेगा, किसी भी पदार्थ जैसे माउथवॉश / टूथ जेल / परफ्यूम या अल्कोहल युक्त किसी भी उत्पाद का उपयोग नहीं करेगा। जिसके कारण ब्रेथ एनालाइजर परीक्षण पॉजिटिव आए। कोई भी क्रू सदस्य जो ऐसी दवा ले रहा है, उसे उड़ान के शुरू होने से पहले कंपनी के डॉक्टर से परामर्श लेना होगा।

वहीं पूरे मसौदे पर डीजीसीए प्रमुख ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, यह केवल एक मसौदा सीएआर (सिविल एविएशन रिक्वायरमेंट्स) है, जिसे हितधारकों की टिप्पणियों के लिए सार्वजनिक डोमेन में रखा गया है।

नियामक डीजीसीए एयरलाइंस की किसी भी उड़ान से पहले ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट को लेकर बेहद कड़ा है। ऐसे परीक्षण हमेशा कैमरों की निगरानी में किए जाते हैं। डीजीसीए ने अपने नए मसौदे में पायलटों, क्रू मेम्बर्स को परफ्यूम के इस्तेमाल पर रोक लगाने का प्रस्ताव दिया है।

# बजुर्गों के लिए कांगड़ा बैंक की ऋण योजना शुरू

नयी दिल्ली। राजधानी दिल्ली में प्रवासी हिमाचलियों द्वारा चलाये जा रहे काँगड़ा सहकारी बैंक लिमिटेड ने बच्चों द्वारा त्यागे या प्रताड़ित बजुर्गों की मदद के लिए एक ऋण योजना शुरू की है। बैंक के अध्यक्ष लक्ष्मी दास ने यहां इसकी घोषणा करते हुये कहा कि महानगरों में कुछ सालों से बजुर्ग माता पिता को त्यागने / प्रताड़ित करने की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि देखने में मिल रही है और उम्र के अंतिम पडाव में बजुर्ग लोगों को खाने और दवाई तक जैसी मूलभूत जरूरतों के लिए संघर्ष करना पड़ता है क्योंकि माँ बाप अपनी जीवन भर की जमा पूंजी बच्चों के कैरियर और शादी विवाह आदि पर खर्च कर देते हैं और बच्चे बाद में उनसे किनारा कर लेते हैं। माता पिता को दयनीय स्तिथि में छोड़ कर स्वतन्त्र जीवन यापन करना शुरू कर देते हैं जिससे बजुर्ग मानसकि और आर्थिक तौर पर पूरी तरह टूट जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना काँगड़ा सहकारी बैंक लिमिटेड के सदस्यों के लिए लागू की गयी है जिसके अंतर्गत ऐसे बजुर्गों को अपनी चल - अचल सम्पति जैसे मकान, फ्लैट, जेवर, प्लाट आदि को गिरबी रख कर बैंक उनकी जरूरतों के अनुरूप ऋण प्रदान करेगा तथा बैंक उन्हें यह ऋण मासिक /पाक्षिक तौर पर उनकी जरूरतों के अनुसार उनको प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि इस योजना के अन्तर्गत बजुर्गों के निधन के बाद इस सम्पति के वारिसों द्वारा ऋण और ब्याज की राशि जमा करवाने पर गिरबी सम्पति को उन्हें वापस दे दिया जायेगा तथा क़ानूनी बारिसों द्वारा ऋण एवं ब्याज राशि को न लौटाए जाने पर गिरबी सम्पति को नीलम कर के बैंक अपनी पूंजी वसूलेगा और बाकि राशि क़ानूनी बारिसों को लौटा दी जाएगी।

### सोशल मीडिया और टेलीकॉम ऑपरेटर करेंगे ज्यादा मोहलत की मांग

सोशल मीडिया कंपनियां, दूरसंचार ऑपरेटर और भारतीय स्टार्टअप डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण कानून, 2023 का पूरी तरह अनुपालन करने के लिए 18 से 24 महीने की मोहलत मांगने जा रहे हैं। बिज़नेस स्टैंडर्ड को पता चला है कि वे कानून के दो प्रावधानों में तकनीकी जटिलताओं का हवाला देकर मोहलत मांग रहे हैं। सोशल मीडिया कंपनियों, बड़े तकनीकी प्लेटफॉर्म और फिनटेक जैसी देसी एवं वैश्विक कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख उद्योग संगठन कानून के अनुपालन के लिए समय बढ़ाने की मांग कर सकते हैं। सरकार ने इस कानून का अनुपालन करने के लिए उन्हें 12 महीने दिए हैं।

# सीएनजी और पीएनजी की कीमतों में कटौती का एलान

नई दिल्ली। महानगर गैस लिमिटेड (एमजीएल) ने सोमवार को मुंबई और आसपास की नगर पालिकाओं में संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) और पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की कीमतों में कटौती की घोषणा की। सीएनजी की कीमत में 3 रुपये प्रति किलोग्राम की कमी की गई है, जबकि पीएनजी की कीमत में 2 रुपये प्रति स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर (एससीएम) की कमी की गई है।

एमजीएल ने एक बयान में कहा, एमजीएल को मुंबई और उसके आसपास सीएनजी के दाम में तीन रुपये प्रति किलोग्राम और घरेलू पीएनजी (डीपीएनजी) के दाम में दो रुपये प्रति एससीएम की कटौती की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।

आज से सीएनजी के लिए संशोधित एमआरपी 76.00 रुपये प्रति किलोग्राम और घरेलू पीएनजी के लिए 47.00 रुपये प्रति एससीएम होगी। एमजीएल ने कहा कि वह केंद्र द्वारा





घरेलू स्तर पर उत्पादित उच्च दबाव उच्च तापमान (एचपीएचटी) प्राकृतिक गैस की कीमत में कमी का स्वागत करती है।

पेट्रोलियम मंत्रालय के पेट्रोलियम नियोजन एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) ने बताया कि एक अक्टूबर से शुरू होने वाली छह महीने की अवधि के लिए गहरे समुद्र और उच्च दबाव, उच्च तापमान (एचपीटीपी) वाले क्षेत्रों से गैस की कीमत 12.12 डॉलर से घटाकर 9.96 डॉलर प्रति ब्रिटिश थर्मल यूनिट (एमएमबीटीयू) कर दी गई है।

सरकार स्थानीय रूप से उत्पादित प्राकृतिक गैस के लिए द्वि-वार्षिक मूल्य निर्धारित करती है, जिसका उपयोग विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जाता है, जिसमें ऑटोमोबाइल के लिए सीएनजी में रूपांतरण, खाना पकाने, बिजली उत्पादन और उर्वरक उत्पादन के लिए घरेलू रसोई में पाइप की आपूर्ति शामिल है। बता दें कि प्रत्येक वर्ष एक अप्रैल और एक अक्टूबर को दरों को संशोधित किया जाता है, विशेष रूप से गहरे समुद्र के स्थानों जैसे चुनौतीपूर्ण-से-पहुंच वाले क्षेत्रों के लिए।

गौरवशाली भारत

7

खेल/विदेश

नई दिल्ली
मंगलवार 03 अक्टूबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### जोशना चिनप्पा बाहर, सौरव घोषाल क्वार्टर फाइनल में

हांगझोउ । भारत की जोशना चिनप्पा एशियाई खेल में स्क्वैश में सोमवार को हारकर बाहर हो गईं, जबकि सौरव घोषाल ने क्वार्टरफाइनल में जीत हासिल की। चिनप्पा को महिला एकल स्पर्धा के राउंड ऑफ 16 में दक्षिण कोरिया की मिंगयोंग हेओ से 1-3 (4-11, 12-10, 9-11, 8-11) से हार मिली। गौरतलब है कि 37 वर्षीय जोशना चिनप्पा ने इंडोनेशिया में आयोजित जकार्ता 2018 एशियाई खेलों में एकल स्पर्धा का कांस्य पदक जीता था। अनुभवी भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने हाल ही में हांगझोउ में टीम कांस्य पदक भी जीता है। इसके अलावा महिला एकल स्पर्धा में भारतीय तन्वी खन्ना ने थाईलैंड की अरिचया चुजित के ख़िलाफ़ 3-0 (11-1, 11-3, 11-2) से जीत के साथ क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। मंगलवार को क्वार्टरफाइनल में तन्वी का मुकाबला जापान की सातोमी वतनबे से होगा। इस बीच, सौरव घोषाल ने अपने पुरुष एकल अभियान की शुरुआत कुवैत के अम्मार अल तमीमी के ख़िलाफ़ 3-0 (11-4, 11-4, 11-6) की आसान जीत के साथ क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टरफाइनल में 37 वर्षीय सौरव घोषाल का सामना मंगलवार को जापान के रयुनोसुके त्सुकु से होगा, जिन्होंने प्री-क्वार्टरफाइनल में भारत के महेश मनगांवकर को 3-0 (11-6, 11-2, 11-6) से हराया था। मिश्रित युगल स्पर्धा में, अनाहत सिंह और अभय सिंह की भारतीय जोड़ी ने पूल डी में अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की। भारतीय जोड़ी ने थाईलैंड के अनंताना प्रसेर्टानाकुल और अरकाराडेट अरकाराहिरुन्या पर 2-0 (11-5, 11-6) से जीत दर्ज की।

### नीदरलैंड दौरे के लिए हॉकी सब जूनियर पुरुष और महिला टीम की घोषित

नई दिल्ली। नौ से 16 अक्टूबर के बीच प्रस्तावित नीदरलैंड दौरे के लिये हॉकी इंडिया ने सोमवार को 20 सदस्यीय सब जूनियर पुरुष और महिला टीमों की घोषणा कर दी। दौरे में भारतीय सब जूनियर पुरुष टीम नीदरलैंड की अंडर18 टीम और अंडर16 टीम से दो दो मैच खेलेगी जबकि सब जूनियर महिला टीम भी नीदरलैंड गर्ल्स अंडर18 टीम और नीदरलैंड गर्ल्स अंडर16 टीम के खिलाफ दो दो मुकाबलों में कड़ी टक्कर देगी। इसके अलावा भारतीय सब जूनियर पुरुष और महिला टीमें नीदरलैंड के एक सीनियर क्लब की पुरुष और महिला टीमों के खिलाफ मैच खेलेंगी। भारतीय सब जूनियर पुरुष टीम की कप्तानी मनमीत सिंह राय करेंगे जबकि आशु मौर्य उपकप्तान होंगे। सब जूनियर महिला टीम के लिए भव्या को कप्तान और रजनी केरकेट्टा को उपकप्तान नियुक्त किया गया है। भारतीय सब जूनियर पुरुष टीम के कोच सरदार सिंह ने कहा, यह दौरा हमारी उभरती प्रतिभाओं के लिये मील का पत्थर साबित होगा। हम युवा खिलाड़ियों को भव्य अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने कौशल दिखाने के इस अवसर को लेकर उत्साहित हैं। यहां प्राप्त अनुभव हमारे लिए काम आएगा। वे भारतीय हॉकी के भावी दिग्गज बनने की दिशा में अपना पहला कदम बढ़ा रहे हैं।

### सुब्रतो कप अंडर 14 टूर्नामेंट के लिए नए कार्यक्रमों की घोषणा

बैंगलुरु। सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्ट्स एजुकेशन सोसाइटी ने सुब्रतो कप इंटर स्कूल इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट के 62वें संस्करण के सब जूनियर (अंडर 14) बालकों के टूर्नामेंट के लिए नए कार्यक्रमों की घोषणा की है। यहां गार्डन सिटी में ये टूर्नामेंट पहली बार खेला जाना है। यह गतिविधि मजबूरन इसलिए लायी गई है क्योंकि दुर्भाग्य से 15 टीमों को अपनी टीम में अधिक उम्र के खिलाड़ियों को मैदान में उतारने के कारण अयोग्य घोषित करना पड़ा। नए मुकाबलों में 22 टीमों को आठ समूहों में विभाजित किया गया है। रविवार एक अक्टूबर को खेले गए सभी मैचों को भी आयोजकों ने अमान्य घोषित कर दिया है। टूर्नामेंट के नियमों और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार रविवार को एक आयु अनुमान परीक्षण आयोजित किया गया था। परीक्षण बेंगलुरु के तुमकुर रोड पर एक अस्पताल में अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा नियुक्त एक डॉक्टर द्वारा किया गया था। कुल 126 खिलाड़ियों का परीक्षण किया गया जिसमें 87 खिलाड़ी परीक्षण में असफल रहे और 34 खिलाड़ी परीक्षण में सफल रहे। पांच खिलाड़ियों के नतीजे आज घोषित किये जायेंगे। प्रत्येक टीम के कम से कम चार खिलाड़ियों का परीक्षण किया गया और अयोग्य घोषित की गई 15 टीमों में कम से कम चार खिलाड़ी अधिक उम्र के पाए गए।

### स्वर्ण पर रहेगी नजर,नेपाल से लोहा लेंगे भारतीय

हांगझाउ। एशियाई खेलों में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने सोमवार को कहा कि उनकी टीम की नजर एशियाड में स्वर्ण पदक पर है और इसी लक्ष्य के साथ टीम मंगलवार को नेपाल के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेलने मैदान पर उतरेगी। मैच की पूर्व संध्या पर उन्होने कहा टीम के सभी खिलाड़ी महिला टीम की तरह स्वर्ण पदक जीतना चाहते हैं। सच तो यह है कि एशियाई खेलों में हर कोई अपने देश के लिए स्वर्ण पदक जीतना और पोडियम पर खड़े होना चाहता है। हम उनसे अलग नहीं है और अपनी महिला टीम की तरह स्वर्ण पदक जीतना चाहते हैं। हमारे पास इसका अनुभव है। हम उस तरह के माहौल और परिस्थितियों के आदी हैं। चीन की धरती पर पहली बार क्रिकेट खेलने को लेकर टीम के सभी सदस्य उत्साहित है। एशियाई खेलों में भारतीय टीम को सीधे क्वार्टरफ़ाइनल में एंट्री मिली है। चेन्नई सुपरकिंग्स के सदस्य रहे भारतीय कप्तान ने कहा मैने महेंद्र सिंह धोनी से काफ़ी कुछ सीखा है लेकिन हर व्यक्ति की शैली अलग होती है। उनकी शैली अलग है, उनका व्यक्तित्व अलग है और मेरा व्यक्तित्व थोड़ा अलग है। मैं कोशिश करूंगा कि मैं अपनी तरह से कप्तानी करूं और यह न सोचूं कि वह किस तरह से कप्तानी करते हैं। ज़ाहिर है कि आपको उनके कुछ फ़ैसलों का अनुकरण करना होगा, जो वह वास्तव में अच्छा करते हैं। वह जिस तरह से मैच के दौरान खिलाड़ियों और परिस्थितियों को संभालते हैं, यह उनसे सीखने योग्य चीज़ें हैं।

### हॉकी में भारत ने बंगलादेश को 12-0 से हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश

हांगझोउ। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों के पुरूष हॉकी पूल ए मुकाबले में सोमवार को भारतीय हॉकी टीम ने कप्तान हरमनप्रीत सिंह और मनदीप सिंह की हैट्रिक बदौलत बंगलादेश को 12-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत की ओर से हरमनप्रीत सिंह (दूसरे,चौथे और 32वें मिनट में), मनदीप सिंह (18, 24 और 46वें मिनट में), ललित उपाध्याय (23वें मिनट में), अमित रोहदास (28वें मिनट में), अभिषेक (41वें और 57वें मिनट में), नीलकांत शर्मा (47वें मिनट में), गुरजंत सिंह (56वें मिनट में) में गोल दागे। वहीं, बंगलादेश की टीम पूरे मुकाबले में एक भी गोल करने में सफल नहीं हो पाई। आत्मविश्वास से लबरेज़ भारतीय टीम ने रोमांचक शुरुआत की। खेल शुरू होने के कुछ समय बाद ही भारत ने दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए और ड्रैग फ्लिक में माहिर भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 2,4वें मिनट में गोल दागे। पहले क्वार्टर में भारत ने 2-0 से बढ़त बनाई। दूसरे क्वार्टर की शुरुआत भी आक्रामकता के साथ हुई और 18वें मिनट में मनदीप सिंह ने मैच का पहला फील्ड गोल करके भारत के स्कोर को 3-0 कर दिया। वहीं, 23वें मिनट में ललित उपाध्याय ने फील्ड गोल करते हुए भारत के लिए चौथा गोल किया। इसके अगले ही मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला और मनदीप सिंह ने पांचवां गोल दागा। 28वें मिनट में अमित रोहदास ने भारत के लिए पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया। भारतीय टीम ने बेहद ही आक्रामक खेल का मुज़ाहिरा किया जिसकी वजह से बंगलादेश के डिफेंस को काफी संघर्ष करना पड़ा। पहले हाफ के अंत तक भारतीय टीम ने अपनी बढ़त को 6-0 से बरकरार रखा। वहीं बंगलादेश ने एक भी गोल नहीं किया। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने तीसरे क्वार्टर में भी अपना दबदबा कायम रखा और इस क्वार्टर में भारत ने दो गोल किए। 32वें मिनट में हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए अपना तीसरा गोल दागा।

# सेमीफाइनल में जगह पक्की करने उतरेंगी भारतीय लड़कियां

हांगझाउ। 19वें एशियाई खेल हांगझाउ 2022 में अपने आखिरी पूल ए मुकाबले में भारतीय महिला हॉकी टीम मंगलवार को हांगकांग चीन के खिलाफ जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत के बाद भारत अपनी लय बरकरार रखना चाहता है जबकि हांगकांग चीन अपनी पहली जीत की तलाश में है। इस टूर्नामेंट में भारत का सफर प्रभावशाली रहा है। उन्होंने अपने अभियान की शुरुआत सिंगापुर पर 13-0 की शानदार जीत के साथ की, इसके बाद मलेशिया के खिलाफ 6-0 की शानदार जीत हासिल की। अपने तीसरे मैच में उन्होंने अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए कोरिया के खिलाफ 1-1 से रोमांचक ड्रा खेला।

दूसरी ओर, हांगकांग चीन की शुरुआत चुनौतीपूर्ण रही और उसे अपने पिछले तीनों खेलों में हार का सामना करना पड़ा। आमने-सामने के मुकाबलों की बात आती है, तो भारत ने केवल एक बार 2013 महिला एशिया कप के दौरान हांगकांग चीन के साथ मैच खेला था, जहां भारत 13-0 के स्कोर



के साथ विजयी हुआ था।

भारतीय महिला टीम इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतने के अपने लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध है। हांगकांग चीन के खिलाफ भारतीय लड़कियां अपनी जीत की राह जारी रखना चाहेंगी जिससे वे अपने चैम्पियनशिप सपनों के करीब पहुंचेंगी।

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने कहा, इस टूर्नामेंट में हर मैच हमारे लिए महत्वपूर्ण है। हमने ठोस शुरुआत की है, लेकिन हम आत्मसंतुष्ट नहीं हो सकते। हांगकांग चीन एक प्रतिस्पर्धी टीम है और हम उसे हल्के में लेने की भूल कभी नहीं करेंगे। हमारा ध्यान अपने खेल अपनी रणनीतियों और मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर रहता है। हम भारत के लिए एक और जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

टीम की उप कप्तान दीप ग्रेस एक्का ने कहा, हमारी पिछली जीत उत्साहजनक रही है, हम जानते हैं कि हर मैच में अनोखी चुनौतियां होती हैं। कोरिया के खिलाफ हमारे ड्रा ने हमें याद दिलाया कि हमें लगातार सुधार करने के लिए खुद को प्रेरित करना चाहिए। एक टीम के रूप में हम एकजुट हैं और आगामी मैच का इंतजार कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य लगातार मजबूत प्रदर्शन करना है।

गौरतलब है कि भारत वर्तमान में पूल ए अंक तालिका में शीर्ष पर है और हांगकांग चीन के खिलाफ जीत प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में उनकी जगह पक्की कर देगी। दोनो टीमों के बीच मुकाबला मंगलवार सुबह पौने आठ बजे खेला जायेगा।

## सब जूनियर हॉकी में हरियाणा और यूपी का बोलबाला

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के झाँसी में पहली हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष और महिला नॉर्थ जोन चैंपियनशिप 2023 के दूसरे दिन सोमवार को हॉकी हरियाणा और उत्तर प्रदेश हॉकी ने सब जूनियर महिला वर्ग में अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की जबकि हॉकी हरियाणा, हॉकी चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश हॉकी सब जूनियर पुरुष वर्ग में अपने-अपने मैचों में विजयी रहे। दिन के पहले मैच में सब जूनियर महिला वर्ग में हॉकी हरियाणा ने हॉकी पंजाब को 4-2 से हराया।

हॉकी हरियाणा ने सीमा (35, 60) और दीया (37, 54) के माध्यम से ठोस बढ़त बनाई। इस बीच, हॉकी पंजाब के लिए कौर गगनदीप (25) और तनु रानी (56) ने एक-एक गोल किया। दूसरे मैच में सब जूनियर महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश हॉकी ने हॉकी हिमाचल को 14-0 से हराया। उत्तर प्रदेश हॉकी के लिए गोल स्कोरर रश्मी पटेल (6, 41), चौहान श्रद्धा (12, 18, 50, 59), लकी कुमार (13, 35, 43), और रश्मी रायकवार (21, 29, 33, 55, 56) रहे। सब जूनियर पुरुष वर्ग में हॉकी हरियाणा ने हॉकी पंजाब को 3-1 से हराया। सचिन (7, 44) ने हॉकी हरियाणा के लिए दो गोल किये जबकि अमित (54) ने भी एक गोल किया। हॉकी पंजाब के लिए एकमात्र गोल सुखदेव सिंह (43) ने किया।

चौथे मैच में सब जूनियर पुरुष वर्ग में हॉकी चंडीगढ़ ने हॉकी उत्तराखंड को 12-4 से हराया। कप्तान सूरज कुमार साह (10, 16, 24, 42, 57) ने उदाहरण पेश करते हुए हॉकी चंडीगढ़ के लिए पांच गोल किए। हॉकी चंडीगढ़ के लिए सिंह लवप्रीत (17, 27), सिंह वंश (30, 35), दुहान साही (40), राजवीर सिंह (44) और सिंह जशनप्रीत (50) ने भी स्कोर किया। हॉकी उत्तराखंड के लिए कुँवर मनीष सिंह (25, 42) और कप्तान नितिन बोहरा (45, 55) ने गोल किये।

दन का आखिरी मैच सब जूनियर पुरुष वर्ग में उत्तर प्रदेश हॉकी ने हॉकी हिमाचल को 18-0 से हराया। उत्तर प्रदेश हॉकी के लिए कप्तान अली शाहरुख (6, 9, 11, 13, 15, 15, 20, 36, 36, 43) ने आश्चर्यजनक रूप से दस गोल किए।

## ईरानी कप: सौराष्ट्र के नौ विकेट पर 212 रन

राजकोट । विधवत कावेरप्पा (28 रन पर तीन विकेट) और सौरभ कुमार (64 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी की मदद से शेष भारत ने ईरानी कप के पांच दिवसीय मैच के दूसरे दिन सोमवार को सौराष्ट्र की पहली पारी के नौ विकेट 212 रन पर उखाड़ दिये। सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम पर दिन का खेल खत्म होने के समय जयदेव उनादकट 17 और युवराजसिंह डोडिया बगैर खाता खोले क्रीज पर डटे थे। इससे पहले शेष भारत की पहली पारी 308 रन पर सिमट गयी थी। सौराष्ट्र के शीर्ष बल्लेबाजों का प्रदर्शन आज स्तरहीन रहा। पारी के पहले ही ओवर में कावेरप्पा ने सलामी बल्लेबाज हार्दिक देसाई को शून्य पर चलता किया। अभी टीम का स्कोर चार रन ही पहुंचा था कि कावेरप्पा ने चिराग जानी (2) को विकेट के पीछे आउट कराया। चेतेश्वर पुजारा (29) और समर्थ व्यास (29) ने स्कोरबोर्ड पर 51 रन अंकित कराये थे कि इस बीच पुजारा को पुलकित नारंग ने आउट कर दिया। बाद में सौरभ ने समर्थ व्यास और शेल्डन जैक्सन का विकेट चटका कर शेष भारत को मुसीबत के भंवर में धकेल दिया।

## कबड्डी में चीनी ताइपे के साथ ड्रा खेला भारत

हांगझाउ। एशियन गेम्स 2023 कबड्डी में भारतीय महिला टीम और चीनी ताइपे के बीच शुरुआती मुकाबला 34-34 के स्कोर के साथ टाई रहा।

इस मुकाबले के साथ भारत ने पूल ए में अपने अभियान की शुरुआत की। पूजा ने भारत के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले हाफ में चीनी ताइपे को ऑल-आउट किया, लेकिन दूसरे हाफ में 2018 की कांस्य पदक विजेता चीनी ताइपे की शानदार वापसी ने कबड्डी मैच को टाई पर समाप्त कर दिया।




रितु नेगी की अगुवाई में भारतीय महिला कबड्डी टीम ने ग्रुप ए के पहले मुकाबले का आग़ाज़ चीनी ताइपे के खिलाफ किया। रितु नेगी, साक्षी कुमारी, पुष्पा राणा, निधि शर्मा, पूजा, अक्षिमा बज्जाद और पूजा ने मैट पर चीनी ताइपे के खिलाफ शुरुआत की। भारत बनाम चीनी ताइपे मुकाबला अपने रोमांच के साथ शुरु हुआ। भारत के लिए पूजा ने पहला प्वाइंट हासिल किया और इसके जबाव में ताइपे की खिलाड़ी ने बोनस के साथ बढ़त बनाई, लेकिन कप्तान रितु नेगी ने टैकल प्वाइंट लेकर भारत का स्कोर बराबर कर दिया। दोनों टीमें शुरुआत से एक दूसरे पर हावी रहीं। पहले हाफ के समाप्त होने के एक मिनट पहले पूजा ने अपने बेहतरीन मल्टी रेड प्वाइंट की बदौलत चीनी ताइपे टीम को ऑलआउट कर दिया, लेकिन अगले ही लम्हों में चीनी ताइपे ने निधि को टैकल करते हुए दो प्वाइंट अपने नाम किए।

इस तरह भारतीय टीम ने पहले हाफ तक 17-15 के स्कोर से अपनी बढ़त बरक़रार रखी।

हाफ टाइम के बाद पूजा ने अपने पहली रेड में ही एक बोनस प्वाइंट हासिल कर भारत के स्कोर में इज़ाफ़ा किया। इसके बाद भारतीय लड़कियों ने बैक-टू-बैक प्वाइंट लेकर स्कोर को 21-16 तक पहुंचा दिया। भारत की रितु नेगी ने अगले ही पल टैकल प्वाइंट लेते हुए स्कोर में दो और प्वाइंट की बढ़ोतरी की। भारतीय खिलाड़ियों ने दूसरे हाफ में अपने दबदबे को बरक़रार रखा, लेकिन चीनी ताइपे खिलाड़ियों ने जल्द ही वापसी करते हुए अपने रेड और टैकल प्वाइंट से स्कोर को 27-27 से बराबरी पर पहुंचा दिया।

निधि शर्मा ने अपने अगले रेड में टच प्वाइंट के साथ बोनस भी हासिल कर स्कोर में इजाफा किया, लेकिन चीनी ताइपे ने भारत को मैच में पहली बार ऑलआउट कर स्कोर में इजाफा किया। मैच अपने आख़िरी चरम पर पहुंच गया था, चीनी ताइपे की टीम एक प्वाइंट के साथ बढ़त बनाए हुई थी। वहीं, अंत तक भारत बनाम चीनी ताइपे मुकाबला में काफी रोमांच देखने को मिला और आख़िर में यह मक़ुाबला 34-34 के साथ टाई रहा।

# ब्रिटेन में खालिस्तान का विरोध करने वाले सिखों पर हमले, कार पर चलाई गोलियां

## फेंका पेंट; पत्नी-बच्चों से रेप की धमकी



### घर के बाहर चली गोली

हरमन सिंह ने बताया कि बीती रात उनकी कार पर गोलियां चलाई गईं। घर के बाहर खड़ी कारों पर लाल रंग फेंक दिया गया। खालिस्तानी आतंकवादियों द्वारा उन्हें जान से मारने की धमकी भरे कॉल और मैसेज भेजे जा रहे हैं। अभी तक 4 बार उन पर अटैक हुआ और 20 हजार के करीब धमकियां मिल चुकी हैं।

### पुलिस व सरकार सुरक्षा देने में असमर्थ

हरमन सिंह का कहना है कि यहां की पुलिस व सरकार बिकी हुई है। ऋषि सुनक और इलाके के सांसद उनकी सुरक्षा करने में विफल हैं। सभी अपने वोट बैंक के बारे में सोचते हैं। जब भी सांसद से संपर्क किया, जवाब में यही बोलते हैं कि पुलिस अपना काम कर रही है।

अमृतसर। ब्रिटेन में खालिस्तान का विरोध करने वाले सिखों पर भी हमले शुरू हो गए हैं। खालिस्तानी समर्थक खालिस्तान का विरोध करने वालों को ढूंढ कर धमका रहे हैं। बीते दिन ब्रिटेन के एक प्रसिद्ध रेस्टोरेंट मालिक की कार पर गोली चलाई गई और उनके घर के बाहर खड़ी गाड़ियों पर खालिस्तान समर्थकों ने पेंट फेंक दिया। ब्रिटेन के होसलो में फेमस सिख रेस्टोरेंट मालिक हरमन सिंह पर यह हमले हुए हैं। हरमन सिंह ने बताया कि वह हमेशा ही खालिस्तान का विरोध करते आए हैं। बीते 8 महीनों से उन्हें धमकियां मिलनी शुरू हो गई थी। उन पर अभी तक 4 हमले हो चुके हैं। खालिस्तानी समर्थकों की सोच का अंदाजा इससे ही लगा सकते हैं कि हरमन सिंह की पत्नी व बच्चों की तस्वीरों को सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए रेप तक करने की धमकियां दे दीं। फोन नंबर व घर के पते को भी पब्लिक किया गया और ऑफर दिया कि इनके साथ रेप करने वालों को इनाम दिया जाएगा। इसके बाद मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने उन्हें सुरक्षा भी दी। लेकिन सुरक्षा के वापस लेते ही धमकियां का दौर फिर शुरू हो गया। मेट्रोपॉलिटन पुलिस उन्हें व उनके परिवार को सुरक्षा प्रदान करने में विफल रही है।

## अमेजन में 7 दिन में 100 डॉल्फिन की मौत

### इन्हें दूसरे तालाबों में शिफ्ट किया जा रहा; पानी का तापमान 40 डिग्री से ज्यादा हुआ

ब्राजील के अमेजन इलाके में ऐतिहासिक सूखा पड़ा है। यहां तालाबों और झीलों में पानी का तापमान रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। कुछ जगहों पर पानी का तापमान 102 डिग्री फैरेनहाइट यानी 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो गया है। इस बीच पिछले सात दिनों में यहां की लेक टेफे में सौ से ज्यादा डॉल्फिन मरी हुई मिली हैं। वैज्ञानिकों ने इसे असामान्य बताया है। उनके मुताबिक झील का तापमान और अमेजन में पड़ा ऐतिहासिक सूखा इसका कारण हो सकता है। दुनिया का सबसे बड़ा जलमार्ग अमेजन नदी, इस समय शुष्क मौसम के दौर से गुजर रही है, इसका असर नदी में रहने वाले जीवों पर भी पड़ रहा है। CNN की रिपोर्ट के मुताबिक डॉलफिन्स को बचाने के लिए उन्हें दूसरी झीलों और तालाबों में शिफ्ट किया जा रहा है। जहां



पानी कम गर्म है। इस काम में लगे रिसर्चर के मुताबिक ये आसान नहीं है। इन्हें शिफ्ट करने से पहले ये देखना पड़ता है कि दूसरी नदी में किसी तरह का खतरनाक वायरस और टॉक्सिक मटेरियल तो नहीं हैं। तस्वीर अमेजन रिवर में मृत पाई गई पिंक डॉल्फिन की है। कुछ एक्सपर्ट्स का कहना है कि इनके मरने की वजह नजदीकी इलाकों में हो रही गोल्ड माइनिंग भी है। वहां के केमिकल्स को नदियों में डाल दिया जाता है। तस्वीर अमेजन रिवर में मृत पाई गई पिंक डॉल्फिन की है। कुछ एक्सपर्ट्स का कहना है कि इनके मरने की वजह नजदीकी इलाकों में हो रही गोल्ड माइनिंग भी है। वहां के केमिकल्स को नदियों में डाल दिया जाता है।

### क्या है डॉल्फिन

डॉल्फिन भी व्हेल मछली की तरह स्तनधारी जलीय जीव है। यह पानी में 990 फीट गहराई तक जा सकती है और पानी से 20 फीट उपर तक उछल सकती है। दुर्लभ जलीय जीव की श्रेणी में आने के बाद इसके संरक्षण पर काम होने लगा है। हालांकि डॉल्फिन को ज्यादा डर नदी तट पर बसे मछुआरों से है। जिनके जालो में डॉल्फिन आ जाती हैं। इन्हें सुरक्षित करने के लिए लोगों के अंदर जागरूकता फैलाने की भी आवश्यकता है।

## चिकित्सा का नोबेल कोरोना के टीका बनाने में सहायक कैटालिन कारिको, ड्रू वीसमैन को

स्टाकहोम। शरीर-क्रिया विज्ञान एवं औषधि क्षेत्र के लिए 2023 का नोबेल पुरस्कार हंगरी मूल की जैव-रसायन वैज्ञानिक कैटालिन कारिको और अमेरिका के ड्रू वीसमैन को एम-आरएनए आधारित कोविड-19 वैक्सीन के विकास में उनके योगदान के लिए संयुक्त रूप से देने की सोमवार को घोषणा की गयी। नोबेल असेंबली के सचिव थॉमस पर्लमैन ने स्टाकहोम के कोरोलिंस्का संस्थान में इस पुरस्कार की घोषणा की। इस घोषणा के अनुसार दोनों वैज्ञानिकों को न्यूक्लियोसाइड आधारित संशोधनों से संबंधित उनकी खोजों के सम्मान के तौर पर यह सम्मान दिया जा रहा है। बयान के अनुसार उनकीस खोज से कोरोना वायरस-कोविड-19 से बचाव के लिए एम-आरएनए टीकों के विकास में मदद मिली।

## मेक्सिको में चर्च की छत गिरने से नौ की मौत

मेक्सिको सिटी। मैक्सिकन शहर स्यूदाद माडेरो में एक चर्च की छत गिरने से नौ लोगों की मौत हो गई है और 40 अन्य घायल हो गए हैं। मैक्सिकन सार्वजनिक सुरक्षा सचिवालय के क्षेत्रीय विभाग द्वारा सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। तमाउलिपास राज्य के सुरक्षा विभाग ने एक्स लिखा,इस हादसे में नौ लोगों की मौत और 40 के घायल होने की सूचना मिली है। आगे की जानकारी बचाव कार्य पूरा होने के बाद ही मिलेगी। मीडिया ने बताया कि बचावकर्मी अन्य 30 लोगों की तलाश कर रहे हैं जिनके मलबे में फंसे होने की आशंका हैं। क्षेत्रीय सुरक्षा विभाग ने एक्स पर कहा,दस लोगों के मरने और 60 के घायल होने की सूचना है, जिनमें से 23 को अस्पताल ले जाया गया। दो लोगों की हालत नाजुक है। चर्च की छत सोमवार को कथित तौर पर एक नामकरण समारोह के दौरान गिर गई थी। प्रशासनिक इस बात से अनभिज्ञ है कि छत गिरने के दौरान उसके नीचे कितने लोग मौजूद थे? सुरक्षा मंत्रालय ने कहा कि दुर्घटना इमारत के जर्जर ढांचे के कारण हुई। घटनास्थल पर मलबा हटाने का काम जारी है।

## स्वीडन में कुरान जलाने पर की निंदा

रियाद। सऊदी अरब ने रविवार को स्वीडिश शहर माल्मो में इस्लामी पवित्र ग्रंथ कुरान की एक प्रति को जलाने की कड़ी निंदा की है। सऊदी प्रेस एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार विदेश मंत्रालय ने 'ऐसे अपमानजनक कृत्यों को देश की अस्वीकृति को दोहराया,' और कहा कि इस तरह के कदम ने दुनिया भर में लाखों मुसलमानों की भावनाओं को भड़काया है। मंत्रालय ने स्वीडिश अधिकारियों से कुरान का अपमान करने वालों से सख्ती से निपटने और उन लोगों को अनुमति देना बंद करने का आह्वान किया जो इसी तरह की कार्रवाई करने की योजना बना रहे हैं। गौरतलब है कि इराकी मूल के सलवान मोमिका ने शनिवार को माल्मो में पहले कुरान के पन्ने फाड़े और फिर उसे जला दिये। स्वीडिश मीडिया ने बताया कि स्वीडिश पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया और कुछ अन्य लोगों को वापस भेज दिया, जिन्होंने इस कदम को रोकने की कोशिश की थी। पिछले महीनों में स्वीडन, डेनमार्क और नीदरलैंड सहित कई देशों में इस्लाम विरोधी व्यक्तियों या समूहों द्वारा कुरान की प्रतियों को फाड़ना और जलाकर पवित्र ग्रंथ का बार-बार अपमान किया गया था, जिससे दुनिया भर के मुस्लिम-बहुल देशों में आक्रोश और इसकी आलोचना हो रही है।

## मेडिसिन का नोबेल पुरस्कार कोरोना के खिलाफ टीकों के डेवलपर्स को दिया गया

स्टॉकहोम। हंगेरियन-अमेरिकी बायोकेमिस्ट कैटालिन कारिको और अमेरिकी चिकित्सक-वैज्ञानिक ड्रू वीसमैन को कोविड-19 टीकों में इस्तेमाल की जाने वाली संशोधित मैसेंजर आरएनए (एमआरएनए) तकनीक विकसित करने के लिए मेडिसिन में 2023 का नोबेल पुरस्कार दिया गया है। नोबेल समिति ने सोमवार को इस पुरस्कार की घोषणा की। नोबेल समिति ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा,फिजियोलॉजी या मेडिसिन में 2023 का नोबेल पुरस्कार कैटालिन कारिको और ड्रू वीसमैन को न्यूक्लियोसाइड बेस संशोधनों से संबंधित उनकी खोजों के लिए प्रदान किया गया है, जिन्होंने कोविड -19 के खिलाफ प्रभावी एमआरएनए टीकों के विकास को सक्षम किया है। इस साल कैटालिन कारिको और ड्रू वीसमैन को चिकित्सा का नोबेल दिया गया। इन्हें न्यूक्लियोसाइड बेस संशोधनों से संबंधित उनकी खोजों के लिए यह सम्मान दिया गया। इस खोज की वजह से कोरोनावायरस यानी कोविड-19 के खिलाफ प्रभावी एमआरएनए टीकों के विकास में मदद मिली। नोबेल समिति के सचिव थॉमस पर्लमैन ने कोरोलिंस्का संस्थान में विजेता की घोषणा की। चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार के साथ ही नोबेल पुरस्कारों की घोषणा की शुरूआत हो गई है। अब मंगलवार को भौतिकी, बुधवार को रसायन विज्ञान और गुरुवार को साहित्य के क्षेत्र में दिए जाने वाले नोबेल पुरस्कार विजेता के नाम की घोषणा होगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. -DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### एबीवीपी की पूर्वोत्तर अध्ययन यात्रा अगले महीने

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने पूर्वोत्तर भारत से शेष भारत के युवाओं को परिचित कराने हेतु पूर्वोत्तर अध्ययन यात्रा को आयोजित कराने की घोषणा की है। अगले माह आयोजित की जा रही इस यात्रा में देश भर से चयनित विद्यार्थी पूर्वोत्तर के राज्यों के जीवन एवं संस्कृति को समझने के लिए जगह जगह जाएंगे तथा स्थानीय विद्यार्थियों से परिचय भी करेंगे। संगठन ने यहां सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि उसके शिलांग में इस समय चल रहे राष्ट्रीय अधिवेशन से में पूर्वोत्तर अध्ययन यात्रा की घोषणा की। पूर्वोत्तर भारत की समृद्ध विरासत व संस्कृति से विद्यार्थियों को परिचय कराने के उद्देश्य से की जा रही है। एबीवीपी की दो दिवसीय अखिल भारतीय पदाधिकारियों की बैठक रविवार से शिलांग में चल रही है। संगठन अंतर-राज्य छात्र जीवन दर्शन यात्रा कार्यक्रम 1966 से चला रहा है। इसके तहत पूर्वोत्तर के विभिन्न जनजातियों से आने वाले विद्यार्थियों को विभिन्न प्रदेशों को भ्रमण करने का अवसर मिलता है, वहां उन्हें देश की सांस्कृतिक एकता, भाषाई विविधता तथा शैक्षणिक परिवेश को देखने और समझने का अवसर प्राप्त होता है। बयान में कहा गया है कि इस वर्ष नवंबर माह में प्रस्तावित अभाविप की पूर्वोत्तर अध्ययन यात्रा के माध्यम से अब भारत के अलग-अलग राज्यों से 75 छात्र-छात्राओं को पूर्वोत्तर भारत के अलग-अलग राज्यों में जाकर परंपरा, लोक व्यवहार तथा प्राकृतिक समृद्धि को जानने का अवसर मिलेगा। यात्रा के दौरान विद्यार्थी पूर्वोत्तर भारत की अलग-अलग जनजातियों, परंपराओं तथा ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करेंगे।

### भाजपा अध्यक्ष ने की खादी की खरीदारी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आज सोमवार को शांति, अहिंसा और सद्भाव के अग्रदूत राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयंती के अवसर पर राजधानी के कनॉट प्लेस में स्थित खादी स्टोर से खादी वस्त्रों की खरीदारी की। नड्डा ने सर्वप्रथम खादी इंडिया में सबको महात्मा गांधी जी की जयंती की बधाई दी। उन्होंने वहां उपस्थित नागरिकों एवं मीडिया कर्मियों से भी अपील की कि वे भी खादी उत्पादों को खरीदें और खादी का अपने जीवन में अधिकाधिक उपयोग करें। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि खादी हमारी धरोहर और विरासत का प्रतीक है। खादी को दुनियाभर में लोकप्रिय बनाने के लिए प्रतिबद्ध प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफलतम प्रयासों से खादी उद्योग नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा, मैं सभी देशवासियों से कम से कम एक खादी उत्पाद खरीदने और उत्सव समारोहों के दौरान 'वोकल फॉर लोकल' मंत्र को अपनाने का आग्रह करता हूँ। नड्डा ने कहा कि पूज्य बापू की जयंती के दिन भाजपा कार्यकर्ता खादी के वस्त्र और खादी उत्पाद जरूर खरीदते हैं। प्रधानमंत्री के खादी अपनाने के आह्वान के बाद खादी उत्पादों का कारोबार रिकॉर्ड स्तर पर है। खादी ग्राम उद्योग से ज्यादा ज्यादा लोगों को रोजगार भी मिलता है। इससे आर्थिक दृष्टि से भी देश सबल हो रहा है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि पूज्य बापू ने 'आत्मनिर्भर भारत' का सपना देखा था जिसे प्रधानमंत्री श्री मोदी साकार कर रहे हैं।

### केंद्र देशव्यापी जातीय सर्वे कराए : जनता दल (यू)

नयी दिल्ली। जनता दल (यूनाइटेड) ने बिहार में 'जाति आधारित सर्वे' की रिपोर्ट का सोमवार को स्वागत किया और केंद्र से इसी तरह पूरे देश में जाति आधारित सर्वे करा कर प्रत्येक नागरिक का न्यायपूर्ण विकास सुनिश्चित करने की मांग की। बिहार में सत्तारूढ इस पार्टी ने राज्य की जाति आधारित सर्वे रिपोर्ट जारी होने के बाद यह मांग की है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और बिहार विधान परिषद के सदस्य अफाक अहमद खान ने यहां जारी एक बयान में कहा कि यह सर्वे रिपोर्ट 'बिहार सरकार को सबके विकास पर ध्यान देने में सहायक होगी।' उन्होंने केंद्र सरकार से भी इसी तरह का राष्ट्रव्यापी सर्वे कराने की अपील की है ताकि प्रत्येक नागरिक का 'न्यायपूर्वक विकास 'सुनिश्चित किया जा सके। बयान में कहा गया है कि पार्टी के नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार का यह सपना है कि सभी नागरिकों का न्यायपूर्वक विकास हो। पटना में बिहार सरकार की ओर से विकास आयुक्त विवेक कुमार सिंह ने आज ही वहां सचिवालय में एक संवाददाता सम्मेलन में बिहार जातिगत सर्वेक्षण के आंकड़े जारी किये । बिहार जातीय सर्वे रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश की कुल जनसंख्या में 36.01 प्रतिशत अत्यंत पिछड़ी जातियों के, 27.12 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग की जातियों के, 19.65 प्रतिशत अनुसूचित जातियों के और 1.68 प्रतिशत अनुसूचित जनजातियों तथा 15.52 प्रतिशत अनारक्षित वर्ग की जाति के लोग हैं।

### बोहरा बने आईएसीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

अहमदाबाद। गुजरात के अहमदाबाद में रहने वाले प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट पंकज बोहरा ने इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईएसीसी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया है। बोहरा ने इस पदोन्नति पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सोमवार को यहां जारी अपने बयान में कहा,'' आईएसीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद हाल ही में ग्रहण करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। आज भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार तेजी से बढ़ रहा है और अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बनकर उभर रहा है। दोनों देशों के बीच संबंध पहले से कहीं अधिक मजबूत हुए हैं और एक नई कक्षा एवं कार्यक्षेत्र में प्रवेश करने के लिए तैयार हैं। मैं दोनों देशों के बीच स्थायी संबंधों को और भी मजबूती के साथ आगे बढ़ाने और सभी हितधारकों के साथ सहयोग से जुड़ने के लिए वचनबद्ध हूं। वह इस महत्वपूर्ण भूमिका को निभाने वाले गुजरात के पहले व्यक्ति होगें। चार दशकों से अधिक व्यावसायिक अनुभव के साथ, 59 वर्षीय सीए श्री बोहरा हाल में पंकज बोहरा एंड कंपनी, चार्टर्ड अकाउंटेंटस, में वरिष्ठ भागीदार के रूप में कार्य कर रहे हैं।

### कछुओं की बड़ी खेप बरामद दो गिरफ्तार

भोपाल। क्षेत्रीय राजस्व आसूचना निदेशालय भोपाल, जोनल राजस्व आसूचना निदेशालय इंदौर एवं स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स भोपाल के द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए इटारसी रेलवे स्टेशन पर यशवंतपुर एक्सप्रेस से वन्यप्राणी इंडियन टेंट टर्टल जो की कछुआ की एक दुर्लभ प्रजाति है, का अवैध रूप से परिवहन करते हुए दो आरोरिपयों को गिरफ्तार किया गया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार दोनों आरोपी पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं एवं लखनऊ से दुर्लभ प्रजाति के कछुआ को लेकर चेन्नई जा रहे थे। दोनों आरोपियों से भारी मात्रा में इंडियन टेंट टर्टल जप्त किए गए हैं। दुर्लभ प्रजाति के यह कछुए वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की अनुसूची-1 के वन्यप्राणी हैं, जिनकी तस्करी एवं अवैध प्रतिबंधित है, जिनकी तस्करी करने वाले आरोपियों को अधिकतम 7 वर्ष तक के कारावास एवं न्यूनतम 25000/- रुपए दण्ड देने का प्रावधान है। आरोपियों को गिरफ्तार कर विशेष न्यायालय नर्मदापुरम में पेश किया गया है, जहां से उन्हें फॉरेस्ट रिमांड पर ले कर प्रकरण में अग्रिम जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया प्रकरण में संगठित गिरोह के संलिप्त होने के साक्ष्य मिले है। अग्रिम विवेचना जारी है।

### छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने निकाला सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में भरोसा यात्रा

रायपुर। छत्तीसगढ़ के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस ने आज गांधी जयंती पर भरोसा यात्रा निकाला,जिसमें प्रदेश के सभी वरिष्ठ नेता अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में भरोसा यात्रा में शामिल हुये। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पाटन विधानसभा के सेलूद, गाड़ाडीह, जामगांव, रानीतराई में भरोसा यात्रा में शामिल हुये। राज्य की पार्टी प्रभारी कुमारी सैलजा उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव अंबिकापुर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज बस्तर में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत सक्ती, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू दुर्ग ग्रामीण, प्रभारी सचिव डॉ. चंदन यादव, सह-सचिव विजय जांगिड़ सरगुजा में शामिल हुये। भरोसा यात्रा में हर विधानसभा क्षेत्रों में मोटर साईकिल रैली भी निकाली गयी जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुये तथा यात्रा का समापन हर विधानसभा क्षेत्रों में सभा के रूप में हुआ। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ के हर समाज का व्यक्ति कह रहा है कि उसे कांग्रेस पर भरोसा है क्योंकि उसने जो कहा वो किया। दूसरी ओर जब रमन सिंह जी के मुख्यमंत्रित्व काल के 15 बरस पूरे होने जा रहे थे तो समाज का हर वर्ग उनसे दुखी था।

# न्यायाधीशों ने चलाया स्वच्छता अभियान, की साफ – सफाई

## दिया सन्देश तन – मन निर्मल रखने का , अन्तस्तल स्वच्छ बनाने का



सोनभद्र । उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा 154 वीं गांधी जयन्ती के अवसर पर उत्तर प्रदेश विधिक राज्य सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में उद्घाटन स्वच्छता जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश के साथ समस्त न्यायिक अधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जुड़े जहां सुबह 08.30 बजे से यह कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।

सर्वप्रथम कार्यपालक अधिकारी उत्तर प्रदेश विधिक राज सेवा प्राधिकरण द्वारा इस कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर स्वच्छता के महत्व के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया तथा स्वच्छता जागरूकता अभियान के उद्घाटन का शुभारंभ किया गया। इस दौरान कार्यपालक अधिकारी द्वारा विशेष रूप से इंगित किया गया कि स्वच्छता के साथ-साथ आंतरिक स्वच्छता प्राण स्वच्छता का विस्तार देते हुए वाणी की स्वच्छता पर हम सभी को ध्यान देने की जरूरत है, वाणी की स्वच्छता अच्छे वातावरण एवं मानवता की दृष्टि से हमें जरूरी है। सार्वजनिक जीवन और व्यक्तिगत जीवन में स्वच्छता परिलक्षित करते हुए गांधी जी के विचार से प्रेरित होकर स्वच्छता अभियान का प्रारंभ किया गया है। कहा कि इस अभियान के अन्तर्गत 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर के बीच प्रत्येक विद्यालयों में,व संस्थानों में बालकों के बीच सुरक्षा के कार्यक्रम को प्रेरित करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं कार्यक्रम भी आयोजित की गई हैं जिसके लिए विशेष रूप से चयनित तीन सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को सालसा के कोष के माध्यम से पुरस्कृत किया जायेगा है। इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सभी लोग उपस्थित रहे एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के पश्चात राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज रॉबर्ट्सगंज के बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। जिला न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी तथा अन्य न्यायिक अधिकारी की उपस्थिति में आगाज हुआ प्रभात फेरी का।

इस दौरान राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में गांधी जयंती के अवसर पर जिला जज अशोक कुमार यादव व न्यायिक अधिकारियों द्वारा न्यायालय परिसर में साफ-सफाई करते हुए जनपद वासियो से स्वच्छ वातावरण बनाये रखने के लिए अपील की गयी।

## जम्मू कश्मीर के गांवों में सब के लिए शौचालय की सुविधा पर मोदी ने दी बधाई

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण- दो के कार्यक्रम के अंतर्गत मॉडल श्रेणी में जम्मू कश्मीर के गांवों के शत-प्रतिशत ओडीएफ प्लस (खुले में शौच मुक्त) का दर्जा प्राप्त करने के लिए इस केंद्र शासित प्रदेश की सराहना की है। प्रधानमंत्री ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट में लिखा, प्रशंसनीय प्रयास, जिसके लिए मैं जम्मू कश्मीर के लोगों को बधाई देता हूं। यह स्वच्छ और स्वस्थ भारत की दिशा में हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इस पोस्ट के साथ जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा के कार्यालय की ओर से जारी एक पोस्टर और पोस्ट भी टैग किया जिसमें केंद्र शासित क्षेत्र के ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज विभाग के ग्रामीण स्वच्छता निदेशालय ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत जम्मू-कश्मीर के 100 फीसदी गांवों के खुले शौच की समस्या से मुक्त (ओडीएफ) होने की घोषणा की है। इस पोस्टर पर श्री मोदी और श्री सिन्हा के चित्र भी हैं।

# स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का किया गया समापन



सोनभद्र । राज्य मंत्री समाज कल्याण विभाग संजीव कुमार गौंड़, सांसद पकौड़ी लाल कोल, विधायक घोरावल डॉ0 अनिल कुमार मौर्य, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार द्वारा आज ''154 वॉं'' गांधी जी जयंती पर्व कलेक्ट्रेट सभागार में सकुशल सम्पादित हुआ। जनपद में अच्छा कार्य करने वाले प्रत्येक विकासखंड से तीन-तीन सफाई कर्मी एवं सामुदायिक शौचालय के संचालन हेतु तीन तीन केयर टेकर, ग्राम प्रधान बछौदा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा स्वच्छता को जन आंदोलन बनाए जाने के लिए 26 सितंबर से महात्मा गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम चलाए जाने का आह्वान किया गया था। जिसके तहत जनपद में वृहद स्तर पर गांव की सफाई कराई गई। 1 अक्टूबर को जनपद के सभी ग्राम पंचायतों में 640 इवेंट क्रिएट कर स्वच्छता कार्यक्रम कराया गया। जनपद में अच्छा कार्य करने वाले प्रत्येक विकासखंड से तीन-तीन सफाई कर्मी एवं सामुदायिक शौचालय के संचालन हेतु तीन तीन केयर टेकर , ग्राम प्रधान बछौदा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

सम्मान समारोह में मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के निर्देशन में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत जनपद में अच्छा कार्य हुआ है। सफाई सबका उत्तरदायित्व है और सफाई से सबको जुड़ना चाहिए साफ – सफाई के साथ तन – मन उज्वल करते। सांसद ने स्वच्छता पर अच्छा कार्य करने के लिए सभी को बधाई देते हुए कहा कि स्वच्छता के प्रति हम जितना सजग रहेंगे उतना ही स्वस्थ रहेंगे।

# राष्ट्रपिता , शास्त्री जी को कृतज्ञ राष्ट्र ने दी श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली। कृतज्ञ राष्ट्र ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर सोमवार को उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य श्रद्धांजलि समारोह राजघाट और विजयघाट तथा संसद भवन परिसर में आयोजित किये गये। इसके अलावा राजधानी दिल्ली और देश के अन्य स्थानों पर भी दिवंगत विभूतियों की याद में श्रद्धांजलि समारोह, सभायें तथा अन्य कार्यक्रम आयोजित किये गये।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु , उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ , प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे , पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ,केन्द्रीय मंत्री, कई राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी और शास्त्री जी को इस अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुर्मु ने कहा कि गांधी जी ने केवल अहिंसा के लिए ही लड़ाई नहीं लड़ी बल्कि उन्होंने स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और किसानों के अधिकारों के लिए भी समर्पित भाव से कार्य किया। वह केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा 154वीं गांधी जयंती पर गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति के कार्यक्रम में शामिल हुईं।

राष्ट्रपति ने अपने एक संदेश में कहा कि विश्व के कई बड़े नेता गांधी जी के विचारों से प्रभावित हुए जिनमें मार्टिन लूथर किंग जूनियर, नेल्सन मंडेला और बराक ओबामा भी शामिल हैं।

मुर्मु ने कहा कि गांधी जी ने केवल अहिंसा के लिए ही लड़ाई नहीं लड़ी बल्कि उन्होंने स्वच्छता, महिला सशक्तीकरण, आत्मनिर्भरता और किसानों के अधिकारों के लिए भी समर्पित भाव से कार्य किया।

धनखड़ ने राजघाट पर राष्ट्रपिता को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। धनखड़ सुबह राजघाट पहुंचे और महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्प अर्पित किये। इससे पहले उन्होंने राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, हमें महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के मूल्यों को याद करना चाहिए, जिन्होंने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान राह दिखाई।

# जिलाधिकारी की नयी पहल का नव आयाम

## खनन क्षेत्रों में प्रदूषण नियंत्रण हेतु वाटर स्प्रिंकलर एप्लीकेशन माउन्टेड मशीन वाहन का किया जायेगा प्रयोग

सोनभद्र । जिलाधिकारी द्वारा एक नयी पहल की गयी, जिससे खनन क्षेत्रों में प्रदूषण नियंत्रण के लिए डी0एम0एफ0 फण्ड से जनपद में वाटर स्प्रिंकलर एप्लीकेशन माउन्टेड मशीन वाहन को ''154 वॉं'' गांधी जयन्ती के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में राज्य मंत्री समाज कल्याण विभाग संजीव कुमार गौंड़, सांसद पकौड़ी लाल कोल, विधायक घोरावल डॉ0 अनिल कुमार मौर्य द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी ने वाटर स्प्रिंकलर एप्लीकेशन माउन्टेड मशीन वाहन की विशेषता पर प्रकाश



डालते हुए कहा कि जनपद में 04 वाटर स्प्रिंकलर एप्लीकेशन माउन्टेड मशीन वाहन का क्रय किया गया है, जो खदानों से होने वाले वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए आवश्यकतानुसार क्षेत्रों में संचालन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि चोपन, ओबरा व डाला परिक्षेत्रों में स्थित खदानों से होने वाले वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए यह कदम उठाया गया, जो खनन क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों के लिए एक कारगर योजना है।

उन्होंने बताया कि जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित खनन संक्रियाओं एवं क्रशर प्लान्टों से उत्पन्न वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास नियमावली-2017 के उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्र संक्रियाओं और भण्डारणों से उत्पन्न वायु एवं धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के उपाय के अन्तर्गत आवश्यकता अनुरूप स्वच्छ सोनभद्र, हरा सोनभद्र व स्वच्छ यू0पी0 अभियान के तहत वायु प्रदूषण सुधार के लिए यह पहल की गयी है।

उन्होंने बताया कि जनपद में कोयला के 15 क्षेत्र, डोलो स्टोन के 04 क्षेत्र, ग्रेनाईट के 03 क्षेत्र और सैण्ड स्टोन के 10 क्षेत्र हैं, जिसमें विभिन्न संख्या में खनन सक्रिया एवं क्रशर प्लान्ट अवस्थित हैं, इन क्षेत्रों में वायु प्रदूषण अधिक है, जिस पर नियंत्रण के लिए वाटर स्प्रिंकलर एप्लीकेशन माउन्टेड मशीन वाहन का प्रयोग कर प्रदूषण से जिले को मुक्त बनाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

### श्रीनगर में कश्मीर मैराथन 2023 का आयोजन

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सोमवार को रन फॉर पीस कार्यक्रम 'कश्मीर मैराथन-2023' का आयोजन किया जिसमें पूरे देश के 500 से ज्यादा एथलीटों ने हिस्सा लिया। मैराथन का आयोजन श्रीनगर में बुलेवार्ड रोड स्थित लेक व्यू एनवायरनमेंटल पार्क में सिविक एक्शन प्रोग्राम के अंतर्गत किया गया। इसका मार्ग लेक व्यू पार्क गोल्फ कोर्स से निशात-फोरशोर रोड होते हुए डक पार्क तक था। कार्यक्रम में 13 विभिन्न स्पर्धाओं के विजेताओं के बीच 6,52,000 रुपये के पुरस्कार वितरित किए गए, जिसमें ऑन स्पॉट रैफल ड्रॉ विजेता भी शामिल हैं। इस अवसर पर विशेष महानिदेशक सीआईडी, जम्मू-कश्मीर, आर आर स्वाइन मुख्य अतिथि थे। उन्होंने तीन पूर्व पुलिस महानिदेशकों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलकर विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किया।

### केजरीवाल ने राष्ट्रपिता को किया नमन

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी को उनकी जयंती पर नमन करते हुए उनके आदर्शों का पालन करने का आह्वान किया। केजरीवाल ने एक्स पर लिखा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी को उनकी जयंती के अवसर पर कोटि-कोटि नमन। बापू जी के महान दृढ़ संकल्प और अहिंसा के सिद्धांत ने हमारे देश को स्वतंत्रता की ओर अग्रसर किया। आइए, हम सभी उनके आदर्शों का पालन करें और मिलकर भारत को आगे बढ़ाने के लिए काम करें। उन्होंने कहा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन। सादगी और सरलता के साथ देश की सेवा करने की उनकी दृढ़ता सदा हम सबको प्रेरित करती रहेगी।

# अक्टूबर महीने का राशिफल

### मेष (21 मार्च – 19 अप्रैल)

इस महीने आप अपने काम के सिलसिले में यात्रा कर सकते हैं। जो कोई भी व्यवसाय में है, वह विदेशों में अपने व्यवसाय का विस्तार करने की योजना बना रहा है। धन के संबंध में आपको कठिनाइयों या किसी प्रकार की वित्तीय हानि का सामना करना पड़ेगा। अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए सुनिश्चित करें कि आप कुछ दिनचर्या और एक अच्छे आहार का पालन करें। आप लोगों के आपकी पीठ पीछे बात करने के कारण अभिभूत होंगे या शायद इसलिए कि आप यह चुनने में असमर्थ हैं कि आपके लिए क्या अच्छा है। चिंता न करें कि चीजें साफ हो जाएंगी, उम्मीद न खोएं।

शुभ अंक- 3, 5
शुभ रंग- भूरा, लाल

### वृषभ (20 अप्रैल – 20 मई)

इस महीने आप महसूस करेंगे कि आपकी मेहनत रंग लाने लगी है, सुनिश्चित करें कि आपका ध्यान अपने लक्ष्यों पर है। वित्त के मामले में, आवेगपूर्ण निर्णय लेने से बचें और अनावश्यक रूप से अपना पैसा खर्च न करें। आपका स्वास्थ्य आपका समर्थन नहीं कर रहा था, कृपया आशा न छोड़ें कि सुरंग के अंत में हमेशा एक प्रकाश है। आपके आस-पास की एक महिला आपका समर्थन और मार्गदर्शन करेगी, सुनिश्चित करें कि आप उनकी सलाह को गंभीरता से लेते हैं।

शुभ अंक- 7, 9
शुभ रंग- पीला, हरा

### मिथुन (21 मई – 20 जून)

इस महीने सुनिश्चित करें कि आप अपने करियर में अतिरिक्त प्रयास करें, आपको अपने कौशल को अपग्रेड करने की भी आवश्यकता हो सकती है। वित्तीय मामलों में, एक अप्रत्याशित आय आपके रास्ते में आ रही है। आप अपने निवेश में पदोन्नति या विरासत या अच्छे रिटर्न की भी उम्मीद कर सकते हैं। यदि आप बीमार थे तो आपके स्वास्थ्य में सुधार होना शुरू हो गया है। यदि आप अपने परिवार का विस्तार करने की योजना बना रहे हैं, तो एक अच्छी खबर की उम्मीद करें। अब कुछ प्रयास करने और अपने सपनों को वास्तविकता में बदलते देखने का समय है।

शुभ अंक- 1, 2
शुभ रंग- नारंगी, पीला

### कर्क (21 जून- 22 जुलाई)

इस महीने आपके करियर में कुछ नया और अप्रत्याशित घटित होगा। एक महान अवसर आपके रास्ते में आ रहा है। वित्त के मामले में अब आपने सभी बाधाओं को पार कर लिया है। आप यात्रा भी करेंगे। आपके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है यदि आपने कुछ अतिरिक्त प्रयास किए हैं और जो लोग बीमार थे उनके लिए अब ठीक होने का समय है। एक बड़ा बदलाव या बदलाव आपके जीवन को पूरी तरह से बदल देगा। अब समय है कि आप सफल होंगे और आप अपने रास्ते में आने वाले कुछ अवसरों को भी देख सकते हैं।

शुभ अंक- 1, 5
शुभ रंग- गोल्डन, पर्पल

### सिंह (23 जुलाई – 22 अगस्त)

इस महीने आप ऊर्जा से भरे हुए हैं और बेहतर भविष्य की दिशा में कदम उठा रहे हैं। एक बुजुर्ग महिला आपका मार्गदर्शन कर सकती है या आपको एक मूल्यवान सलाह दे सकती है। आपकी वित्तीय स्थिति स्थिर है और अब आप अपने निवेश का लाभ उठाएंगे। यदि आप बीमार थे, तो अब ठीक होने का समय है। आपको सफल होने से कोई नहीं रोक सकता, आपके सभी प्रयास अब परिणाम दिखा रहे हैं। आप में से कुछ लोग यात्रा भी कर रहे होंगे।

शुभ अंक- 3, 6
शुभ रंग- भूरा, लाल

### कन्या (23 अगस्त- 22 सितंबर)

इस महीने आपके आस-पास के किसी बुजुर्ग पुरुष को आपके कार्य स्थल पर आपके लिए कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा लेकिन संवेदनशील रहें और मन लगाकर स्थिति से निपटें। यह व्यक्ति आपके लिए सबसे अच्छा चाहता है। कोई बड़ा निवेश न करें, अभी सही समय नहीं है। अपने वित्त के साथ बुद्धिमान रहें अन्यथा आपको वित्तीय नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। किसी प्रकार की चोरी हो सकती है इसलिए सावधान रहें। स्वास्थ्य के संदर्भ में, सुनिश्चित करें कि आप अपनी भावनाओं को दबाने के बजाय छोड़ दें या यह आपके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकता है। अपने विचारों को अपने ऊपर हावी न होने दें, कोई आपको धोखा दे सकता है और यह आपके लिए एक अप्रत्याशित बात थी लेकिन विश्वास रखें कि जल्द ही चीजें आपके पक्ष में हो जाएंगी।

शुभ अंक- 7, 8
शुभ रंग- सिल्वर, ग्रे

### तुला (23 सितंबर- 22 अक्टूबर)

इस महीने आपके आस-पास के किसी बुजुर्ग पुरुष को आपके कार्य स्थल पर आपके लिए कुछ चुनौतियां आएंगी लेकिन संवेदनशील रहें और मन लगाकर स्थिति से निपटें। यह व्यक्ति आपके लिए सबसे अच्छा चाहता है। वित्त के संदर्भ में किसी प्रकार के वित्तीय पुरस्कार आपके पास आ सकते हैं, लेकिन सुनिश्चित करें कि आप पैसे को कसकर न पकड़ें, कुछ दान करना सुनिश्चित करें और इसे उन लोगों को दें जो जरूरतमंद हैं। यदि आपका स्वास्थ्य ठीक नहीं था तो अब आप ठीक होने की राह पर हैं। कोई आपको हेरफेर कर सकता है या आपको धोखा दे सकता है, सुनिश्चित करें कि आप अंतर्ज्ञान पर भरोसा करते हैं क्योंकि यह आपको मार्गदर्शन करेगा कि क्या किया जाना है।

शुभ अंक- 2, 6
शुभ रंग- नीला, नारंगी।

### वृश्चिक (23 अक्टूबर – 21 नवंबर)

इस महीने करियर के मामले में कोई बड़ी सफलता या अवसर आपके पास आएगा, सुनिश्चित करें कि आप इसे पकड़ लें, भाग्य आपके पक्ष में है। यदि आपको वित्तीय मुद्दों का सामना करना पड़ा है, तो उम्मीद न छोड़ें कि पैटर्न जल्द ही समाप्त हो जाएगा और चीजें ठीक होने लगेंगी। आपके स्वास्थ्य में अब सुधार होगा, जो लोग अपने परिवार का विस्तार करने की योजना बना रहे थे, उनके लिए अच्छी खबर आ रही है। आपकी सभी इच्छाएं पूरी हो रही हैं, अब उत्सव का समय है।

शुभ अंक- 1, 9
शुभ रंग- नीला, बैंगनी

### धनु (22 नवंबर – 21 दिसंबर)

इस महीने आपके करियर के मामले में आप एक बड़े बदलाव के साक्षी बनेंगे, यदि आप पदोन्नति की उम्मीद कर रहे थे तो अब समय है। नई परियोजनाएं आएंगी जो आपको अपने करियर में बढ़ने में मदद करेंगी। आपकी वित्तीय स्थिति स्थिर है और धन के मामले में कुछ अच्छी खबर की उम्मीद है। आपके स्वास्थ्य में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा, जो लोग बीमार थे उनके लिए अब ठीक होने का समय है। आपको कुछ दर्दनाक विकल्प बनाने होंगे, लेकिन चिंता न करें, विश्वास रखें कि भाग्य आपका साथ देगा, इसलिए आशा न खोएं।

शुभ अंक- 1, 2
शुभ रंग- गोल्डन, सिल्वर

### मकर (22 दिसंबर- 19 जनवरी)

इस महीने करियर के मामले में कोई बड़ा बदलाव होगा, आपकी सारी मेहनत रंग लाएगी और आपको फलदायी परिणाम मिलेंगे लेकिन अपने कामकाजी जीवन में संतुलन बनाए रखना सुनिश्चित करें। वित्त के मामले में, आपके आस-पास की कोई बुजुर्ग महिला आपका मार्गदर्शन करेगी या आपकी आर्थिक रूप से मदद कर सकती है। आपके स्वास्थ्य में सुधार होना शुरू हो जाएगा, आप अब ठीक होने की राह पर हैं। आपका भाग्य आपका साथ देगा, आपके जीवन में कुछ नया और रोमांचक आएगा।

शुभ अंक- 6, 10
शुभ रंग- सफेद, काला

### कुंभ (20 जनवरी – 18 फरवरी)

इस महीने आपको अपने करियर में कुछ दर्दनाक विकल्पों का सामना करना पड़ेगा, आपको अपने कार्यस्थल पर संघर्ष भी हो सकता है। वित्त के मामले में, आपके निवेश आपको लाभदायक रिटर्न देंगे। आपको अपने लिए कुछ समय निकालने और अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए आराम करने की आवश्यकता है, प्रकृति में कुछ समय बिताना सुनिश्चित करें। अपने जीवन में संतुलन बनाए रखने की कोशिश करें, कोई अच्छी खबर अपने रास्ते पर है।

शुभ अंक- 2, 7
शुभ रंग- ब्राउन, पिंक

### मीन (19 फरवरी- 20 मार्च)

इस महीने आपका बॉस आपका मार्गदर्शन करेगा या हो सकता है कि वह आपके प्रति सख्त हो क्योंकि वह आपसे अधिक उम्मीद करता है, सुनिश्चित करें कि आप उसे निराश न करें। वित्त के मामले में, किसी को भी पैसा निवेश करने या देने से पहले बुद्धिमान रहें। आप में से कुछ लोग अब उनके ऋण को चुका सकते हैं। आपका स्वास्थ्य बेहतर है, स्वस्थ आहार लेना सुनिश्चित करें। आपके पास पहले से ही बहुत सारी चीजें हैं, सुनिश्चित करें कि आपके पास पहले से क्या है। किसी को अपने सच्चे गुरु से मुलाकात हो सकती है।

शुभ अंक- 4, 8
शुभ रंग- काला, हरा



आस्था एम साहनी